CMYK

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, रविवार 15 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 182 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




क्या अब भाजपा सरकार यह तय करेगी शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद पेज 2



भारत- पाक का महामुकाबला आज, बुमराह और कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार होंगे खेल टाइम्स



भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान पेज 11



प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है 'ओ रोमियो' बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### कोयला घोटाले में ईडी की कार्रवाई, 100.44 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी कोयला खनन मामले में प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100.44 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त कर ली है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत की गई है। मामला ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के लीज एरिया में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और कोयला चोरी से जुड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस पूरे रैकेट को अनूप मांझी उर्फ लाला के नेतृत्व में एक सिंडिकेट चल रहा था। आरोप है कि सिंडिकेट ने बड़े पैमाने पर अवैध खुदाई कर कोयला निकाला और फिर उसे पश्चिम बंगाल की कई फैक्ट्रियों तक पहुंचाया। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि इस काम में स्थानीय प्रशासन की सक्रिय मदद ली जा रही थी। ईडी की जांच में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। सिंडिकेट ने एक फर्जी ट्रांसपोर्ट चालान शुरू किया था, जिसे 'लाला पैड' कहा जाता था। यह चालान गैर-मौजूद कंपनियों के नाम पर टैक्स इनवॉइस की तरह जारी किया जाता था। ट्रक ड्राइवरों को फर्जी चालान के साथ 10 या 20 रुपये का एक नोट भी दिया जाता था।

### भारत-अमेरिका व्यापार मुद्दे पर राजनीति गर्माई

**नई दिल्ली/रांची।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों, कपास आयात और उसके भारतीय किसानों व वस्त्र उद्योग पर प्रभाव को लेकर खुली सार्वजनिक बहस की चुनौती दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री दुबे ने राहुल गांधी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि वह भारत-अमेरिका व्यापार और टैरिफ संरचना को लेकर बड़ा झूठ फैला रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि अमेरिकी बाजार में भारतीय परिधानों पर 18 प्रतिशत शुल्क लगता है, जबकि बांग्लादेश को शून्य शुल्क का लाभ मिलता है।

### मप्र-उप्र, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। वहीं मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2डिग्री सेल्सियस और प्रयागराज में 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया।

## नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से सेक्टर 142 तक मेट्रो गलियारे को हरी झंडी

- 11.56 किलोमीटर लंबे विस्तारित गलियारे को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा में बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक मेट्रो के 11.56 किमी लंबे विस्तारित गलियारे को मंजूरी प्रदान की है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में यहां शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को मंजूरी प्रदान की गई, जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण तथा रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को दी। श्री वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के बॉटनिकल गार्डन से नोएडा सेक्टर 142 तक विस्तारित गलियारे को मंजूरी दी है। यह गलियारा 11.56 किलोमीटर लंबा होगा और इसमें आठ एलिवेटेड स्टेशन होंगे। इस गलियारे के चालू होने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सक्रिय मेट्रो रेल नेटवर्क 61-62 किमी का हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस गलियारे का निर्माण यहां के अवसंरचना विकास में एक बड़ी तरक्की है और शहर में मेट्रो रेल नेटवर्क के बड़े विस्तार के तौर पर काम करेगा।

## अफसर रिटायर होकर 20 साल पुस्तक प्रकाशित नहीं करा सकेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार रिटायरमेंट के बाद सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए 20 साल का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस दौरान अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे। हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब विवादों में है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित




कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 प्वाइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा। हालांकि, इस पर जल्द ही आदेश जारी हो सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 4 फरवरी को संसद परिसर में पूर्व आर्मी चीफ मनोज मुकुंद नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर

**आदेश जारी कर सकती है केंद्र सरकार, पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब पर विवाद**

पहुंचे थे। पूर्व आर्मी चीफ नरवणे के मेमायर 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमायर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की, और सरकार ने इस पर कड़ा ऐतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में राहुल गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच शुरू कर दी। किताब की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा कि किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन कर कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। जनरल एमएम नरवणे 2019 से 2022 तक सेना प्रमुख रहे। उनकी आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में उनके सैन्य करियर के साथ-साथ 2020 के भारत-चीन लद्दाख सीमा विवाद, गलवान घाटी की घटनाएं, अग्निपथ योजना और रणनीतिक निर्णयों का जिक्र बताया गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्यौरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है। किताब जनवरी 2024 में पब्लिश होनी थी।

# कांग्रेस आतंकियों को कंधे पर बैठाती है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा: कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं

गुवाहाटी, वार्ता



- असम दौरे पर पीएम ने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताया
- पुलवामा में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र करते हुए कहा: भारत ने जिस तरह आतंकियों को सजा दी, वो पूरी दुनिया ने देखा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने शनिवार को असम दौरे पर जनसभा में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। पीएम मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ नीतियों का जिक्र करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत में विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता को भी रेखांकित किया।

असम में इस साल विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव की औपचारिक घोषणा से चंद हफ्ते पहले राज्य को शनिवार को विकास परियोजनाओं की सौगात मिली। बढ़ती सियासी सरगर्मियों के बीच चुनावी बिगुल फूंकते हुए पीएम मोदी ने एक तरफ जहां भाजपा के कार्यकाल में हुए फैसलों और विकास परियोजनाओं का उल्लेख किया, तो दूसरी तरफ विपक्षी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस को भी आड़े हाथ लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर आतंकियों को कंधे पर बिठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस नेता घुसपैठियों को बचाने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा के पक्ष में जनादेश का भरोसा जताते हुए कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भारी बहुमत से भाजपा की सरकार चुनेगी। कांग्रेस पर तुष्टिकरण के आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर को नजरअंदाज कर कांग्रेस पार्टी ने हमेशा फंड आवंटित करने से परहेज किया। उन्होंने भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के कार्यकाल में किए जा रहे फैसलों को रेखांकित करते हुए शनिवार को लोकार्पण के बाद खोले गए भास्कर सेतु समेत कई अन्य परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। पुलवामा आतंकी हमले की सातवीं बरसी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज ही पुलवामा हमले की बरसी है।

### मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाइपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ईएलएफ) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने। प्रधानमंत्री बोले कि जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया।

कभी नॉर्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया। डेमो 30 मिनट तक चला। पीएम ने इसके बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन किया। पीएम मोदी का यह पिछले तीन महीने में तीसरा असम दौरा है।

# जज अपनी सीमाएं पहचानें, गलतियों से सीखें: सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**कॉमनवेल्थ देशों के जजों की बैठक में कहा**



- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को नुकसान
- CJI ने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिल्कुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स (सीजेई) की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं। सीजेआई ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है। जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है, जो दुनिया के साथ बदलता है।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी, ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

**नई दिल्ली।** असम में ब्रह्मपुत्र नदी से नीचे दो ट्यूब वाली सुरंग बनेगी, जिसके एक ट्यूब से सड़क और दूसरी से रेलवे लाइन गुजरेगी। मंत्रिमंडल के आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई।

# ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान: राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18 फीसदी टैरिफ बनाम 0 फीसदी समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस पर भ्रम फैला रहे हैं और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं। राहुल गांधी बोले- अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग तबाह हो जाएगा। पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0 फीसदी टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें। राहुल गांधी ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18 फीसदी टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया, अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल, पोस्ट में राहुल गांधी

**सोशल मीडिया पोस्ट में बोले- व्यापार समझौता आगे कुआं, पीछे खाई की हालत में फंसाने वाला जाल**

बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा और अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने वीडियो में यह भी कहा कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं। करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। इन क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जो कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती, लेकिन इसके ठीक उलट, नरेंद्र 'सरेंडर' मोदी और उनके मंत्रियों ने ऐसा समझौता किया है, जो दोनों क्षेत्रों को गहरी चोट पहुंचाने वाला साबित हो सकता है।



# पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा

न्यूयॉर्क, वार्ता

- दोषी भारतीय नागरिक ने न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला
- 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा

**खालिस्तानी आतंकी** गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई। निखिल ने अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। एफबीआई के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया। यूएस अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर- फॉर- हायर, मर्डर-फॉर- हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू को भारत सरकार ने एक जुलाई 2020 को यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। उस पर भारत में अलगाववाद को बढ़ावा देने का आरोप है। पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री, खड़गे ने पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पुलवामा आतंकवादी हमले में शहीद बहादुर सुरक्षाकर्मियों को शनिवार को उनके बलिदान के लिए नमन किया। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पुलवामा आतंकवादी हमले में जान गंवाने वाले बहादुर सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री राधाकृष्णन ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में सदैव अंकित रहेगा। उन्होंने कहा कि उनका बलिदान प्रत्येक नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में इसी दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को याद किया और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी।

### एसएससी एमटीएस में नकलची गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (मेरठ यूनिट) और उत्तराखंड एसटीएफ की संयुक्त टीम ने देहरादून के कोतवाली क्षेत्र में एसएससी एमटीएस (मल्टी टास्किंग स्टाफ) परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नीतीश कुमार निवासी ग्राम सुरजीपुर, पोस्ट भाटपाररानी, जनपद देवरिया यूपी तथा भास्कर नैथानी निवासी मोहल्ला सरस्वतीपुरम, लेन नंबर 4, पोस्ट नाथ वाला, जनपद देहरादून (उत्तराखंड) के तौर पर हुई है। इन्होंने प्रॉक्सी सर्वर सेटअप कर रिमोट एक्सेस के जरिए प्रश्नपत्र हल कराए।

# शंकराचार्य पर टिप्पणी को लेकर अखिलेश यादव का हमला, वाणी ही खोलती है पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुआवजा वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी द्धसपाऋ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शंकराचार्य पर की गई कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि पहन ले कोई जैसे भी 'चोले', पर उसकी वाणी पोल खोले। शंकराचार्य के संबंध में अपमानजनक शब्दों का प्रयोग शाब्दिक हिस्सा है और यह पाप की श्रेणी में आता है। अखिलेश यादव ने अपने एक्स हैंडल पर ट्वीट करते हुए कहा है कि ऐसे बयान देने वाले के साथ-साथ सदन में मेज थपथपाकर समर्थन करने वाले भी नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब भाजपा विधायक जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें जवाब देना पड़ेगा। जनता सड़क पर उनका सदन लगा देगी। सपा प्रमुख ने महाकुंभ से जुड़े मुद्दों को भी उठाते हुए आरोप लगाया कि मौतों के सही आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए और मुआवजे के वितरण में पारदर्शिता नहीं बरती गई। उन्होंने सवाल किया कि जिन पीड़ितों तक मुआवजा नहीं पहुंचा, उसका पैसा कहां गया। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन पर खुद मुकदमे रहे हों, वे दूसरों के 'धर्म-पद' पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं रखते।

### भाजपा सरकार तय करेगी, शंकराचार्य कौन होगा: अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** सीएम योगी द्वारा विधानसभा में शंकराचार्य के मुद्दे पर दिए गए बयान के बाद शनिवार को काशी से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीऔर कहा कि सीएम के बयान से ऐसा प्रतीत होता है कि जिसे वे प्रमाण-पत्र देंगे, वही शंकराचार्य कहलाएगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि क्या अब बीजेपी या यूपी सरकार यह तय करेगी कि शंक. राचार्य कौन होगा।

# नॉर्थ-साउथ ब्लॉक से सेवातीर्थ व कर्तव्य भवनों में स्थानांतरण की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी, आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक से प्रधानमंत्री कार्यालय को 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानान्तरण को मंजूरी प्रदान कर दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि नए प्रधानमंत्री कार्यालय का नामकरण 'सेवातीर्थ' किया गया है। मोदी ने शुक्रवार को इसे राष्ट्र को समर्पित किया था। साउथ और नार्थ ब्लॉक का निर्माण अंग्रेजों ने भारत को गुलामी की बेड़ियों में जकड़े रहने के लिए किया था। वर्ष 1947 में भारत को गुलामी से तो मुक्ति मिली, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन भवनों से ही अपने कार्यों का निष्पादन किया। प्रधानमंत्री कार्यालय भी साउथ ब्लॉक के इस भवन से कार्य करता रहा है। शुक्रवार को अंतिम बार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई। अब मंत्रिमंडल की बैठकें सेवातीर्थ में होंगी। साउथ ब्लॉक परिसर ने गुलामी से आज़ादी और फिर स्वतंत्र भारत की अनेक ऐतिहासिक घटनाओं को देखा है, गढ़ा है। इस परिसर ने देश के 16 प्रधानमंत्रियों के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले होते देखे हैं। बीते दिनों में यहां मंत्रिमंडल की बैठकों में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साउथ ब्लॉक के इन कमरों ने विभाजन की विभीषिका भी देखी, युद्ध और आपातकाल की चुनौतियों को भी देखा और शांतिकाल की नीतियों पर भी चिंतन और मनन किया। इन्होंने टाइपराइटर से लेकर डिजिटल गवर्नेंस तक, तकनीक की लंबी छलांग को महसूस किया है। आज का भारत दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारत आज एक सुरक्षित और सक्षम राष्ट्र के रूप में उभरकर सामने आया है और देश विकसित भविष्य के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसके लिए एक आधुनिक, तकनीकी और पर्यावरण के प्रति अनुकूल कार्यालय की आवश्यकता थी। नया परिसर एक ऐसा कार्यक्षेत्र है, जो यहां काम करने वाले हर कर्मयोगी की उत्पादकता बढ़ाए, सेवाभाव के उसके संकल्प को प्रोत्साहित करे। इसी भाव के साथ साउथ ब्लॉक के उद्घाटन के करीब 95 वर्षों के बाद, 13 फरवरी 2026 से सरकार इन भवनों को खाली कर रही है और 'सेवातीर्थ' तथा 'कर्तव्य भवनों' में स्थानांतरित हो रही है। यह प्रतीकात्मक रूप से गुलामी के अतीत से 'विकसित भारत' के भविष्य की ओर बढ़ने की ओर देश का एक और कदम है। नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को 'युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय' का हिस्सा बनाया जाए। यह हमारी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। यह संग्रहालय, हमारी सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाएगा और हमारे गौरवशाली अतीत को समृद्ध भविष्य से जोड़ेगा।

## नौकरी की गारंटी होगी वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री: योगी

# युवाओं को मिलेगा रोजगार, किसानों की आय बढ़ेगी

गोरखपुर, वार्ता



■ आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे, आज दुनिया के सामने पर्यावरण सबसे बड़ी चुनौती: मुख्यमंत्री

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर के कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी।

योगी ने शनिवार को गोरखपुर के जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे और साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज की संख्या कम होती जा रही और वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। योगी ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा।

### गलत जांच रिपोर्ट लगाई, तो दर्ज होगी एफआईआर

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। योगी ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देश दिया कि हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और आश्वस्त किया कि हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उतरी अखिल भारतीय संत समिति

**वाराणसी।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और सीएम योगी आदित्यनाथ के बीच विवाद के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि कान छिदवाने से और भगवा पहन लेने से कोई योगी नहीं हो जाता। इस बयान पर अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने तीखी प्रतिक्रिया दी। अखिल भारतीय संत समिति ने अखिलेश के बयान की घोर निंदा की है। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि सपा नेता किसी के साधु, संत या संन्यासी होने का प्रमाण-पत्र नहीं बांट सकते। शंकराचार्य पद को लेकर जो सवाल हैं, जिनके गुरु के नाम से उच्चतम न्यायालय में केस अभी निर्णय तक नहीं पहुंचा है।

# सुषमा स्वराज ने सत्ता को सेवा के प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ योगी ने भाजपा नेता की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यो**गी आदित्यनाथ ने भारतीय राजनीति के क्षितिज पर अपनी विद्वत्ता, शालीनता और ओजस्विता की अमिट छाप छोड़ने वाली 'पद्म विभूषण' से सम्मानित वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का जीवन भारतीय राजनीति में शुचिता, सामर्थ्य और संवेदना की ऐसी त्रिवेणी था, जिसने सत्ता को 'सेवा' के उच्चतम प्रतिमानों पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा, संवाद और समर्पण की जो परंपरा स्थापित की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणोत बनी रहेगी। योगी ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना के साथ उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और देशवासियों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करता रहेगा। गौरतलब है कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज का आज जन्मदिन है। भले ही वह इस दुनिया में ना हो लेकिन लोगों के मन में आज भी उनकी एक अच्छी छवि है। हरियाणा के अंबाला में जन्मीं सुषमा जी ने 52 दिनों के छोटे कार्यकाल के लिए दिल्ली की सीएम के रूप में काम किया। इस पद पर आसीन होने वाली वह पहली महिला थीं। । सुषमा स्वराज का जन्म 14 फरवरी 1952 को पंजाब द्धअब हरियाणाऋ के अंबाला छावनी में एक ब्राह्मण परिवार में हरदेव शर्मा और श्रीमती लक्ष्मी देवी के घर हुआ था।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार



सेंसेक्स 83674.92
निफ्टी 25807.20



सोना 155920
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)



चांदी रु. 242433
प्रति किलो



# एक लाख करोड़ के अर्बन चैलेंज फंड को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

नई दिल्ली, वार्ता

■ यूसीएफ परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये देगी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरों में बुनियादी ढांचों के विकास के लिए एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) को मंजूरी प्रदान की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि यूसीएफ के तहत परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार कुल एक लाख करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देगी, जिससे चार लाख करोड़ रुपये के बुनियादी ढांचों का विकास होगा। केंद्र सरकार यूसीएफ से परियोजना राशि के 25 प्रतिशत के बराबर योगदान देगी, बशर्ते कम से कम 50 प्रतिशत राशि बाजार से म्यूनिसिपल बॉन्ड, बैंक लोन और सार्वजनिक-निजी साझेदारी (पीपीपी) के जरिए जुटाई गई हो। शेष राशि का योगदान राज्य सरकारें और शहरी निकाय अपनी तरफ से या अन्य माध्यमों से कर सकते हैं। इसके लिए 10 लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी शहर पात्र होंगे। ऐसे शहरों की अनुमानित संख्या 2,025 है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के मामले में आबादी की कोई सीमा नहीं है। इसके अलावा एक लाख या उससे अधिक की आबादी वाले सभी मुख्य औद्योगिक शहर भी यूसीएफ का लाभ लेने के पात्र होंगे। राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारें अपनी परियोजनाओं में वित्तीय मदद के लिए केंद्र के पास आवेदन करेंगी जिनके समाज और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभावों के आंकलन के आधार पर उसे यूसीएफ के तहत वित्तीय मदद देने या न देने का फैसला किया जाएगा।

## सोना और चांदी धड़ाम, दोनों धातुओं की कीमत गिरी

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी खरीदारों के लिए बड़ा मौका है। सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट आई है। सोना करीब 3 हजार रुपये तक सस्ता हो गया है, जबकि चांदी के दाम 16,700 रुपये कम हो गए हैं। ये लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट है। बुलियन मार्केट में हाजिर सोने का भाव 1.55 लाख रुपये/10 ग्राम से करीब 3,000 रुपये कम होकर 1.52 लाख रुपये/10 ग्राम रह गया है, ये भाव 24 कैरेट गोल्ड का है। दूसरी ओर चांदी के दाम 16 हजार रुपये से ज्यादा गिर गए हैं और इसका भाव 2,59,133 रुपये/किलो से अब 2,42,433 रुपये/किलो हो गया है।

शनिवार को दिल्ली के स्थानीय ज्वैलरी मार्केट में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,920 रुपये/10 ग्राम के करीब चल रहा है, वहीं ज्वैलरी बनवाने वाले 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,940 रुपये/10 ग्राम चल रहा है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये/10 ग्राम के भाव बिक रहा है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के अनुसार 24 कैरेट सोने का भाव, 1,55,650 से गिरकर 1,52,765 प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमतों में भी जोरदार गिरावट दर्ज की गई है। एक किलो चांदी का भाव 16,700 घटकर 2,42,433 हो गया है, जबकि पहले यह 2,59,133 के स्तर पर था। वायदा बाजार और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी देखी जा रही है।

# चावल सस्ता, चीनी हुई महंगी दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए। गेहूं में टिकाव रहा जबकि चीनी की कीमत बढ़ गई। दालों और खाद्य तेलों की कीमतों में उतार. चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 106 रुपये घटकर 3,753 रुपये प्रति क्विंटल पर रही।

गेहूं की कीमत 2,856 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। आटा 23 रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में उतार. चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 83 रुपये सस्ती हुई। चना दाल 68 रुपये और तुअर दाल 29 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। वहीं, उड़द दाल 20 रुपये और मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 186 रुपये और पाम ऑयल 173 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल 78 रुपये और सरसों तेल 55 रुपये मजबूत हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 38 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। वनस्पति 32 रुपये सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव चार रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 22 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल. दलहन: दाल चना 7717.18 रुपये, मसूर काली 8021.25 रुपये, मूंग दाल 10136.12 रुपये, उड़द दाल 10648.94 रुपये, तुअर दाल 11055.72 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलऋ गेहूं दड़ा 2855.71 रुपये और चावल 3752.76 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3340.61 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4316.55 रुपये और गुड़ 4982.94 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हमें वफादारी के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं: ओवैसी



वंदे मातरम् विवाद पर बोले ओवैसी बाबरी पर फैसला गलत था

**नई दिल्ली।** हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी से एक न्यूज एजेंसी के साथ इंटरव्यू में देशभर की राजनीति, संसद सत्र और वंदे मातरम विवाद को लेकर कई बाते कहीं हैं। उन्होंने नो-कॉन्फिडेंस मोशन और लोकसभा में राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज मोशन पर कहा कि न तो मुझसे पूछा गया और न ही मैंने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ नो-कॉन्फिडेंस मोशन पर साइन किया। प्रिविलेज मोशन में कुछ भी नहीं है और कुछ नहीं होगा।

उन्होंने वंदे मातरम विवाद पर कहा कि हमारा संविधान 'हम लोग' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि भारत माता की जय से नहीं, संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आजादी के बुनियादी अधिकार की गारंटी देता है। क्या वे राष्ट्रगान खत्म करना चाहते हैं! मेरे धर्म की आजादी का क्या? हमें वफादारी के किसी सर्टिफिकेट की ज़रूरत नहीं है। मातरम विवाद संघ और बीजेपी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कि जिस तरह से बीजेपी और आरएसएस देश को आगे बढ़ा रहे हैं, यह एक धार्मिक देश बन जाएगा। असम सीएम हेमंता बिस्वा की वीडियो पर ओवैसी ने कहा कि यह नरसंहार है। अगर मैंने वह वीडियो बनाया होता, तो सोचो देश में क्या होता, कोई उससे सवाल नहीं कर रहा, वह एक ऑटो ड्राइवर से कह रहा है कि अगर वह मियां है, तो उसे 2 रुपये कम दो। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि मुझे अब भी लगता है कि बाबरी मस्जिद पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। अब संभल, काशी, मथुरा, मध्य प्रदेश भी खुल गए हैं। जस्टिस जेएस वर्मा ने सही कहा कि सुप्रीम कोर्ट सुप्रीम है, लेकिन गलती न करने वाला नहीं है। ओवैसी ने योगी के बयान में

## कानपुर में कोडीन कफ सिरप मामले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**कानपुर।** कोडीन कफ सिरप मामले में पुलिस ने 25 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ अक्टूबर में एफआईआर दर्ज की गई थी।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि 12 अक्टूबर को औषधि विभाग की ओर से छापेमारी में देवनगर के रहने वाले आरोपी सुमित केसरवानी के अनवरगंज स्थित मेडिकल स्टोर से भारी मात्रा में कोडीन कफ सिरप व अल्पराजोलम टैबलेट्स बरामद की गई थीं। आरोपी पर विभाग की ओर से एनडीपीएस एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि मेडिकल स्टोर संचालक ने दवाइयों की खरीद-बिक्री संबंधी डिजिटल डाटा को डिलीट कर दिया था। संचालक द्वारा कई फर्जी फर्में बनाकर दवाइयों व कोडीन सिरप को जमकर बेचा गया। शहर में कोडीन कफ सिरप मामले को लेकर दो दिनों पहले ही सारनाथ थाना पुलिस टीम ने कानपुर निवासी मुख्य अभियुक्त विनोद अग्रवाल की 5.18 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया था। इस मामले में आरोपी विनोद अग्रवाल को भी अरेस्ट कर जेल भेजा जा चुका है। डीसीपी क्राइम श्रवण सिंह ने बताया कि अब जिन अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो गई है, उनसे पूछताछ के बाद इस पूरे गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा। आरोपियों ने पूछताछ में कई अहम जानका. रियां दी हैं।

# अब यूपी में 25 साल पुराने मकान तोड़कर बनाए सकेंगे अपार्टमेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ यूपी में जर्जर सोसाइटी का होगा रीडेवलपमेंट
■ शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी

**लखनऊ।** योगी सरकार ने राज्य में 25 साल पुराने जर्जर भवनों और तीन साल से बंद पड़े उद्योगों को तोड़कर उनके स्थान पर हाउसिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने रास्ता साफ कर दिया है। सरकार ने इसके लिए शहरी पुनर्विकास नीति-2026 को भी मंजूरी दे दी है।

शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत यह प्रोजेक्ट उन्ही मकान और भवन पर लागू होगा, जो 1500 वर्ग मीटर भूमि पर बने हुए होंगे। पहले प्राधिकरण की तरफ से उनका स्ट्रक्चर ऑडिट किया जाएगा। इसमें देखा जाएगा कि मकान किस स्थिति तक जर्जर हो चुका है। मकान या भवन की स्थिति देखकर प्राधिकरण इसके रीडेवलपमेंट की अनुम. ति दे देगा। हालांकि एकल आवासीय या एकल भवन सरकार के इस नीति के दायरे में नहीं आएंगे। विकास प्राधिकरणों की तरफ पुनर्विकास योजना का काम खुद करना होगा। सरकार के फैसले के मुता. बिक लीज पर आवंटित भूमि जैसे नजूल भूमि, इंप्रूवमेंट ट्रस्ट और अन्य शासकीय भूमि जिसके फ्री-होल्ड में परिवर्तन नहीं हुआ है, उन्हें भी ऐसे किसी योजना और प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता है। हालांकि तीन साल से बंद पड़े उद्योग और घाटे में चल रही इकाइयों पर हाउ. सिंग सोसायटी बसाने या फिर अपार्टमेंट बनाने की अनुमति दी जा सकेगी। नॉन कन्फर्मिंग उद्योगों, , शासकीय, निगमों की खाली, कारागार, बस टर्मिनल, डिपो (बस स्टॉप छोड़कर) पर भी ये योजना लागू हो सकेगी। हाउसिंग सोसाइटी और रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटी भी सरकार के इस योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्हें इसमें शामिल होने के लिए संबंधित विकास प्राधिकरणों को आवेदन देना होगा। हालांकि इसके लिए सोसाइटी के दो तिहाई सदस्यों की अनुमति आवश्यक है। अप्रूवल मिलने के 6 महीने के अंदर वहां रहने वालों से घर खाली कराना होगा और 1 साल के अंदर काम शुरू कराना होगा। शहरी पुनर्विकास नीति-2026 के तहत हो रहे निर्माण काम तो तीन साल के भीतर पूरा करना होगा, ऐसा नहीं होने पर दो साल का विस्तार दे दिया जाएगा। ईडब्ल्यूएस व एलआईजी के 10-10 फीसदी मकान बनाने पर शेल्टर फीस में छूट दी जाएगी। इसके अलावा अगर कोई भवन तोड़ा जाता है, उसे फिर से नया बनाया जाता है, तो वहां रहने वालों को दूसरे स्थानों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी या किराया दिया जाएगा। भवन फिर से तैयार होने पर मकान के आवंटन पहले की ही तरह किए जाएंगे। अगर ऐसा संभव नहीं होता है, तो लॉटरी सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा।

# रिश्तों को शर्मसार करने वाली चोरी

## बहन के घर से लाखों के जेवरात उड़ाए, पुलिस ने तीन आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव नींदड़ू से रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर देने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक कलयुगी भाई ने अपनी ही सगी बहन के घर को निशाना बनाते हुए उसकी गैरमौजूदगी में लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की शिकायत पीड़ित बहनोई द्वारा धामपुर कोतवाली में दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया समस्त माल बरामद कर लिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही मोहल्ला नाजिर नगर निवासी मौहम्मद इस्तेखार 12 फरवरी को अपने परिवार के साथ बहन के घर नहटौर गए हुए थे। इसी दौरान घर सूना पड़ा था। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर गांव के ही तीन युवक घर में घुस आए और अलमारी में रखे सोने-चांदी के कीमती आभूषण चोरी कर ले गए।

शाम को जब परिवार वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और अलमारी से जेवरात गायब थे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके आधार पर संदेह के घेरे में आए मौहम्मद इस्तेखार के साले समेत दो अन्य युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर चोरी गया पूरा सोना-चांदी का सामान बरामद कर लिया गया।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस घटना के बाद गांव में चर्चा का माहौल है। लोग यह जानकर हैरान हैं कि खून के रिश्तों को भी लालच ने शर्मसार कर दिया।

धामपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार का कहना है कि मामले में सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। समय रहते चोरी का खुलासा होने और आभूषण बरामद हो जाने से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# ऑनलाइन बकरा बिक्री के नाम पर एक लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कोतवाली धामपुर क्षेत्र में एक महिला के साथ ऑनलाइन ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। फेसबुक पर बकरे खरीदने के नाम पर साइबर ठगों ने करीब 1 लाख 7 हजार 900 रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिसके बाद जांच शुरू कर दी गई है।

पीड़िता गुलशन परवीन पत्नी फुरसान अली निवासी मौहल्ला पक्काबाग, धामपुर ने बताया कि उसका पुत्र आहद अली फेसबुक पर बकरों की खरीदारी से संबंधित एक पोस्ट देख रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति से संपर्क हुआ, जिसने दो बकरों को बेचने का झांसा दिया। बातचीत के दौरान आरोपी ने बकरों की कीमत तय कर ऑनलाइन भुगतान कराने को कहा।

आरोप है कि ठग ने बार-बार अलग-अलग खातों व यूपीआई

### पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

नंबरों पर पैसे ट्रांसफर कराए। पीड़िता ने कुल मिलाकर 1,07,900 रुपये विभिन्न किश्तों में ट्रांसफर कर दिए। पैसे लेने के बाद आरोपी ने बकरे देने से इंकार कर दिया और फिर अतिरिक्त 26 हजार रुपये की मांग करने लगा। जब और पैसे देने से मना किया तो आरोपी ने मोबाइल नंबर बंद कर दिया।

पीड़िता को जब ठगी का अहसास हुआ तो उन्होंने कोतवाली धामपुर में लिखित शिकायत दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में साइबर ठगी को लेकर लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से लेन-देन करते समय सतर्क रहें और बिना सत्यापन के ऑनलाइन भुगतान न करें।

## एक नजर

### डीएम ने कांवड़ यात्रियों पर बरसाए फूल



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा तहसील नजीबाबाद क्षेत्रांतर्गत मोटा एवं भागूवाला स्थित कांवड़ शिविर पहुंचकर कांवड़ यात्रियों पर फूल बरसाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रियों को यथासंभव सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और सेवाभाव से उनकी सहायता भी करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन शिविरों में कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए खान-पान या अन्य खाद्य सामग्री क्रय अथवा नि:शुल्क वितरित की जा रही है। उसकी गुणवत्ता की नियमित रूप से चैकिंग की जाए ताकि फूड प्वाइजनिंग का कोई भी प्रकरण उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने रास्ते में पढ़ने वाले सभी पुलिस थानों एवं अस्पतालों के संबंध में निर्देश दिए कि यदि कोई कांवड़ यात्री सहायता अथवा चिकित्सा सुविधा के लिए उनके पास आए प्राथमिकता के आधार पर उनको अपनी सेवाएं उपलब्ध कराई जाए तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण



**बिजनौर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा जिला के विधानसभा क्षेत्र बिजनौर और नहटौर के विभिन्न बूथ पर निरीक्षण कर लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज के निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई का कार्य संचालित है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदाता केंद्र पर संबंधित बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा नोटिसों पर सुनवाई की जा रही है तथा मतदाताओं से नोटिस से संबंधित अभिलेख भी बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा सत्यापित कर जमा किए जा रहे हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई करते हुए फोटोग्राफी भी कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज नोटिस की सुनवाई के कार्य तेजी के साथ संपन्न कराएं ताकि निर्धारित समय अवधि में उक्त कार्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि सुनवाई के दौरान बूथ लेबिल अधिकारियों को संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराते हुए फोटो भी खिंचवाएं और जो प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए गए हैं, उनको बीएलओ से सत्यापित कराकर ही जमा करें ताकि उन्हें भविष्य में कोई असुविधा न होने पाए।

### बाइक से टकराकर युवक घायल




**अफजलगढ़।** सड़क पार रहे भूपेंद्र सिंह (30 वर्ष) पुत्र दयाराम सिंह, ग्राम लेदरपुर, थाना शेरकोट निवासी सामने से आ रही बाइक से टकरा कर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वह सड़क पर प्लास्टिक बिनने का काम करता था। सामने से आ रहे बाइक सवार बलवन्त सिंह (50 वर्ष) पुत्र सोहराब सिंह निवासी ग्राम हरियाना, थाना धामपुर, थाना रेहड़, क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर उर्फ भगतावाला स्थिति मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह से शिरकत कर अपने गृह निवास वापसी कर रहे थे। घटना में बलवंत सिंह भी घायल हो गए। कांवड़ यात्रा की ड्यूटी पर तैनात उप निरीक्षक कमरूल हसन खान व हेड कांस्टेबल राकेश कुमार यादव ने तत्काल पीसीआर 112 को फोन कर घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को छुट्टी दे दी गई।

# आईपीएस अभिषेक का दो साल का कार्यकाल बेमिसाल : पाशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद बिजनौर में कानून व्यवस्था की कमान संभाल रहे पुलिस अधीक्षक अभिषेक का दो वर्षीय कार्यकाल उपलब्धियों, सख्ती और संवेदनशील पुलिसिंग के लिए याद किया जाएगा। उनके इस बेमिसाल कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय विकलांग एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने कहा कि उनके नेतृत्व में चलाया गया अपराध उन्मूलन अभियान न केवल प्रभावी रहा, बल्कि अपराधियों के बीच पुलिस का खौफ भी साफ नजर आया।



अपने कार्यकाल के दौरान कप्तान अभिषेक ने यह साबित किया कि मजबूत नेतृत्व, त्वरित कार्रवाई और टीम वर्क से किसी भी जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। बदमाशों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने मुठभेड़ों और धरपकड़ के जरिए अपराधियों को कड़ा संदेश दिया 'गोली मारोगे तो गोली खाओगे' की नीति को सख्ती से लागू किया गया। परिणामस्वरूप कई वांछित अपराधी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे और अपराध पर प्रभावी अंकुश लगा। पुलिस अधीक्षक की सबसे बड़ी विशेषता उनकी मौके पर तत्काल उपस्थिति रही। किसी भी बड़ी घटना पर स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करना, टीम का मनोबल बढ़ाना और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा रहा। इससे न केवल पुलिस बल का आत्मविश्वास बढ़ा, बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा की भावना मजबूत हुई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक के नेतृत्व में जनपद में सभी धर्मों के त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराए गए। उन्होंने सामाजिक समरसता

### अपराधियों में खौफ जनमानस में विश्वास

बनाए रखने के लिए लगातार संवाद और निगरानी की रणनीति अपनाई।

महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला शक्ति मिशन के अंतर्गत थानों और चौकियों पर विशेष बैठकें आयोजित की गईं। छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों के आसपास गश्त बढ़ाई गई और जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। दिव्यांगजन, बुजुर्ग और गरीबों को न्याय दिलाने के लिए भी पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाई।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.आर. पाशा ने पुलिस अधीक्षक के दो साल पूर्ण होने पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यप्रणाली प्रेरणादायक है और ऐसे ही कप्तान पुलिस विभाग की शान होते हैं, जो जनता में विश्वास और अपराधियों में भय पैदा करते हैं।

जनपद बिजनौर में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग, त्वरित अनावरण और जनसहभागिता इन सभी मोर्चों पर आईपीएस अभिषेक का कार्यकाल एक मिसाल बन चुका है। उम्मीद की जा रही है कि आगे भी उनका नेतृत्व इसी तरह जनपद को सुरक्षित और सशक्त बनाए रखेगा।

# शिवभक्तों की सेवा में जुटे दीपक गर्ग मोनू

### महाशिवरात्रि पर कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिजनौर-हरिद्वार मंडावर मार्ग पर पिछले 12 वर्षों से निरंतर आयोजित किए जा रहे कांवड़ सेवा शिविर में इस वर्ष भी शिवभक्तों की सेवा की गई।



भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व सभासद दीपक गर्ग मोनू के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में हरिद्वार से गंगा जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें जलपान, शीतल पेय एवं आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लेकर कांवड़ियों की सेवा की। आयोजक दीपक गर्ग मोनू ने बताया कि यह सेवा शिविर पिछले 12 वर्षों से निरंतर संचालित हो रहा है और आगे भी इसी प्रकार श्रद्धालुओं की सेवा जारी रहेगी। दीपक गर्ग मोनू ने कहा कि कांवड़ियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है और सभी शिवभक्तों की सुविधा व सुरक्षा के लिए हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। इस दौरान ब्रजमोहन विश्नोई, रविन्द्र पाल, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा, नानक चंद खेड़ा, मान्या गर्ग, जॉनी राजपूत, हैप्पी, यश, राजीव शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम तेज

## 17 फरवरी को लखनऊ पहुंचने की अपील, विधानसभा घेराव का ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) में प्रस्तावित बदलावों के विरोध में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' तेज कर दिया है। पार्टी ने 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव का ऐलान किया है।



कांग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि केंद्र सरकार इस कानून को कमजोर कर गरीबों के रोजगार और जीवन-यापन की गारंटी को प्रभावित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक सड़क से संसद तक यह लड़ाई जारी रहेगी।

कांग्रेस नेताओं ने जानकारी दी कि लगभग 20 वर्ष पहले यूपीए-एक सरकार ने मनरेगा लागू कर काम के अधिकार को साकार किया था। यह कानून ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करता है। कोविड-19 जैसे संकट के दौरान यह कानून ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण सहायक सिद्ध हुआ था।

पार्टी का आरोप है कि भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन-यापन की गारंटी देने वाले इस कानून को कमजोर करने का प्रयास कर रही है।

कांग्रेस ने तीन जनवरी से पूरे देश में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' शुरू किया है और पिछले एक महीने से गांधीवादी तरीके से विरोध प्रदर्शन जारी हैं। प्रदेश भर में 5000 से अधिक ग्राम स्तर पर 'मनरेगा बचाओ चौपाल' आयोजित की जा रही हैं, जिनमें अब तक 75 जिलों में कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं।

संग्राम के दूसरे चरण में 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव की घोषणा की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वह राज्य सरकार को बताएंगे कि केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही है। किए जा रहे बदलाव संविधान को कमजोर करने का प्रयास हैं। पार्टी ने 17 फरवरी को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह के साथ नगर अध्यक्ष हुमायूं बेग, मौहम्मद सलीम (मनरेगा कॉर्डिनेटर), दीपक कुमार, अनिल त्यागी, काजी आतिफ अली और गुलढाण कुमार सहित अन्य नेता उपस्थित रहे।

# हादसे में दो कांवड़ती घायल

**नांगल सोती।** संजय कुमार निवासी मारकपुर थाना कोतवाली शहर बिजनौर अपने जीजा सोनू कुमार निवासी तख्तपुर थाना चांदपुर के साथ हरिद्वार से गंगा जल लेकर बाइक से लौट रहे थे। सौफतपुर बिजली घर के सामने उनकी बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे दोनों बाइक सवार कांवड़ती गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेजा। घायल संजय कुमार की हालत को नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर मेरठ रैफर कर दिया।

# पुलवामा शहीदों की याद में कैंडिल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल में पुलवामा हमले के शहीदों को याद करते हुए कैंडिल मार्च निकाला गया। इस दौरान युवाओं ने अमर शहीदों को याद करते हुए उनके सम्मान में नारे लगाए।

आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में आतंकियों ने कायराना हमला करते हुए

### युवाओं ने अमर शहीदों के सम्मान में लगाए नारे

40 से अधिक जवानों को शहीद कर दिया था। वहीं 70 से अधिक से जवान गम्भीर रूप से घायल हो गए थे। शनिवार को 7 वर्ष पूर्ण होने पर युवाओं ने नांगल के मुख्य बाजार में अमर शहीदों की याद में कैंडिल मार्च निकाला और अमर शहीदों की याद में राष्ट्रभक्ति से भरे नारे लगाए। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हेमेंद्र चौधरी, फौजी सुशील शुक्ला, जितेंद्र परमार, अमित अग्रवाल, ज्ञान सिंह, मनोज अहलावत, प्रमोद कुमार, राहुल कश्यप, पवन सैनी, विनीत गोस्वामी, विनय कुमार, मौहम्मद सुभान, आदि सैकड़ों युवा मौजूद थे।

# गैर भाजपाई वोटों का बंटवारा धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा : इफ्तेखार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पीस पार्टी के जिलाध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा कि चुनावों में गैर भाजपाई वोटों का बंटवारा धर्मनिरपेक्षता के लिए खतरा है।



उन्होंने एक बयान में कहा कि कुछ राजनीतिक दल पर्दे के पीछे से भाजपा की मदद कर रहे है। इन दलों के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा ऐसी जहरीली बयानबाजी की जाती है कि उससे भाजपा के पक्ष में वोटों का ध्रुवीकरण हो जाता है और गैर भाजपाई वोटर इन नेताओं की शातिर चाल को समझ नहीं पाते है और मतदान के दिन बिखर जाते है। जिसका सीधा फायदा भाजपा को पहुंचता है। उन्होंने कहा कि जहरीली बयानबाजी करने वाले इन नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही भी नहीं की जाती है। जिससे साफ जाहिर है कि इन नेताओं का पाला जा रहा है। इन दलों ने बिहार विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए खेल किया था और अब प्रदेश के चुनाव से पहले भी इस तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि गैर भाजपाई मतदाताओं और खास कर मुस्लिम मतदाताओं को इस साजिश से खबरदार रहने की जरूरत है।

### भाजपा की पर्दे के पीछे से मदद कर रहे कुछ दल

उन्होंने कहा कि पीस पार्टी इस तरह की राजनीति नहीं करती है। पीस पार्टी ने कभी भी किसी प्रत्याशी को ब्लैकमेल नहीं किया है। उनकी पार्टी भाईचारा और साम्प्रदायिक सौहार्द पर यकीन रखती है। पीस पार्टी ने कभी भी साम्प्रदायिक ताकतों को मजबूत करने का कोई काम नहीं किया है। पीस पार्टी सकारात्मक राजनीति करती है। उन्होंने गैर भाजपाई दलों का आह्वान करते हुए कहा कि वह ऐसा कोई काम न करे, जिससे धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे के लिए खतरा पैदा हो।

# यात्रियों को बताए हज के अरकान

## हज ट्रेनिंग व टीकाकरण कैंप में 328 हज यात्रियों को दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हज कमेटी द्वारा हज ट्रेनिंग एवं टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें हज पर जाने वाले 328 हज यात्रियों को हज के अरकान (रीति-रिवाज) विस्तार से बताए गए तथा उनका आवश्यक टीकाकरण भी किया गया।



चांदपुर रोड स्थित पेरिस गार्डन में हज कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हज कमेटी सदस्य हाफिज ऐजाज उर्फ शाहीन अंसारी का हज कैंप मुख्य संयोजक एवं भाजपा युवा नेता आकिब युनुस एड. ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में हाफिज ऐजाज ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने हमारे समाज के दानिश आजाद अंसारी को हज राज्य मंत्री बनाकर कौम को तरक्की का रास्ता दिखाया है। वहीं मुख्य संयोजक आकिब यूनुस एड. ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उत्तर प्रदेश हज कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि इस बार हज यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान भारत सरकार द्वारा रखा जा रहा है, जिससे किसी भी हज यात्री को परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने हज यात्रा से पूर्व हाजियों की सुख-सुविधाओं के मद्देनजर सऊदी अरब का दौरा भी किया है, ताकि व्यवस्थाएं और बेहतर बनाई जा सकें।

कैंप में हज ट्रेनर अय्यूब अहमद ने उपस्थित यात्रियों को हज की प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर बिलाल चौधरी, आसिफ चांद, अहमद खिजर, हाजी ताहिर, शहर काजी माजिद अली, जाकिर हुसैन, एसके बबली एड., यशपाल सिंह एड., विशाल एड., अनुज मलिक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ध्वनि प्रदूषण को धर्म की आड़ में दिया जा रहा बढ़ावा खतरनाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक तरफ सरकार धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों की आवाज ध्वनि प्रदूषण के मद्देनजर न्यूनतम रखने का निर्देश दे रही है और दूसरी तरफ शोभायात्राओं व अन्य धार्मिक आयोजनों में इतनी तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे है कि इससे दूसरों को भारी परेशानी हो रही है। खासतौर पर कमजोर दिल वालों की स्थिति जान निकलने जैसी हो जाती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार धार्मिक आयोजनों एवं शादी समारोह में इतनी तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे है कि इससे हर कोई परेशान है। ऐसा लगता है कि तेज आवाज में डीजे बजाना और ज्यादा से ज्यादा स्पीकरों का इस्तेमाल करने से शान बढ़ती है।

धार्मिक यात्राओं एवं शादी समारोहों में तेज आवाज में डीजे बजाए जाने पर न तो पुलिस प्रशासन सख्ती कर पा रहा है और न ही जिला

### कमजोर दिल वाले परेशान

प्रशासन सरकार के निर्देशों का पालन करा पा रहा है। देर रात तक इस तरह के आयोजन होते रहते है। सड़कों पर शराबी डीजे के सामने इस तरह से डांस करते है कि उन्हें पूरी छूट मिली हुई है। इनकी वजह से सड़कों पर जाम लग जाता है और डीजे की तेज आवाज से वाहनों में सवार यात्रियों को परेशानी होती है। खासतौर पर सड़कों के किनारे घरों में रहने वाले नागरिकों को इससे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है। बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है और घर में मौजूद बीमारों व बुजुर्गों को प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करना पड़ता है। देर रात तक इस तरह के आयोजन जारी रहते है। कई बार तो इस तरह के आयोजनों को पुलिस सुरक्षा भी मिलती है। मगर पुलिस भी लाचार नजर आती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# 174 जोड़ों का सामूहिक विवाह

## गंगा-जमुनी तहजीब की दिखी झलक, मुख्य अतिथियों ने दिया आशीर्वाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर उर्फ भगतावाला स्थित जीविका बैंकट हाल में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य आयोजन में सर्वधर्म सद्भाव की मिसाल देखने को मिली। जहां कुल 174 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर नए जीवन की शुरुआत की।



समारोह की खास बात यह रही कि सभी विवाह उनके धर्म और रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए। कुल 174 जोड़ों में से 46 मुस्लिम जोड़ों का निकाह अकीदत के साथ पढ़ा गया, जबकि अन्य जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाज से अग्नि के समक्ष फेरे लिए। पंडित हरिशंकर शर्मा और बाला बहन ने मंत्रोच्चारण के साथ हिन्दू विधि-विधान से फेरे संपन्न कराए। जबकि निकाह कारी तौहीद आलम ग्राम मानियावाला ने निकाह की रस्में पूरी कराईं और नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल जीवन की दुआएं दीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह और अफजलगढ़ ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार मौजूद रहे। उन्होंने नवद. 'पतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सरकार की इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह बिना किसी आर्थिक बोझ के गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हो रहा है। सरकार की ओर से दी गई आर्थिक सहायता नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी बसाने के लिए सरकार की ओर से सहायता प्रदान की गई। योजना के तहत प्रति जोड़ा कुल 1,00,000 की सहायता का प्रावधान है। जिसमें 60,000 सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं। 25,000 की घरेलू सामग्री दी जाती है। 15,000 आयोजन पर व्यय किए जाते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही है। कार्यक्रम में रही चर्चा कार्यक्रम में अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। अंत में नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ समारोह संपन्न हुआ। हालाकि जोड़ों की संख्या को लेकर चर्चा भी रही। एक ओर 174 जोड़ों का विवाह बताया गया, वहीं कासमपुर गढ़ी ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कुल 220 जोड़ों के विवाह की जानकारी दी, जबकि मौके पर मौजूद 174 जोड़ों की शादी हुई। जिसको लेकर बड़ा खेला होने की बू आ रही है। जोकि जांच का विषय है। यदि जांच निष्पक्ष हुई, तो बड़े घोटाले से पर्दा उठ सकता है।

# विवाह समारोह में आए युवक की अचानक मौत

## पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रामकुमार (कुक सीएचसी स्योहारा द्वारा थाना पर एक लिखित मेमो दिया गया। मेमो में अवगत कराया गया कि डिम्पल पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बाल किशनपुर थाना शेरकोट को तबीयत खराब होने पर राजेन्द्र सिंह पुत्र छोटे सिंह ग्राम प्रधान गोविन्दपुर थाना स्योहारा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा अचेत अवस्था में लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक डिम्पल कुमार पुत्र सीताराम बीती सायं अपनी पत्नी सीमा के साथ ग्राम गोविन्दपुर थाना स्योहारा में अपने मौसेरे भाई बलजीत पुत्र नत्थन सिंह की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने आया हुआ था। प्रात:काल अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे सीएचसी स्योहारा ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया गया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### पीपलसाना में गुलदार का आतंक



**चांदपुर।** ग्राम पीपलसाना में गुलदार के लगातार हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। पूर्व प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि रात्रि में मकान के पीछे किसी समय गुलदार ने एक आवारा बछड़े को निवाला बना लिया। गुलदार के इस हमले से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंच पाया था। ग्रामीणों ने कहा है कि वन विभाग इस गांव में भी पिंजरा लगाए, ताकि ग्रामीणों को गुलदार के हमले से कुछ निजात मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तीन गुलदारों को एक साथ गांव के नजदीक हरि सिंह के खेत में देखा गया था। ग्रामीण मास्टर मुंगेश कुमार, पूर्व प्रधान भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र तोमर आदि ने वन विभाग की कार्यशैली के प्रति रोष जताते हुए गांव के आसपास जंगल में गुलदार को पकड़वाने के लिए पिंजरा लगाये जाने की पुरजोर मांग की है।

### शिवरात्रि पर्व पर भव्य शोभायात्रा



**बिजनौर।** ब्रह्माकुमारी सेंटर, अनुपम विहार कॉलोनी द्वारा महाशिवरात्रि के पावन उपलक्ष्य में आज एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा प्रात: 11 बजे सेंटर से प्रारंभ होकर नुमाइश चौक, जज्जी चौक, शक्ति चौक, डाकघर चौक से होते हुए कलेक्ट्रेट रोड, निवास चौक मार्ग से पुन: सेंटर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान सभी भाई-बहनों ने परमपिता परमात्मा शिव के अवतरण का दिव्य संदेश दिया तथा बताया कि वर्तमान समय परमात्मा शिव के अवतरण का पावन काल है, जिसे हम शिव. रात्रि के रूप में मनाते हैं। शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को समझाने हेतु सेंटर पर दोपहर एक बजे विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ बीके सुरेश दीदी एवं बबली एड. द्वारा झंडा फहराकर किया गया। मार्ग में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह एवं डॉ. बीरबल सिंह ने सभी को फल एवं पानी वितरित किया। डॉ. नीरज ने भी माताओं-बहनों को जल वितरण किया तथा मांगू लाल द्वारा भी फल वितरण कराया गया। इसके पश्चात सेंटर पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एल्बिन बहन एआरटीओ रुड़की, निरंजन दास महाराज खिचड़ी वाले गंज, उदय राज शर्मा एमडी सहकारी समिति गोहावर एवं डॉ. नवनीत कोठारी अध्यक्ष, होम्योपैथिक डॉक्टर एसोसिएशन, बिजनौर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एल्विन बहन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से ब्रह्माकुमारीज से जुड़ी हैं और राजयोग ज्ञान को अपनाकर नौकरी एवं परिवार दोनों में संतुलित और सुखी जीवन जी रही हैं। रघुवीर विश्नोई ने बताया कि वह पिछले 66 वर्षों से इस संस्था से जुड़े हैं।

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर

**झालू।** कस्बे में शनिवार की सायं करीब सात बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। नशे में धुत एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पीपल के वृक्ष पर पूजा-अर्चना कर घर लौट रही महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार संतुलन खो बैठा और बाइक सहित पास के नाले में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला पूजा कर शांतिपूर्वक घर की ओर जा रही थीं, तभी अचानक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगते ही महिला सड़क पर गिर पड़ीं, जबकि बाइक सवार उछलकर नाले में जा गिरा। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर दोनों को संभाला और पुलिस को सूचना दी। घायल महिला की पहचान अमलेश पत्नी आनंद कुमार, निवासी मौहल्ला नसीरयान के रूप में हुई है। वहीं बाइक चालक सुमित पुत्र स्व. करन सिंह, निवासी मौहल्ला सतियोवाला बताया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाइक चालक नशे की हालत में था और अत्यधिक गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण वह वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पीआरबी तथा स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने कस्बे में बढ़ती तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने की घटनाओं पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो भविष्य में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं।

# धामपुर में महिला लापता, पुलिस ने जारी किया गुमशुदगी का पोस्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्ष ग्राम नई बस्ती, चांद मस्जिद के पास निवासी अनवर पुत्र अब्दुल हफीज ने अपनी पत्नी रेशमा (35 वर्ष) के लापता होने की सूचना धामपुर थाने में दी है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।



परिजनों के अनुसार, 12 फरवरी 2026 को दोपहर करीब एक बजे रेशमा बिना किसी को बताए घर से निकल गई थी। काफी तलाश के बावजूद जब महिला का कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो परिजनों ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

महिला के लापता होने की सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास के क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है। पुलिस के अनुसार, लापता महिला का मानसिक संतुलन पूरी तरह ठीक नहीं बताया जा रहा है, जिसके चलते परिजनों की चिंता और बढ़ गई है। महिला की तलाश के लिए पुलिस ने पोस्टर जारी कर आमजन से सहयोग करने की अपील की है।

# एसडीएम ने कांवड़ शिविर में की सेवा

## झालू चौराहे पर नगर पालिका ने लगाया शिविर, पुष्पवर्षा से स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका की ओर से नहटौर के झालू चौराहे पर शिवभक्त कांवड़ियों के स्वागत और सेवा के लिए कांवड़ मार्ग पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुष्प वर्षा और फल वितरण से स्वागत किया गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार शनिवार को नहटौर के झालू मार्ग पर पालिका द्वारा लगाए गए शिविर में उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज कुमार, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, विनिता शर्मा, कपिल शर्मा आदि ने मार्ग से गुजर रहे शिवभक्तों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें फल वितरित किए गए। नगर पालिका के कर्मचारियों ने भी कांवड़ियों की सेवा में अपना योगदान दिया। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने इस अवसर को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए एक नई मिसाल पेश की। उन्होंने कांवड़ मार्ग पर स्वयं श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया।

नगरवासियों और श्रद्धालुओं से मार्ग को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त रखने की भावुक अपील की। नगर पालिका की टीम को चौबीसों घंटे मार्ग की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिविर में भारी संख्या में स्थानीय नागरिक और पालिका कर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने सेवा भाव से कांवड़ियों का स्वागत किया।

## एक नजर

### पश्चिमांचल उत्तर प्रदेश छोटे राज्यों के गठन को लेकर सम्मेलन

**कालागढ़।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश को छोटे राज्यों के गठन को लेकर दिल्ली में कल 15 फरवरी को सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन में देशभर में चल रहे करीब 20 छोटे राज्यों के गठन के समर्थक आंदोलनकारी भाग लेने दिल्ली सम्मेलन में भाग लेंगे। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि यह सम्मेलन दिल्ली के अमलतास हाल कस्तूरबा गांधी मार्ग में होगा। इस सम्मेलन में पहले बने भाषा के आधार पर राज्यों के स्थान पर अब प्रशासनिक राज्यों के गठन पर चर्चा होगी। सम्मेलन में देश भर के छोटे राज्यों के गठन की मांग कर रहे पश्चिम प्रदेश पूर्वांचल बुंदेलखंड विदर्भ मिथिला राज्य बोडोलैंड दार्जिलिंग गोरखालैंड विदर्भ, उत्तर आंध्र जैसे कई अन्य राज्यों की मांगों को लेकर उनके प्रतिनिधि भाग लेंगे। सम्मेलन में फिलहाल भाषा के आधार पर राज्यों के गठन को न लेकर बल्कि प्रशासनिक आधार पर प्रशासनिक इकाइयों का गठत किया जाएगा।



### डॉ. हरीश बने आंदोलनकारी समिति के अध्यक्ष



**कालागढ़।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के मुख्य संरक्षक धीरेन्द्र प्रताप ने डॉ. हरीश पाल को चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की गई है। वहीं उन्होंने कहा कि डॉ. हरीश पाल अगले 15 दिनों के अंदर पूरे संगठन को तैयार कराकर उन्हें भेजें। वहीं चिन्हित आंदोलनकारी को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नौ नवंबर 2025 की उस घोषणा को पूरा किए जाने की मुख्यमंत्री से मांग की है। जिसमें आंदोलनकारी की पेंशन को बढ़ाया गया था। लेकिन हालात यह है कि पुरानी पेंशन भी पिछले तीन महीने से राज्य आंदोलनकारियों को नहीं मिली है।

### सड़क हादसे में कांवड़ती घायल

**नहटौर।** अमरोहा निवासी रूप किशोर (40 वर्ष) पुत्र रामकिशन उम्र अपने साथी अनिल के साथ हरिद्वार से कांवड़ लेने जा रहे थे। बताया जाता है कि नहटौर कोतवाली मार्ग गांव फुलसंदा के पास उनकी बाइक के सामने अचानक एक कुत्ता आने से बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई। हादसे में रूप किशोर घायल हो गया। जिसे तुरंत सीएचसी ले जाया गया।



# धूमधाम से निकली शिव शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर देहात।** महाशिव रात्रि पर्व की पूर्व संध्या पर बाबा झारखण्ड शिव मन्दिर समिति स्याऊ के तत्वावधान एवं शिव सेवक मण्डल स्याऊ के नेतृत्व में एक भव्य शिव शोभा यात्रा देवी मन्दिर चान्दपुर से बाबा झारखण्ड शिव मन्दिर स्याऊ तक धूमधाम के साथ निकाली गई।

सर्व प्रथम शिव शोभायात्रा का शुभारम्भ वरिष्ठ समाज सेविका आभा फाउन्डेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिह व शिवसेवक मण्डल के युवा अध्यक्ष आशीष कुमार, संरक्षक केबी सिंह, रविन्द्र सिंह, कैलाश चन्द्र ने संयुक्त रुप से भगवान शंकर व आदि रूपों में सजे पात्रों का तिलक करके किया। इस भव्य शिव शोभा यात्रा में सर्व प्रथम ढोल, हवन कुण्ड वातावरण को शुद्ध कर रहा था। वहीं कृष्ण, अर्जुन, लक्ष्मी, गणेश सरस्वती, पचमुखी हनुमान, शिव बारात में शामिल शिवगणों व अघोरियों ने शोभायात्रा की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। दूसरी और काली माता के नृत्य व खादू श्याम की झाकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कई जगह शिव शोभा यात्रा का स्वागत व जलपान कराया गया। अंत में शिव शोभायात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से होती हुई बाबा झारखण्ड शिव मन्दिर स्याऊ तक पहुंची।

शिव शोभा यात्रा को सुचार रुप से गंतव्य तक पहुंचाने में शिव सेवक मण्डल के सभी सदस्यों, संजय सिंह, शकर सिंह, दीपक शर्मा, सुनील शर्मा, दीपक कुमार, रिंकू राजपूत, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, साजन, कृतपाल सिंह, नितिन, सचिन, राहुल, राजेन्द्र सिंह, अक्षय राजपूत, सह कोषाध्यक्ष मंत्री अमित कुमार, आयुष राजपूत, हर्षित, गर्वित, मोहित कुमार, आशीष कुमार व मण्डल मीडिया प्रभारी अशोक कुमार शर्मा व समस्त ग्राम वासियों का विशेष सहयोग रहा।

# वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मजदूरी के पैसों के लेनदेन को लेकर हुई मामूली कहा. सुनी के बाद मारपीट और धक्का-मुक्की में एक 65 वर्षीय वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शुक्रवार की देर शाम ग्राम जोगीपुरा में एक ही बिरादरी के दो पक्षों रमेश पुत्र महिया (60 वर्ष) और सोनू पुत्र लाल सिंह के बीच मजदूरी के पैसों के लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान दौरान सोनू पक्ष ने दूसरे पक्ष के रमेश को जोर का धक्का दिया, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर पड़े। चर्चा है कि गिरते समय रमेश का शरीर वहां मौजूद एक खूंटे से जा टकराया, जिससे उनके शरीर के किसी नाजुक अंग पर अंदरूनी चोट आई। रात में ग्रामीणों ने दोनों पक्षों का बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया था, लेकिन शनिवार सुबह रमेश की अचानक मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि शुक्रवार को हुई मारपीट में आई गंभीर अंदरूनी चोटों के कारण ही उनकी जान गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी पूर्वी, सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय और स्थानीय पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया शरीर पर चोट के कोई बाहरी निशान स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन परिजनों ने धक्का-मुक्की हुई थी। मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पालिका बजट बैठक में सभासदों का विरोध

## हाउस टैक्स वृद्धि और यूजर चार्ज ठेके पर आपत्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका परिषद की वार्षिक बजट बैठक में गत वर्ष की पुष्टि के बिन्दू के दौरान हाउस टैक्स में वृद्धि और नया बाजार क्षेत्र में यूजर चार्ज वसूली का ठेका जारी करने का विरोध करते हुए 17 सभासदों ने बैठक का बहिर्गमन किया।



पालिका चेयरपर्सन अनस इकरार की अध्यक्षता व ईओ ओम गिरी के संचालन में आयोजित वार्षिक बजट की बैठक शुरू होते ही सभासदों ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में टैक्स बढ़ाना आम जनता की कमर तोड़ने जैसा है। नया बाजार में बाजार क्षेत्र में कचरा निस्तारण या अन्य सेवाओं के नाम पर 'यूजर चार्ज' वसूलने के लिए ठेका प्रक्रिया शुरू करने का विरोध किया गया। सभासद रियासत बॉन्टिस ने कहा कि नया बाजार में कुछ गरीब लोग फड़ लगाकर अपनी रोजी रोटी चलाते है। जबकि शहर में अन्य स्थान पर भी फड़ लगाए जाते है। वहां से कोई यूजर चार्ज नहीं वसूला जा रहा है। नया बाजार को एक सोची समझी रणनीति के तहत निशाना बनाया जा रहा है। पालिका द्वारा यूजर चार्ज के नाम पर तहबाजारी वसूलने का पूरजोर विरोध करते है। इससे छोटे व्यापारियों का शोषण होगा। जब तक हाउस टैक्स वृद्धि और यूजर चार्ज का प्रस्ताव वापस नहीं लिया जाता। हम बोर्ड की किसी भी बैठक में सहयोग नही करेंगे। बोर्ड की बैठक में विशाल हाशमी, बिट्टू सैनी, सरवन सैनी, रामावतार, इजलाल, नजमुल हसन उर्फ शब्बू, कलीम अहमद उर्फ काका, सलीम अहमद, अतीक अहमद, अकील अहमद, रियासत अंसारी, इसरार अल्वी, जाहिद, अनिल चौधरी, शाहिद अंसारी, महफूज गुड्डा, मुकेश गुप्ता बाहर निकल आए। पालिका ईओ ने कहा कि वार्षिक बजट का विरोध नहीं था। अन्य मुद्दों पर आपत्ति हुई है। कुछ सभासदों ने बोर्ड की बैठक में बहिर्गमन किया है। मौजूद सभासदों की उपस्थिति में बोर्ड की बैठक की प्रक्रिया की गई है। बोर्ड की बैठक में बजट प्रस्ताव पास के लिए विधिक राय ली जा रही है। चेयरपर्सन अनस इकरार के पति व प्रतिनिधि मौहम्मद जैद ने बताया कि टैक्स वृद्धि व यूजर चार्ज ठेका से कोई आपत्ति है, तो लिखित में शिकायत दर्ज कराए। उन पर अवश्य विचार किया जाएगा। बोर्ड की बैठक का बहिष्कार होने से नगर के विकास कार्य प्रभावित होंगे। नगर पालिका नगर के विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

भूपेंद्र देशवाल
जिला अध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन भानू
ग्राम हकूमतपुर केसो, थाना मंडावली,
तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

महेंद्र सिंह सैनी
कृष्णा बैंक्वेट हाल
धामपुर रोड, नगीना

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

साधुराम सैनी
शुभ मंगल मण्डप बैंक्विट हाल
नहटौर रोड, नगीना

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

डॉ. आर.जी. सैनी
यूनिट आर्थोकेयर एव फिजियो थैरेपी सेन्टर
पता: निकट यू.पी. फर्नीचर हाऊस मुनिम चौक,
लाल सराय, नगीना (बिजनौर)
जन्म से टेढ़े पैरों के इलाज के लिए प्रसिद्ध
मोबाइल: 9897071257, 7017694567,
9760030121, 9634898221

महाशिवरात्रि के पावन पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं

शितांशु अग्रवाल
अध्यक्ष बर्फानी सेवा समिति
किरन इंटरप्राइजेज
ल्यूमिनस बैटरे और इनवर्टर के थोक व फुटकर विक्रेता
पता: रेलवे फाटक के पास, बिजनौर रोड, नगीना
ब्रांच: गोयल पब्लिक स्कूल के सामने, धामपुर रोड,
नगीना मोबाइल नंबर:- 9412118320

# शिवभक्तों के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

## चेयरमैन व ईओ कर रहे कांवड़तियों की सेवा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पूरी तरह शिवमय नजर आया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। शिवभक्तों और कांवड़ियों की टोलियां भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती रहीं श्रद्धालुओं की आस्था और अनुशासन ने पूरे नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

इस पावन अवसर पर नगर पालिका ने सेवा समर्पण और सुव्यवस्थित प्रबंधन की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल स्वयं व्यवस्थाओं की कमान संभाले नजर आए। दोनों अधिकारियों ने शिवभक्तों को ठंडा पेयजल, फल, बिस्कुट एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित कर उनका स्वागत किया तथा यात्रा की मंगलकामना की। नगर पालिका द्वारा पूर्व तैयारी के तहत मुख्य मार्गों, मंदिरों एवं कांवड़ मार्गों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सड़कों की धुलाई कर धूल-मिट्टी को नियंत्रित किया गया। रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पेयजल टैंकरों की व्यवस्था के साथ विभिन्न स्थानों पर अस्थायी जलपान केंद्र स्थापित किए गए। इसके साथ ही नगर में लगाए गए कांवड़ शिविरों में भी पालिका द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। शिविरों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, शौचालय और विश्राम की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया। शिविरों में कांवड़ियों की धार्मिक आस्थाओं के अनुरूप काली चुनरिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी भरपूर ध्यान रखा गया ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के अपने अनुष्ठान संपन्न कर सकें। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा करना नगर पालिका का कर्तव्य ही नहीं बल्कि सौभाग्य भी है। स्योहारा सदैव भाईचारे और सौहार्द की मिसाल रहा है। धार्मिक अवसर समाज को जोड़ने का माध्यम होते हैं। अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बताया कि सफाई, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन और जनता के सहयोग से ही ऐसे आयोजन सफल होते हैं।

इस अवसर पर प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, श्वेत रस्तोगी, मौहम्मद अकरम अल्वी, नईम कुरैशी सहित अन्य सभासदगण एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सेवा कार्य को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई है।

# अवैध कच्ची शराब का तेजी से फल-फूल रहा कारोबार

## दो थानों की पुलिस अवैध करोबार के नेटवर्क को तोड़ने में असफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** नानपारा इलाके में अवैध कच्ची शराब का कार्य दिन-रात जारी है। कच्ची शराब माफिया पुलिस की मिलीभगत से पुरानी कालोनी कालागढ़ इस्लामनगर के हेड़ी बस्ती आदि में कच्ची शराब माफियों का नेटवर्क पूरे समूचे इलाके में पनपा हुआ है। जिसका जीता जागता सबूत पुलिस प्रशासन का इन माफियाओं की हिमायत करना है।

प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से माफियाओं के हौसलें बुलंद हो गए है। कालागढ़, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल एवं अफजलगढ़ थाना तहसील धामपुर बिजनौर क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कार्य पुलिस की मिली भगत से चल रहा है। रात में ही नहीं दिन में भी कालागढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार करा रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी शराब माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिससे उनके अत्यधिक हौसले बुलंद है। कालागढ़ क्षेत्र के समेत आसपास के क्षेत्रों में अवैध कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है।

पुलिस प्रशासन को अवैध कारोबार धंधों की पूर्ण जानकारी प्राप्त है। उसके बावजूद अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जाती है। जिनका नेटवर्क पूरे इलाके में फैला हुआ है।

?सूत्र बताते है कि पुलिस में ही तैनात पुलिसकर्मी इन लोगों को पुलिस के आने की सूचना देते है और इनको नौ-दो ग्यारह कर देते है।

## एक नजर

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा



**नांगल सोती।** बीते कई दिनों से क्षेत्र में गुलदार देखा जा रहा था, जिसे पकड़ने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगाया है। क्षेत्र में कांवड़ यात्रा जोर शोर से चल रही है। नांगल सराय आलम मार्ग से हजारों कांवड़िए हरिद्वार से जल भरकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे है। किसान विनय कुमार, नीरव कुमार, बिल्लू, सत्यपाल सिंह, संतराम सिंह नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर को बताया कि नांगल सराय आलम मार्ग पर गुलदार देखा गया है। थानाध्यक्ष ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। वन दरोगा योगेश कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने बंद पड़े भट्टे के समीप एक खेत में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया गया। शुक्रवार को भी नांगल क्षेत्र में एक गुलदार पिंजरे में कैद हुआ था। जानकारों के अनुसार क्षेत्र में कई गुलदार घूम रहे है।

### मिलेनियम में कांवड़तियों का स्वागत



**कोतवाली देहात।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मिलेनियम पब्लिक स्कूल के संपूर्ण स्टाफ ने कांवड़तियों का स्वागत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार ने कांवड़तियों को फल भेंट किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम, उपप्रधानाचार्या शालिनी चौहान, सतेन्द्र कुमार, हेमेंद्र कुमार, कुशलपाल सिंह, सतीश कुमार, गजेय सिंह, सचिन कुमार, विनोद कुमार, विकास कुमार, शारिक अली खान, अमृत राज, विपिन कुमार शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

### बाइक की टक्कर से कांवड़ती घायल



**नगीना।** थाना नगीना देहात क्षेत्र स्थित बुंदकी शुगर मिल से कुछ ही दूरी पर थाना नजीबाबाद क्षेत्र में हरिद्वार से गंगाजल लेकर नगीना की ओर जा रहे कांवड़िये को एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कांवड़िए को डायल 112 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। थाना प्रभारी नजीबाबाद के अनुसार हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर पैदल चल रहे कांवड़िए राजेंद्र पुत्र डाले निवासी ग्राम खलीलपुर थाना स्योहारा की शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे थाना नजीबाबाद क्षेत्र में हरिद्वार जल लेने जा रहे एक बाइक सवार कांवड़िए से टक्कर हो गई। हादसे में कांवड़िया गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में कांवड़िए को नगीना अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

### बछड़े पर गुलदार का हमला



**कालागढ़।** पुरानी कॉलोनी में एक गुलदार ने बछड़े पर हमला कर उसे घायल कर दिया। कॉलोनी निवासियों के शोर मचाने पर गुलदार बछड़े को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। इस घटना से कॉलोनी में, खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों में दहशत का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले एक कुत्ते के तेज भौंकने की आवाज सुनाई दी। इसके दो मिनट बाद ही एक बछड़े के जोर-जोर से रंभाने की आवाज आने लगी। आवाज सुनकर कॉलोनी के लोग तुरंत बाहर निकले और शोर मचाना शुरू कर दिया। लोगों ने देखा कि गुलदार बछड़े को गले से पकड़कर ले जा रहा था। निवासियों ने शोर मचाकर बछड़े को गुलदार के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद भी गुलदार बछड़े को अपना निवाला बनाने के इरादे से कॉलोनी के आसपास मंडराता रहा, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि वे कई बार वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग कर चुके हैं। हालांकि, उनकी मांगों पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। निवासियों का आरोप है कि वन विभाग अभी भी किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है और उनकी सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है

### कृष्णा में योग कार्यशाला



**बिजनौर।** गृह विज्ञान विभाग द्वारा योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां ने किया और योग से संबंधित जीवन में होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि शरीर को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योग का दिनचर्या में होना अति आवश्यक है तथा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शालिनी शर्मा ने भी योग के साथ सन्तुलित आहार के बारे में बताया कि हमारे जीवन में योग के आवश्यक है, जिससे शारीरिक नमस्कार उपाय साथ एक कराकर सन्तुलित आहार एक उपचार का लेना भी तथा मानसिक तनाव को दूर किया जाता है। सायमा खानम तथा मुद्रा चौधरी द्वारा विभिन्न योगासन जैसे प्राणयाम, अनुलोम विलोम, भुजंगासन, सूर्य आदि शरीर को स्वस्थ रखने के अनेकों बताए। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा, योग चिकित्सा सिर्फ ही नहीं अपितु जीने की कला भी है जो रोगों को जड़ से निकाल देती है। जहां सभी अन्य इलाज रोगियों को स्वस्थ करने में असफल हो जाते है। वहां भी प्राकृतिक चिकित्सा व योग चिकित्सा प्रभावशाली रूप से कार्य करती है। कार्यक्रम में कालेज संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार निदेशक पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिव भक्तों के लिए चिकित्सा शिविर




**नगीना।** शिव मंदिर गंगानगर कॉलोनी के सौजन्य से इस वर्ष भी विशाल भंडारा और नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिव मंदिर कमेटी द्वारा ये कार्य जोर-शोर से किए जा रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में कांवड़ती और श्रद्धालु नगीना पहुंचते हैं। इन सभी के लिए प्रसाद, जलपान, विश्राम स्थल तथा प्राथमिक उपचार की विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य जांच और आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समिति ने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी के सहभाग से यह आयोजन भव्य और सेवा भाव से संपन्न होगा।

### आरबीडी में अतिथि व्याख्यान व हेल्थ कैंप



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में हेल्थ समिति द्वारा 'सर्वाइकल और लम्बर पेन' टॉपिक पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अस्पताल से डा. श्वेता, डा. रॉबिन(physiotherapist), डा. लुबना (नेत्र विशेषज्ञ), प्रयोगशाला तकनीशियन, काउंसलर श्रीमती लता व स्टाफ नर्स उपस्थित रहे। जिला अस्पताल से आई इस टीम ने महाविद्यालय की छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें उन्होंने छात्राओं की स्क्रीनिंग, नेत्र परीक्षण तथा रक्त परीक्षण किया। इसके साथ ही साथ डा. रॉबिन ने 'सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस तथा लम्बर पेन' जैसे विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने इसका कारण इसका निवारण इसमें होने वाली एक्सरसाइज को पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया तथा छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष व आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर, प्रो. मंजू अरोड़ा, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डा. शारदा द्विवेदी, राजनीति विज्ञान विभाग से डा. मृदुल, डा. आबिदा, भूगोल विभाग से डा. रितु सैनी व कॉमर्स विभाग से डा. ज्योति, होम साइंस विभाग से चिकित्सा कमेटी की प्रभारी श्रीमती शिखा मालवीय विभाग से डा. मीनू सिरोही, श्रीमती पूजा कुमार, श्रीमती स्वाति, कुमारी मीनू, श्रीमती इंदु शर्मा और कमल का पूर्ण सहयोग रहा।

### कांवड़ सेवा में उमड़ा समर्पण



**झालू।** हरिद्वार मार्ग स्थित निकट भागूवाला में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण सेवा समिति, झालू द्वारा कांवड़ यात्रियों की सेवा में सराहनीय पहल की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए समिति ने शीतल पेयजल एवं ताजे फलों का वितरण किया। रास्ते में पेयजल व अल्पाहार की कमी को महसूस करते हुए समिति सदस्यों ने स्वयं मोर्चा संभाला और सेवा कार्य में जुटे रहे। कांवड़ियों को रोककर आदरपूर्वक जल व फल वितरित किए गए, जिससे उन्हें गर्मी और थकान से राहत मिली। इस अवसर पर मास्टर विजय कुमार जोशी, चांद बाबू, मुकेश कुमार वर्मा, चंद्रपाल सिंह, महेंद्र धीमान, डॉ. जीसी राय बंगाली तथा ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य सक्रिय रहे। कांवड़ियों ने समिति के प्रयास को मानवता की मिसाल बताते हुए आभार व्यक्त किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा उनके लिए सौभाग्य है और भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे। स्थानीय नागरिकों ने भी पहल की सराहना की।

### मनरेगा में बड़ा खेल

**कालागढ़।** मनरेगा में धांधली रोकने के लिए आनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था लागू होने के बाद भी मनरेगा की जमीन पर भ्रष्टाचार नहीं रुक रहा है। मनरेगा में बड़ा खेल कागजों में कम जमीन पर सन्नाटा दिखाई पड़ता है। जिम्मेदार अधिकारी भी इसे बड़ा भ्रष्टाचार नहीं मानते तभी सिर्फ नोटिस व चेतावनी तक ही सीमित रह जाते हैं। वहीं आम आदमी की मेहनत की कमाई पर जिले के विकास की जगह प्रधान व अधिकारी अपना विकास कर रहे हैं। जिन ग्राम पंचायतों में मनरेगा द्वारा काम कराया जा रहा है। जिसमें श्रमिकों की एक हफ्ते की उपस्थिति में भ्रष्टाचार की बात सामने आ रही है। ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा लगातार मनरेगा के तहत विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मनरेगा में कागजों पर मजदूर और धरातल पर झूठ का खेल लगातार जारी है। इससे साफ है कि मनरेगा में भ्रष्टाचार की जड़े काफी गहरी है मनरेगा के एक मास्टर रोल में अधिकतम दस श्रमिकों का नाम भरा जा सकता है, जिन श्रमिकों का नाम इनमें होता है, सिर्फ उन्हीं की ग्रुप फोटो अपलोड होती है। हाजिरी भरने की जिम्मेदारी रोजगार सेवक या महिला मेट की होती है। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी व बीडीओ इसकी समीक्षा करते हैं। उसके बावजूद धांधली रुकने का नाम नहीं ले रही है।

# सीढ़ियों से फिसलकर गिरी छात्रा की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसे में 14 वर्षीय किशोरी की मौत हो जाने से परिवार और मौहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। वही मृतका के पिता को पता चलते ही विदेश से वापस घर लोट आये।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासी अबरार अहमद की पुत्री सोनी जो नगर के एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा थी। शुक्रवार शाम के समय घर की सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। सीढ़ियां मार्बल की होने के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया और वह लुढ़कते हुए नीचे जा गिरी। परिजनों के अनुसार गिरने के बाद वह उठी और पानी पिया, लेकिन कुछ ही क्षण बाद बेहोश होकर गिर पड़ी। घबराए परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए धामपुर ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सोनी तीन भाइयों की इकलौती बहन थी, जिससे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना सऊदी अरब में रह रहे उसके पिता को दी गई। सूचना मिलते ही वह शनिवार को भारत पहुंचे। उनके आने के बाद किशोरी को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया

# हिंदी परीक्षा में सफलता का मंत्र

## जेपी पब्लिक स्कूल की शिक्षिका अनुपम अग्रवाल ने दिए छात्र-छात्राओं को टिप्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** वार्षिक परीक्षाओं की आहट के साथ ही विद्यार्थियों में तैयारी को लेकर उत्साह और हलचल तेज हो गई है।

इसी क्रम में जेपी पब्लिक स्कूल, चांदपुर की हिंदी शिक्षिका अनुपम अग्रवाल ने विद्यार्थियों को हिंदी विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण और उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि हिंदी कोई कठिन विषय नहीं बल्कि समझ, अभ्यास और प्रभावशाली प्रस्तुति का विषय है। यदि सही रणनीति अपनाई जाए तो इसमें शत-प्रतिशत सफलता संभव है। शिक्षिका ने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक का गहन अध्ययन करने की सलाह देते हुए कहा कि प्रत्येक पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें । व्याकरण को हिंदी की नींव बताते हुए उन्होंने कहा कि पद परिचय, अलंकार, रस, वाक्य शुद्धि और मुहावरों का नियमित अभ्यास जरूरी है। नियमों को केवल रटने की बजाय उदाहरणों के साथ समझने से बेहतर परिणाम मिलते हैं। लेखन कौशल पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि निबंध, पत्र का नियमित अभ्यास विद्यार्थियों को अधिक अंक दिला सकता है। उत्तर लिखते समय भाषा सरल, स्पष्ट और प्रभावशाली रखें तथा वर्तनी की शुद्धता का विशेष ध्यान दें। समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में पहले 15 मिनट पूरा प्रश्नपत्र ध्यान से पढ़ने की सलाह दी। जो प्रश्न अच्छी तरह आते हों, उन्हें पहले हल करें। उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरी लिखावट, अनुच्छेदों का सही विभाजन और बिंदुवार उत्तर प्रस्तुति को बेहतर बनाते हैं। अंत में 10 मिनट उत्तरों की पुन: जांच अवश्य करें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि पिछले वर्षों के प्रश्नपत्र हल करने से परीक्षा का पैटर्न समझने में सहायता मिलती है और आत्मविश्वास बढ़ता है।



**फोकस:** हिंदी परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण टिप्स बताते हुए कहा कि प्रश्न पत्र मिलने के बाद पहले 15 मिनट पूरा पेपर ध्यान से पढ़ें और लेखन (निबंध, पत्र, आवेदन) में भाषा सरल, साफ और प्रभावशाली रखें। व्याकरण के प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें इनमें अच्छे अंक आसानी से मिलते हैं। साफ-सुथरी लिखावट और सही वर्तनी का ध्यान रखें। समय का सही प्रबंधन करें तथा उत्तर बिंदुवार लिखें ताकि प्रस्तुति आकर्षक लगे।

अनुपम अग्रवाल एक कर्मठ, मृदुभाषी और प्रेरणादायी हिंदी शिक्षिका हैं। वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्य पुस्तक का ज्ञान ही नहीं देतीं, बल्कि भाषा के माध्यम से अभिव्यक्ति, संस्कार और आत्मविश्वास का विकास भी करती हैं।

# गोष्ठी में किसानों को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश शुगर मिल की बहादरपुर चीनी मिल में वृहद किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

धामपुर मार्ग स्थित एक मैरिज हाल में द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज द्वारा विशाल किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति, अफजलगढ़ के अध्यक्ष मलकीत सिंह ने की, जिसमें चीनी मिल परिक्षेत्र के लगभग 500 कृषकों ने भाग लिया। गोष्ठी का संचालन चीनी मिल के उप महाप्रबंधक (गन्ना) लवकुश चौहान ने किया, जबकि मुख्य प्रबंधक (गन्ना) अनिल सिंह पंवार ने गोष्ठी की भूमिका पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक डॉ. बी.डी. सिंह ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई में उन्नत प्रजातियों की खेती पर जोर दिया। उन्होंने रेड रॉट रोग से प्रभावित गन्ना प्रजाति को 0238 के पूर्ण विस्थापन की आवश्यकता बताई। साथ ही गन्ना प्रजातियों के प्रजनन परीक्षण क्षेत्र, पेड़ी प्रबंधन तथा वैज्ञानिक गन्ना उत्पादन तकनीक के विभिन्न आयामों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अति. प्रबंधक गन्ना अनिल कुमार ने फसल सुरक्षा, ट्राइकोडर्मा कल्चर की तैयारी एवं प्रयोग के बारे में बताया, जबकि अति. प्रबंधक गन्ना विनय कुमार सिंह ने मृदा नमूना संग्रहण, परीक्षण परिणामों के क्रियान्वयन तथा मृदा उर्वरता प्रबंधन पर प्रकाश डाला।

स्थानीय गन्ना विकास परिषद के ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने पंचामृत खेती, सहफसली प्रणाली, ड्रिप सिंचाई तथा ट्रैश मल्चिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। गन्ना समिति के सचिव साहब सिंह सत्यार्थी ने समिति के फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्रों, कृषि रसायनों, उनकी उपयोगिता और निर्धारित अनुदानित दरों के बारे में जानकारी दी। उप महाप्रबंधक (गन्ना) लवकुश चौहान ने गन्ना उत्पादन में 'फाइव टी' के महत्व को विस्तार से समझाया। वहीं चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिसेन ने किसानों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि मिल द्वारा नवीन प्रजातियों के बीज पर अनुदान, बीज एवं भूमि उपचार रसायन, कीटनाशक, सिंगल बड नर्सरी के लिए ट्रे, ट्रेंच ओपनर, छोटा ट्रैक्टर, आरएमडी, स्प्रे मशीन, बड कटर आदि कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा मिल स्थित बीज उपचार संयंत्र से नि:शुल्क बीज उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। गोष्ठी में क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे और वैज्ञानिक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर से निकली कलश यात्रा



## श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** महादेवपुरम दुर्गा विहार कॉलोनी फेज 2 पर नवनिर्मित श्री महादेव मंदिर पर त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आज कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई, जिसमें पीत वस्त्र पहनकर महिला सर पर कलश लेकर चल रही थी। उनसे आगे बैंड बाजा ढोल बजाते हुए साथ में धर्म ध्वजा लिए हुए उत्साही युवक चल रहे थे। अंत में ट्रैक्टर ट्राली में मूर्तियां विराजमान चल रही थी।

कलश यात्रा मंदिर से आरंभ होकर कॉलोनी की परिक्रमा कर मंदिर पर आकर संपन्न हुई। उसके बाद सामूहिक हवन यज्ञ में आहुतियां दी गई। आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के विद्वान शिष्य काशी से पधारे आचार्य हिमांशु सत्यवली के साथ पांच ब्राह्मणों ने मंत्र जाप, स्तुति पाठ और वैदिक विधि से हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। कलश यात्रा एवं हवन यज्ञ में सपना चौहान, अंशु चौहान, हेमलता चौहान, राखी चौहान, संगीता रानी, नीलम रानी, उमा देवी, हेमलता चौहान, निरुपमा रानी, श्रुति देवी, मोनिका, रितु चौहान, कुसुम देवी, नेहा, दीपेश, ज्योति, मनोज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पदम सिंह, नरोत्तम कुमार राजपूत, मनोज चौहान, राजू मिस्त्री, गजेंद्र सिंह, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, आंचल चौहान, महावीर सिंह आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सबने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# अफजलगढ़ में बिक रहा चाइनीज मांझा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाद भी नगर में बेखौफ होकर चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है।

नगर में चाइनीज मांझे के विक्रेताओं द्वारा नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से मांझा सप्लाई किया जा रहा है। पतंगबाज बच्चों, युवाओं के हाथ में चाइनीज मांझा हत्या के आला ए कत्ल के रूप में देखा जा रहा है। जिसको लेकर दो पहिया वाहन चालक खौफ के माहौल में वाहन चला रहे हैं। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों के विभिन्न नगरों में लगातार चाइनीज मांझा के कारण कई लोगों की मौत तथा दर्जनों की संख्या में घायल हो गए है। चाइनीज मांझा के कारण मौतों की लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे।



## दो पहिया वाहन चालकों में खौफ का माहौल

इसके बावजूद नगर में खुलेआम चाइनीज मांझा की बिक्री और पतंग उड़ाने में उसके इस्तेमाल की शिकायतें सामने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि नगर की कई दुकानों पर अब भी चाइनीज मांझा उपलब्ध है, जबकि प्रशासन द्वारा इसके बिक्री और उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री के स्पष्ट आदेशों के बाद भी यदि यह मांझा बिक रहा है, तो यह प्रशासनिक लापरवाही या स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की ओर इशारा करता है। चाइनीज मांझे के कारण पतंगबाज ही नहीं बल्कि राहगीरों, बाइक चालकों और पक्षियों के लिए भी जानलेवा साबित हो रहा है। कई जगहों पर इससे गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नगर में दुकानों की सघन जांच कर चाइनीज मांझे की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि संभावित हादसों को रोका जा सकता है। चाइनीज मांझा की बिक्री को लेकर नगर की जनता में भारी रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि चाइनीज मांझा नायलॉन के विशेष प्रकार के मजबूत और बारीक धागे पर घातक रसायनों में कांच व लोहे के बारीक बारूदा को धागे से लगाकर बनाया जाता है। जो ब्लेड की धार के मानंद तेज होती है। शायद शासन-प्रशासन को अफजलगढ़ क्षेत्र में भी किसी बड़ी घटना का इंतजार है।

# सहरी और इफ्तार में लाउडस्पीकर लगवाने को प्रशासन से की जाएगी मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रमजान और होली के पर्व को लेकर सपा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रमजान व सहरी में लाउडस्पीकर लगवाने और की माँग प्रशासन से मिलकर समाधान कराने का आशवासन दिया गया।

सपा के पूर्व जिलाधयक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने अपने कार्यालय पर किया बैठक का आयोजन किया। बैठक में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगो ने रमजान में सहरी और इफ्तार के समय माइक, लाउडस्पीकर, लगवाने के लिये मांग की। इस पर सपा नेता ने जल्द जिला प्रशासन से मिलकर इस समस्या का समाधान कराने का भरोसा दिलाया। जबकि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई बिजली पानी व सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खाँ ने कहा कि रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है और इस दौरान रोजेदारों को सेहरी व इफ्तार के समय सूचना देने,के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माइक व लाउडस्पीकर की आवशकता होती है। उन्होने जिला प्रशासन से जल्द माइक लाउडस्पीकर,साफ सफाई, बिजली आपूर्ति और मस्जिदों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की व्यवस्था कराये जाने की मांग की। उन्होने कहा कि होली और रमजान के पर्व को देखते हुए रोजेदारों की सुविधा और सम्मान के मद्देनजर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में पूरी व्यवस्था करने के आदेश दिए जाएं। बैठक में अकील खाँ जाहिद खाँ नासिर झुनन मुस्तकीम बिलाल युसुफ जुबैर मेहरजान, आमिर हुसैन, बदरूल हसन, आरिफ खाँ, सलीम अली, जान वारिस, अहमद मो शान, मोनिस कुरैशी, बिलाल खाँ, अजमत खाँ सहित अन्य लोग शामिल रहे।




सम्भल। निज कार्यालय पर रमजान और होली पर्व को लेकर बैठक करते सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष।

# सुरक्षा के बीच निकाली बुर्का पहने महिला कांवृति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बुर्का पहनकर कांवड़ ले जाने के वायरल वीडियो पर गरमाई सियासत के बाद पुलिस-प्रशासन भी सर्तक हो गया। कांवर लेकर जनपद की सीमा पर पहुंचते ही कड़ी सुरक्षा के बीच बुर्का पहनक महिला को कांवर सहित पहुंचाया गया।

बुर्का पहनकर महिला के कांवर लाने का वीडियो वायरत होते ही तरह-तरह की चर्चाओं और बहसबाजी का सिलसिला शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर इसे लेकर अर्नगल बयानबाजी और तरह-तरह की छींटाकशी की जाने लगी। हरिद्वार से बुर्का पहनकर कांवर ले रही महिला को लेकर रास्ते में सुरक्षा चाक चौबंद की गई। जबकि जिले की सीमा में प्रवेश करते ही पुलिस ने उसे अपने घेरे में ले लिया। असमौली थाना क्षेत्र के गांव की निवासी बुर्का पहने महिला कांवर लेकर आते ही थाना पुलिस ने महिला की सुरक्षा को बढ़ा दिया तथा चारों ओर से पुलिस कर्मियों के घेरे में बुर्का पहने कांवरिया महिला को उसके गंतव्य तक पहुंचाया गया। बता दें कि बुर्का पहनकर कांवर लेकर आ रही महिला ने अपने हिंदू प्रेमी के साथ प्रेम विवाह किया था। तब से वह उसी के साथ रह रही है। अब महिला बुर्का पहनकर कांवर लेकर आयी तो राजनैतिक और सामाजिक क्षेत्रों में तहखी बहस छिड़ गयी है। वहीं पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा करना पड़ा। शनिवार को असमोली पुलिस ने महिला के गांव तक कड़ी सुरक्षा और जवानों के बीच कांवर सहित पहुंचाकर राहत की सांस ली।



असमोली। बुर्का पहने महिला कांवरती को सुरक्षा के बीच ले जाती पुलिस।

# होली अंतर्राष्ट्रीय त्यौहार अपनी मोदकता उल्लास व उमंग से होती है सुसज्जित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के तत्वावधान में उमंग और उल्लास से परिपूर्ण गीत संगीतमय फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रायोजक डा. रितु सक्सेना के आवास पर भव्यता के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अध्यक्ष डा. अरविंद कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि सविता चौरसिया ,संस्था अध्यक्ष डा. विजय लक्ष्मी शर्मा महामंत्री पूनम शुक्ला, डा. रितु सक्सेना ने संयुकत रूप से दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। जबकि डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने माता सरस्वती और भारत माता की वंदना प्रस्तुत की। पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूरी करायी। डा. डीएन शर्मा ने संस्था के विशेष कार्यक्रमों का परिचय दिया। पूनम रेनू तिवारी ने गीत संगीतमय फूलों की होली का प्रारंभ किया। डीएन शर्मा ने होली को अंतरराष्ट्रीय त्योहार बताते हुए कहा कि अपनी मोहकता, मादकता, उल्लास व उमंग से सुसज्जित होली का त्योहार अंतरराष्ट्रीय छवि को विभूषित करता है। यह त्योहार हमारी सांस्कृतिक विरासत की अनमोल पूंजी है। पूजा शर्मा की होलिया में उड़े रे गुलाल लोकगीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति प्रशंसनीय रही। डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने खेलूंगी कभी ना होली, जो साथ नहीं हम जोली सुन कर सभी को मंत्र मुग्ध किया।पूनम शुक्ला ने होली की कविता सुनाकर सभी का मन मोह लिया। समाजसेवी डा. अरविंद कुमार गुप्ता ने संस्था द्वारा आयोजित गीत संगीतमय फूलों की होली की प्रशंसा करते हुए कहा कि संभल में इस प्रकार के आयोजन बहुत अधिक महत्व रखते हैं। इससे युवाओं को होली को सही रूप में मनाने और समझने की प्रेरणा मिलती है। मनीष और नेहा ने मनमोहक संगीत लहरी की संगत के साथ जब आज ब्रज में होरी रे रसिया बरजोरी रे रसिया लोकगीत पर मयूर नृत्य प्रस्तुत कर ऐसी संगीत लहरी बिखेरी जिसके प्रवाह में कोई भी श्रोता स्वयं को रोक नहीं पाया और सामूहिक नृत्य करने लगे।मुख्य अतिथि सविता चौरसिया ने होली को सौहार्द्र और भाईचारे का त्योहार बताते हुए महाकवि नीरज की प्रसिद्व होली कविता करें जब पांव खुद नर्तन समझ लेना कि होली है हिंडोले ले रहा हो जब मन समझ लेना कि होली है सुना कर सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य मनीष पवार ने कहा कि होली में बुराई की पराजय तथा सच्चाई की जीत है।

O फूलों की होली में होली के गीतों की रही धूम

# एक नज़र इधर भी

## पुलवामा के शहीदों को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** जम्मू के पुलवामा में आतंकियों से मुठभेड़ में आज के दिन शहीद होने वाले जवानों को नमन किया गया।

भाजपा के पूर्व मण्डल महामंत्री दिनेश कौशल के प्रतिष्ठान पर शहीद जवानों को नमन किया गया। इस दौरान विनय वार्ष्णेय, दिनेश कौशल, उमेश कुमार, योगेश गुप्ता, अंकित आदि रहे। उधर जम्मू के पुलवामा में आतंकियों से मुठभेड़ में आज के दिन शहीद होने वाले जवानों को नमन किया गया। युवा समाज कल्याण कमेटी के सदस्यों ने शहीदों को याद किया। शोकसभा में प्रशांत वार्ष्णेय, एके शर्मा, बीरेंद्र, बबलू, रोनू वाष्णेय, संजीव आदि थे। उधर नगर के व्यापार मंडल ने जवानों के शहीद होने पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। इस दौरान नीरज वार्ष्णेय, रविराज गुप्ता, संजीव अग्रवाल, हर्षित वार्ष्णेय, राकेश वार्ष्णेय, केशव वार्ष्णेय आदि थे।



बबराला। भाजयुमा जिलाध्यक्ष की माता के निधन पर शोक व्यक्त करती पूर्व सांसद।

## पूर्व सांसद ने शोक व्यक्त किया


**बबराला ( शाह टाइम्ससंवाददाता )।** पूर्व सांसद संघमित्र मौर्य ने नगर बबराला में सम्भल के भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिखर गोयल की माता के देहावसान उपरांत आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने परिवार को सांत्वना प्रदान की।

## बबराला में कई स्थानों पर कांवरियों को हुए भंडारे

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में शिव भक्त कांवरियों के स्वागत को सेवा शिविर लगाये गये।गंगाघाट राजघाट पर कांवरियों कांवर लेने आये उनको शिविर स्थल पर प्रसाद ग्रहण कराया गया। नगर में पीएनबी बैंक के सामने अनिल वार्ष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय आदि ने सेवा की।नगर के ललतेश पेट्रोल पंप पर भंडारा हुआ। यहाँ पूर्व चेयरमैन लता कुमारी, योगेश गुप्ता आदि रहे। जयपाल गुप्ता के पंप पर भंडारा हुआ। इस मौके पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय आदि रहे।

## कैंडल जलाकर दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो।** विकास दिव्यांग सेवा समिति के कैंप कार्यालय पर कैंडल जलाकर पुलवामा के शहीदों को श्रृद्वांजलि दी गई। रायसती बस स्टैंड के सामने स्थित कैम्प कार्यालय पर पुलवामा हमला के वीर शहीदों को कैंडल जलाकर श्रृद्वांजलि अर्पित की गई।समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष आस मोहम्मद ने बताया कि आज ही के दिन देश के बहादुर जवानों ने राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। यह दिन हम सभी के लिए अत्यंत गंभीर और भावनात्मक महत्व रखता है। कुछ लोग इस दिन को वैलेंटाइन डे के रूप में मनाते है हम इसकी पुरजोर मजम्मत करते हैं और हमें उन परिवारों के दर्द को समझना चाहिए जिनके परिवार में किसी का भाई, किसी का पिता, किसी का पति, किसी का बेटा उस हमले में शहीद हुए वीर जवानो के लिए हमारा फर्ज है कि हम इस दिन को कभी न भूलें, बल्कि श्रृद्वा और सम्मान के साथ शहीदों को याद करें तथा उनके बलिदान को नमन करें। इस दौरान इसरार मलिक अजीम गाजी जावेद हुसैन गुलाम नबी फरहत खलील महिला मोर्चा के अध्यक्ष महासचिव महिला मोर्चा शाहीन एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष समरीन प्रदेश सचिव महिला मोर्चा शाइस्ता एडवोकेट निशा खान आदि मौजूद रहे।



बबराला- मधुमक्खी के हमले में घायल का हालचाल लेते।

## मधु मक्खियों ने आधा दर्जन से अधिक को काटा

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** प्राचीन शिव मंदिर गुन्नौर महाशिवरात्रि की तैयारी में लगे आधा दर्जन से अधिक श्र)ालुओं को मधुमक्खी ने काटकर घायल कर दिया। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पाताली शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि को काफी संख्या में आकर श्रृद्वालु कांवर चढ़ाते हैं। मेला लगता है। सभी भंडारे व मेले की व्यवस्था को टेंट लगा रहे थे। तभी किसी प्रकार मधुमक्खी का छत्ता छिड़ गया। उन्होंने सोनू, अनेकपाल, निशांत आदि आधा दर्जन से अधिक लोग काट लिये।वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया।सभी ने दुबकर बचाव किया। घायलों को अस्पताल उपचार देकर सभी को घर भेज दिया। कुछ लोगों को मंदिर पर जाकर ही उपचार दिया। नोडल अधिकारी मनमोहन शर्मा, फार्मासिस्ट लक्ष्मी नारायण उर्फ दीपक यादव वार्ड ब्वाय जीत यादव मौजूद रहे।


# बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देना शिक्षकों का ही नहीं माता-पिता का भी दायित्व: अग्रवाल

O उत्साह व उमंग के साथ मनाया माता-पिता पूजन दिवस

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने अपने गली मोहल्ले गांव शहर में साथियों के घरों पर संपर्क किया और घर-घर में माता-पिता पूजन दिवस मनाने के लिए प्रेरित ही नहीं किया बल्कि व्यवस्था भी बनाई।

14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस मनाने के हिंदू जागृति मंच के आहवान से प्रेरित अनेक जनों ने अपने वृद्व माता या पिता अथवा दोनों को रोली चावल से तिलक किया। पुष्प माला पहनाकर उपहार भेंट किया और चरण स्पर्श करके जीवन पर्यंत उनका श्रृणी बने रहने आभार व्यक्त करते रहने और उनके उपकार को श्रृद्वा विश्वास भक्ति से मानते रहने का संकल्प भी लिया। प्रातः बेला मे दुर्गा कालोनी, कोटपूर्वी, हल्लू सराय, बरेली सराय, आलम सराय, शहजादी सराय, लाडम सराय, सरायतरिन, हयात नगर आदि अनेक मोहल्ले में तथा ग्रामीण अंचलों में भी घरों में माता-पिता पूजन दिवस मना कर अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद ग्रहण किया। हिंदू जागृति मंच के विकास कुमार वर्मा, राजेंद्र सिंह गुर्जर, शलभ रस्तोगी, उमेश श्रीमाली, सुभाष चंद्र शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, रचित रस्तोगी, विकास कुमार वर्मा, सुनीता यादव, ज्योति गुप्ता, अंकुर रस्तोगी, शालिनी रस्तोगी, वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर श्याम शरण शर्मा, अमित गुप्ता शालू , अरुण कुमार अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, बबीता भारद्वाज, सुमन लता शर्मा, प्रिंस शर्मा, निखिल शर्मा आदि ने अपने घरों पर श्रृद्वा और विश्वास तथा भक्ति मय वातावरण में अपने माता-पिता को तिलक चंदन लगाकर वंदना की। उपहार देकर चरण स्पर्श करते हुए जीवन पर्यंत उनके द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करते हुए आज्ञा पालन का संकल्प लिया। ज्ञात हो हिंदू जागृति मंच 14 फरवरी को माता-पिता पूजन दिवस पिछले 20 वर्षों से निरंतर मनाता चला रहा है। जिसके अंतर्गत अनेक सामाजिक, शिक्षण संस्थानों से सामूहिक रूप से माता-पिता पूजन दिवस मनाने का आग्रह निवेदन किया जाता रहा है। जिसका अच्छा और सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने माता-पिता पूजन दिवस को एक त्यौहार के रूप में स्थापित करने पर अपने सभी शुभचिंतकों सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।भारतीय इतिहास संकलन समिति ने छात्र-छात्राओं अभिभावकों और शिक्षक मंडल के साथ माता-पिता पूजन दिवस धूमधाम से मनाया। माता-पिता की आज्ञा पालन करने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया। उच्च प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर में आयोजित माता-पिता पूजन दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां शारदा के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर पूजन किया। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा अनंत कुमार अग्रवाल, चौधी देवेंद्र सिंह तेवतिया, अजय कुमार शर्मा और मीनू रस्तोगी का पगड़ी पहनाकर माल्यार्पण करके श्रीमद् भगवत गीता भेंट करके स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि माता-पिता चलते-फिरते देव हैं, सबसे बड़े तीर्थ हैं। उनके आदेश आज्ञा का पालन हर हाल में करना ही चाहिए। उन्होंने श्री रामचरितमानस से भगवान श्री राम का आदर्श प्रस्तुत करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को माता-पिता के प्रति उनके कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया और सभी छात्र-छात्राओं को अपने माता-पिता की आज्ञा पालन करने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया। भारतीय इतिहास संकलन समिति की जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने माता और पिता की विशेष महिमा का बखान करते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने माता-पिता का सम्मान नहीं करता आज्ञा का पालन नहीं करता उससे कोई भी देवी देवता भगवान कभी प्रसन्न नहीं हो सकते और जो अपने माता-पिता का सम्मान करता है उससे कोई भी ईश्वरीय शक्ति कभी नाराज नहीं हो सकती।चौधरी देवेंद्र सिंह तेवतिया ने माता-पिता पूजन दिवस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे प्रत्येक विद्यालय में मनाने और सामूहिक रूप से तथा पृथक पृथक घरों पर हर वर्ष आयोजित करने की आवश्यकता बताई। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांत संगठन मंत्री अनंत कुमार अग्रवाल ने कहा कि आज के बच्चे भविष्य के देश निर्माता है, भाग्य विधाता है। उन्हें संस्कार युक्त शिक्षा देना केवल शिक्षकों का ही नहीं बल्कि माता-पिता का भी दायित्व है।और बच्चे अपने माता-पिता का सम्मान पूजन आज्ञा पालन कर्तव्य पालन करें ऐसी शिक्षा अति आवश्यक है।





सम्भल-१४ फरवरी माता पिता दिवस पर बुजुर्ग मां के चरण र्स्पश कर उपहार देते पुत्र व पुत्रवधू, स्कूल में पुष्प देकर माता पिता दिवस मनाते छात्र।

# आत्मरक्षा के लिए बेटियों को किया जा रहा प्रशिक्षित

O विपरीत परिस्थितियों में कर सकेंगी डटकर मुकाबला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, फेस पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में अत्यधिक रुचि ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं की योजनायें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी

# अनियंत्रित हुई बाइक से गिरकर महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर में शनिवार को बदायूं बबराला मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक बाइक से गिरकर महिला घायल हो गई।महिला घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए। जहां डाक्टर ने रूपवती को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार दम्पत्ति अमरपाल पुत्र बनवारी निवासी सजावली थाना सहसवान जिला बदायूं अपनी रूपवती को लेकर सहसवान से गुन्नौर की ओर आ रहे थे तभी उनकी बाइक अनियंत्रित हो गयी।बाइक पर बैठी उनकी पत्नी गिर गयीं।उनके सिर व अन्य जगह चोट लगी।उनको घायल अवस्था मे गुन्नौर अस्पताल लाया गया। लेकिन चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इन्कार कर दिया। मौत से परिवार में कोहराम मचा हैं परिजन रोते-बिलखते रहे।

# शिवभक्तों की सेवा कर नर सेवा नारायण सेवा का संकल्प

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** महाशिवरात्रि पर्व पर रोटरी क्लब मिडटाउन के तत्वावधान में सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश की गई। क्लब की ओर से हयात नगर थाना के सम्मुख शिवभक्त कांवड़ियों के लिए एक विशाल भोज, प्रसाद वितरण एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रृद्वालुओं ने लाभ उठाया। शिविर के आयोजक रोटे. मनोज वार्ष्णेय और पंकज ठाकुर ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर में कांवड़ियों के लिए जलपान एवं शुद्व प्रसाद और चिकित्सा की व्यवस्था की गयी। जबकि नर सेवा ही नारायण सेवा का संकल्प लिया गया। शिविर में चिकित्सा और विश्राम की विशेष व्यवस्था के साथ शिवभक्तों की सुविधा के लिए शिविर में न केवल शुद्व एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था थी, बल्कि उनके विश्राम के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए थे। पैरों में छालों और थकान से जूझ रहे कांवड़ियों के लिए डा. प्रशांत वार्ष्णेय ने स्वयं अपनी टीम के साथ चिकित्सा परामर्श और दवाएं उपलब्धा कराईं। इनका रहा विशेष सहयोग इस पुनीत कार्य का आयोजन मुख्य रूप से रोटेरियन मनोज वार्ष्णेय और रोटेरियन पंकज ठाकुर के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान डा. उर्वशी वार्ष्णेय, सचिव सुमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, वेद चहल, अवधेश वार्ष्णेय, गौरव वार्ष्णेय, हरदीप क्विटी सहित अन्य रोटेरियन साथी उपस्थित रहे। शिविर में प्रसाद ग्रहण करने आए श्रृद्वालुओं ने क्लब के इस प्रयास की सराहना की।



सम्भल। कांवरियों की सेवा कर नर नारायण सेवा का संकल्प लेते रोटेरियन।

# विद्यालय का उददेश्य शैक्षिक उत्कृष्टता ही नहीं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना भी सशक्त बनाना

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में 'बैटल ऑफ ब्रेन्स' इंटर हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह, ऊर्जा और ज्ञान के वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी बौद्विक क्षमता, सामान्य ज्ञान और त्वरित सोच का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर तालियों की गूंज और प्रतिस्पर्धा के रोमांच से भर उठा। प्रतियोगिता के प्रथम चरण में कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें चारों हाउस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। इस चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न्यूटन हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं द्वितीय चरण में कक्षा नौ एवं ग्यारह के विद्यार्थियों के मध्य रोचक प्रतिस्पर्धा हुई, जिसमें अपनी सूझ-बूझ और ज्ञान के दम पर अरिस्टोटल हाउस विजेता रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य विल्सन राजन ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और त्वरित निर्णय लेने की योग्यता का विकास करती हैं। विद्यालय की निदेशक शबाना कौसर ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ज्ञान ही सफलता की असली कुंजी है और इसी प्रकार के आयोजन बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करते हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना से भी सशक्त बनाना है। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण के बिना इस प्रकार के सफल आयोजन संभव नहीं होते। विद्यालय के प्रबंधक मुशीर खान ने विद्यार्थियों को निरंतर सीखते रहने और प्रतिस्पर्धा को सकारात्मक दृष्टिकोण से लेने की सलाह दी। स्कूल की इंटर हाउस प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है सीखना और आगे बढ़ना। जो छात्र आज विजयी हुए हैं, वे अपनी मेहनत और लगन को बनाए रखें, और जो छात्र इस बार पीछे रह गए हैं, वे निराश न हों बल्कि अगले अवसर के लिए और अधिक तैयारी करें। कार्यक्रम के संयोजक के रूप में जुनैद इब्राहिम एवं नीलोफर खान ने संचालन किया। प्रतियोगिता के जज के रूप में मुस्तफा कमाल पाशा और मोहम्मद फैजान अली, जिया उल्लाह खान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में सभी हाउस टीचर्स का भी सराहनीय योगदान रहा।



सम्भल- मिशन इंटर नेशनल स्कूल में पुरस्कृत किए गए बच्चे।

सम्बंध-विच्छेद

हमारा भाई मौ. मोनिस बुरी संगत में पड़ गया है और दूसरों से रूपये उधार मांगकर उन्हे वापस नहीं करता है। जबकि मौ. अनीस और उसकी पत्नी अकीला हमारे व परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मैं व मेरे भाई मौ. मोनिस की नशे की लत और दुर्व्यवहार के कारण उनसे सम्बंध नहीं रखना चाहते हैं। इसीलिए करीब तीन सप्ताह पूर्व मौ. मोनिस व अकीला को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया था। अब हमारा मौ. मोनिस व उसकी पत्नी अकीला से कोई सम्बंध किसी तरह का नहीं रहा है बल्कि अपने लेन-देन व व्यवहार एवं आचरण के वह दोनो स्वयं जिम्मेदार होंगे।

मौ. रईस, मौ. नफीस, मौ. अनीस
पुत्रगण यामीन
नि. ग्राम मखदूमपुर पोस्ट सिरसी थाना हजरत नगर गढ़ी तह. व जिला समभल।

# घर से चोरी करने के मामले में 3 आरोपियों को कटघर थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना पुलिस ने घर में घुसकर चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को जाहिदनगर निवासी मोहम्मद शफीक पुत्र मोहम्मद यामीन ने थाना कटघर में तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर जेवरात और नकदी चोरी कर ली। तहरीर के आधार पर थाना कटघर में चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया।विवेचना के दौरान पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर प्रकाश में आए आरोपी मुन्तजिम उर्फ बंता, मुजफ्फर हसन और सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किए गए जेवरात तथा 9,500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और इनके विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी की कार्रवाई उपनिरीक्षक सुनील राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

## पीतल बस्ती में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा के चौथे दिन गूंजा 'ओम नमः शिवाय'

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा संचालित हिन्दू संस्कार केंद्र, प्राचीन शिव मंदिर, लक्ष्मी नगर, पीतल बस्ती में चल रही 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।कथा व्यास पुजारी महेंद्र शास्त्री ने भगवान शिव और श्रीराम के दिव्य संबंध का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर ने माता पार्वती से स्वयं कहा था कि 'राम नाम' का एक बार उच्चारण विष्णु सहस्रनाम के बराबर फलदायी है। उन्होंने बताया कि शिव स्वयं राम नाम का जाप करते हैं और भक्तों को भी शिवलिंग पर जल अर्पित करते समय राम नाम का स्मरण करना चाहिए, जिससे भोलेनाथ शीघ्र प्रसन्न होते हैं। कथा में भगवान शिव विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। हिमालयराज की तपस्या, नारद जी द्वारा कन्या पार्वती के भविष्य का कथन तथा पार्वती की कठोर साधना का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडाल 'ओम नमः शिवाय' के मंत्रोच्चार से गूंजता रहा।कथा के अंत में भव्य महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। मुख्य यजमान हर स्वरूप और चंद्रभान सैनी रहे। कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालु एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बजरंग दल की 25 टीमों ने वैलेंटाइन डे पर पार्कों में पहुंचकर चलाया सर्च अभियान



मुरादाबाद। शनिवार को वैलेंटाइन डे के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल ने महानगर में विभिन्न पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर सर्च अभियान चलाया। यह अभियान पाश्चात्य संस्कृति के विरोध और पुलवामा हमले की बरसी मनाने की अपील के तहत आयोजित किया गया।कार्यक्रम पूर्व घोषित योजना के अनुसार संचालित किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय महिला परिषद ओजस्विनी की सहभागिता रही। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रोहन सक्सेना के नेतृत्व में करीब 25 टीमें महानगर और जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय रहीं।कंपनी बाग सहित अन्य पार्कों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं ने वहां मौजूद युवाओं से पूछताछ की। कुछ स्थानों पर प्रेमी जोड़ों को रोककर उन्हें समझाया गया तथा राखी बंधवाकर पैर छुवाने जैसी गतिविधियां कराई गईं। संगठन के कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि अभियान के दौरान नाबालिग जोड़ों के परिजनों को भी फोन पर सूचना दी गई।राष्ट्रीय महिला परिषद की प्रदेश अध्यक्षा वंदना शर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने भी पार्कों का निरीक्षण किया। संगठन पदाधिकारियों ने नागरिकों से वैलेंटाइन डे न मनाकर पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। कार्यक्रम में जय शर्मा, रोहित भटनागर, जतिन प्रजापति, अभिषेक श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बिजली घर में कर्मचारियों ने एसडीओ दया शंकर के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



**कुंदरकी।** शुक्रवार देर शाम कुंदरकी बिजली घर में कर्मचारियों ने एसडीओ दयाशंकर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना है कि एसडीओ की कार्यशैली और व्यवहार ठीक नहीं है, वे अक्सर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। जानकारी के अनुसार नगर लाइनमेन सुरेंद्र के देर से ड्यूटी पर पहुंचने पर एसडीओ ने उन्हें चेतावनी दी और नौकरी समाप्त करने की बात कही। बताया गया कुछ समय बाद उनका ट्रांसफर लेटर तैयार कर दिया गया। ट्रांसफर की खबर मिलते ही कर्मचारी नाराज हो गए और एसडीओ के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि महीने में चार छुट्टियां मिलने के बावजूद उन्हें ये छुट्टियां नहीं दी जाती। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने इस कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की और नौकरी से इस्तीफा देने की चेतावनी भी दी। प्रदर्शन में कुंदरकी बिजली घर, हरियाना और जैतवाडा बिजलीघर के कर्मचारी नईम, हरज्ञान, यूनुस, सोनू, यामीन उर्फ पप्पू, अरविंद सिंह, गुलफाम और सुनील सिंह मौजूद रहे। एसडीओ दयाशंकर ने कहा- ये लोग पहले काम नहीं करते थे अब काम करना पड़ रहा है तो दिक्कत हो रही है। लेट होने पर डाटा है उसे समस्या हुई होगी, ये घर की बात है। जिसको छुट्टी की जरूरत है उसे मिलती है।

### मिस मैचिंग नाम वालों के नोटिस जारी बीएलओ ने बूथ पर बैठकर कराया निस्तारण

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मतदाता सूची में मिसमैच हुए नाम के लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं आज बीएलओ ने बूथ पर बैठकर इस संबंध में प्रपत्र दाखिल कराए हैं बतादें कि एस आई आर के चलते जिन लोगों के नाम 2003 की लिस्ट में नहीं थे उन्हें नोटिस जारी किए गए थे जिसकी तहसील में चार जगह पर सुनवाई चल रही है। लेकिन अब इसके बाद मिसमैच नाम के लोगों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं बताया गया कि पहले जारी हुए नोटिस से इनकी संख्या चार-पांच गुना ज्यादा हैं लेकिन इस समस्या के समाधान की जिम्मेदारी अब बीएलओ को दी गई है।

बीएलओ आज अपने-अपने बूथों पर पहुंचे और उन्होंने नोटिस लेकर आए लोगों से जरूरी प्रपत्र लेकर सुधार करने का काम किया। हालांकि कई बूथों पर बीएलओ के न पहुंचने पर मतदाताओं द्वारा भटकने की शिकायत भी मिली है कुल मिलाकर अब लोग मिसमैच हुए नाम को लेकर परेशान हो रहे हैं।

### जलाभिषेक के लिए मंदिरों की व्यवस्था चाक चौबन्द अधिकारियो ने किया मंदिरों का निरीक्षण



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** शिवरात्रि पर मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर व्यवस्था चाक चौबन्द कर दी गई है पुलिस अधिकारियों ने मंदिरों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया है बतादे की रविवार को क्षेत्र के मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाना है। जिसमे नगर एवं गांव के अलावा मुख्य लाडलाबाद और ढाकी मंदिर पर बड़ी संख्या में कामडिया भगवान शिव का जलाभिषेक कर धर्म का पालन करते हैं। मंदिर कमेटी के महावीर सिंह द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक मंदिरों में भगवान शिव के जला अभिषेक करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है पुलिस भी सुरक्षा के मद्देनजर तैनात हो चुकी है। आज मुरादाबाद से आए सीओ ऑफिस शुभम पटेल ने थाना प्रभारी निरीक्षक को साथ लेकर मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए हैं।

### कांवड़ियों की वापसी से सड़कों पर रही भीड़ डीजे पर बजते रहे शिव शंभू के गीत



**कांठ( शाह टाइम्स )।** कॉमडीयों की वापसी से आज सड़कों पर भीड़ चलती रही और डीजे पर शिव शंभू के गीत भी बजते रहे बतादे की शनिवार की आधी रात के बाद शिव भक्तों द्वारा शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू किया जाना है जो कि रविबार तक चलता रहेगा इसे लेकर कांवरिया अपनी-अपनी मंजिल पर शनिवार की रात को ही पहुंचने वाले हैं और कावड़ पूजन की प्रक्रिया के बाद निर्धारित समय पर भगवान शिव का जला अभिषेक किया जाना है इसके लिए आज बड़ी संख्या में कावड़ बेड़ो की हरिद्वार से वापसी हुई जो कि नगर से भगवान शिव के गीत डीजे पर गाते बजाते हुए निकले जिसे देखकर माहौल भक्तिमय हो गया भारी संख्या में गुजरे कावड़ बेडो के कारण आज सड़कों पर भी भीड़ दिखाई दी पुलिस ने जगह-जगह तैनात रहकर सुरक्षा व्यवस्था संभाली। दोपहर को कई डाक कावड़ बेड़े हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लाने के लिए भी रवाना हुए हुए है।

### परिवार परामर्श केंद्र में 70 मामलों की सुनवाई, 04 परिवारों में हुआ सुलह समझौता

**चन्दौसी।** पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की नियमित बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में प्रतिसार निरीक्षक की देखरेख में आयोजित की गई, जिसमें पति-पत्नी के मध्य उत्पन्न आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। बैठक में कुल 70 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 20 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया, जबकि 4 परिवारों को आपसी सहमति से मिलाकर उनके रिश्तों में पुनः सामंजस्य स्थापित कराया गया। वहीं 13 पत्रावलियों को आवेदकों द्वारा आगे कार्यवाही में रुचि न लेने के कारण बंद कर दिया गया तथा 3 पत्रावलियों पर विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, रश्मि गहलोत तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# पूर्व एआईसीसी सदस्य फहीम चौधरी ने छोड़ी पार्टी



**भोजपुर।** जिले में कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता और पूर्व एआईसीसी (AICC) सदस्य फहीम चौधरी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया है। शनिवार को भेजे गए अपने इस्तीफे में फहीम चौधरी ने स्पष्ट किया कि वह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ-साथ पूर्व जिला महासचिव (जिला कांग्रेस कमेटी, मुरादाबाद) और अन्य सभी संगठनात्मक जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष से आग्रह किया है कि उनका त्यागपत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया जाए। फहीम चौधरी ने अपने त्यागपत्र की प्रतियां उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष (लखनऊ) और जिला कांग्रेस कमेटी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष को भी प्रेषित की हैं।

# सुरजन नगर पुलिस की अनूठी पहल कांवड़ियों के लिए लगा विशाल भंडारा और स्वास्थ्य शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे शिवभक्तों की सेवा के लिए पुलिस प्रशासन ने सराहनीय कदम उठाया है। क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशीष कुमार एवं थाना प्रभारी मनोज परमार के कुशल निर्देशन में सुरजननगर चौकी क्षेत्र की सुरजन नगर चौकी पर एक विशाल भंडारे एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लंबी पैदल यात्रा कर रहे कांवड़ियों को राहत पहुँचाना और उनकी सेहत का ख्याल रखना था। चौकी प्रभारी ओमकार सिंह के नेतृत्व में



आयोजित इस स्वास्थ्य कैंप में डॉक्टरों की टीम ने कांवड़ियों का शारीरिक परीक्षण किया और उन्हें उचित परामर्श व दवाइयां वितरित कीं। भंडारे में शिवभक्तों के लिए जलपान और शुद्ध भोजन की व्यवस्था की गई, जिसकी कमान स्वयं चौकी प्रभारी ने संभाली। पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी के साथ-साथ सेवा भाव का परिचय देते हुए कांवड़ियों को भोजन कराया। इस अवसर पर पुलिस बल के सदस्य राम मोहन शर्मा, अंकित मित्तल, अरुण यादव, नंदकिशोर समेत अन्य पुलिसकर्मी मुस्तैद रहे और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने पुलिस के इस मानवीय चेहरे की जमकर प्रशंसा की। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस का उद्देश्य न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि जनसेवा के कार्यों में भी अग्रणी रहना है। भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान आयोजित, मरीजों की हुई निःशुल्क जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चैरिटेबल ट्रस्ट आओ हाथ बढ़ाएं के कार्यालय में आज कुष्ठ रोग को लेकर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्पर्श कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को कुष्ठ रोग के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एक जीवाणु जनित रोग है, जो लंबे समय तक संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहने से फैल सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय पर जांच और उपचार से यह रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। साथ ही स्वच्छता, संतुलित आहार और शरीर पर दिखाई देने वाले किसी भी सफेद या सुन्न धब्बे की तुरंत चिकित्सकीय जांच कराने की सलाह दी। अभियान के अंतर्गत बुद्धि विहार एवं खुशहालपुर से आए मरीजों की निःशुल्क जांच भी की गई। उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय, प्रियंका भटनागर, राघव रस्तोगी तथा "बढ़ते कदम" संस्था से सृष्टि अधिकारी व मुनास से सरदार गुरविंदर सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने इस तरह के जनजागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट की ओर से यह संदेश दिया गया कि कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता और समय पर उपचार ही इससे बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# सपा विधायक ने शिव भक्त कावंडियो की सेवा की, गंगा जमुनी एकता का देते है संदेश

**बिलारी।** सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान शनिवार को विधानसभा सत्र से लौटे, इस दौरान उन्होंने हर साल की भांति महाशिवरात्रि के पर्व के मौके पर हरिद्वार और ब्रजघाट से जल लेकर आने वाले कावंडियों और शिव भक्तों को भंडारा खिलाया। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने टॉल प्लाजा मोहम्मद इब्राहीमपुर पर कांवड़ियों की सेवा करते हुए उन्हें प्रसाद खिलाया।

विधायक मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि वह अपने पिता और बिलारी के प्रथम विधायक मरहूम मोहम्मद इरफान की तरह ही गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह सभी धर्मों का आदर और सम्मान करते है, साथ ही वह सभी धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है।

कहा कि उनका मकसद विधानसभा बिलारी में गंगा जमुनी तहजीब को हमेशा के लिए कायम रखना है। इस दौरान हाजी मोहम्मद उस्मान एडवोकेट, सद्दाम प्रधान, कपिल, अनिल, अतुल यादव, प्रिंस, शनि कश्यप, दिनेश, मुकेश, अरविंद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# टीएमयू की महिला क्रिकेट में मेडिकल टीम फिजिकल को 10 विकेट से हराकर फाइनल में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मेडिकल कॉलेज ने फिजिकल एजुकेशन कॉलेज को 10 विकेट मात देकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। 8-8 ओवरों के इस मुकाबले में मेडिकल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। फिजिकल एजुकेशन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवरों में 2 विकेट खोकर कुल 78 रनों का स्कोर खड़ा किया। फिजिकल एजुकेशन की तरफ से कप्तान संध्या शर्मा ने 30 गेंदों में 55 रनों की नाबाद पारी खेली। संध्या ने अपनी पारी में 5 चौके और 4 छक्के लगाए। मेडिकल की तरफ से वैष्णवी सचिन ने 2 ओवरों में 2 विकेट अपने नाम किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी मेडिकल की टीम ने 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। मेडिकल की ओर से वैष्णवी सचिन ने 19 गेंदों में 45 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। मेडिकल की कप्तान वैष्णवी सचिन को वूमेन ऑफ द मैच भी चुना गया। पुरुष वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता का मुकाबला फिजियोथेरेपी और डेंटल के बीच हुआ। डेंटल ने टॉस जीतकर साइड को चुना। फिजियोथेरेपी ने गेम किक से स्टार्ट किया, फिजियोथेरेपी के चंदन ने 5वें मिनट में पहला गोल किया, दूसरा गोल 11वें मिनट में फिजियोथेरेपी से उमाम ने किया। तीसरा गोल फिजिकॉथेरेपी के चंदन ने 19वें मिनट किया। डेंटल की तरफ से मात्र 1 गोल 21वें मिनट में किया।



अंततः यह मुकाबला फिजियोथैरेपी ने 3-1 से अपने नाम कर लिया। फिजियोथैरेपी के चंदन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज और एग्रीकल्चर कॉलेज के बीच मुकाबला हुआ। एग्रीकल्चर कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर रेड चुना। फर्स्ट हाफ में 25-12 से नर्सिंग कॉलेज ने से बढ़त बनाए रखी और सेकेंड हाफ में भी 59-38 से नर्सिंग कॉलेज की टीम आगे रही। अंततः नर्सिंग कॉलेज ने 21 अंकों से मुकाबला अपने नाम कर किया। चौंपियनशिप के तहत खो-खो, मेल-फीमेल की टंग ऑफ वॉर, कैरम आदि की प्रतियोगिताएं भी हुईं।

# एसएमएस वैद्य जी स्कूल के फेयरवेल में कक्षा बारह के विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

**बिलारी।** नगर में एसएमएस वैदजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी में छात्र-छात्राओं में धूम मचा दी। कक्षा 11 के बच्चों ने



कक्षा 12 के बच्चों को विदाई दी। मिस्टर और मिस फेयरवेल का खिताब भी दिया गया। बच्चों ने फिल्मी गीतों पर नृत्य नाटिका आदि भी प्रस्तुत की। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम चला। गया। मिस्टर फेयरवेल युवराज, मिस फेयरवेल आन्नया चौधरी रही। मिस्टर परफेक्ट रोहित कुमार, मिस्टर रनर प्रथम रमन चौधरी, मिस्टर रनर सेकंड शिवकुमार, मिस्टर हैंडसम विद ब्रेन अब्दुल्ला, मिस्टर पंक्चुअल रोहित सैनी, मिस्टर पर्सनालिटी वैभव चौधरी, मिस फेयरवेल अवंतिका भारद्वाज, मिस रनर प्रथम सृष्टि औरा, मिस रनर सेकंड साक्षी, मिस ब्यूटी विद ब्रेन उम्मे तासिफा, ब्यूटीफुल गर्ल गोरवी, मिस पंक्चुअल राधिका चौधरी, मिस पर्सनालिटी अंशिका गुप्ता आदि रही। इसके अलावा निर्देशक अभिषेक भारद्वाज, उप शप्रधानाचार्य आरसी शर्मा, प्रधानाचार्य सुहासिनी सिंह, उनकी माता प्रभा सिंह आदि ने बच्चों का हौसला बढ़ाया

## एटा महोत्सव में मुरादाबाद के जादूगर जुगनू के मायाजाल ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**मुरादाबाद।** एटा महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित जिला औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में पीतल नगरी मुरादाबाद के प्रसिद्ध जादूगर जुगनू और उनकी टीम ने अपने रंगीन मायाजाल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक से बढ़कर एक रोमांचक और हैरतअंगेज करतबों ने पंडाल में मौजूद हजारों दर्शकों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया।जादूगर जुगनू के साथ उनके पुत्र जादूगर अनुभव और जादूगर अंकुश ने भी मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। हवा में तैरती बालिका, रहस्यमयी प्रयोग, रोशनी और संगीत के अद्‌भुत तालमेल ने कार्यक्रम को बेहद आकर्षक बना दिया। हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से पूरा परिसर उत्साह से भर उठा।कार्यक्रम में भूमि जोशी, चहक, आराध्या, वैष्णवी, आकांक्षा, आकृति, स्नेहा, मानवी, पीटर, संजीव शर्मा, अरविंद और लकी सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन जहूर मलिक ने प्रभावी ढंग से किया।यह भव्य आयोजन जिला प्रशासन एटा के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## महानगर में जगह-जगह कांवड़ियों की सेवा के लिए भंडारे व मेडिकल कैंप हुए आयोजित

**मुरादाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से कांठ रोड पर जगह-जगह भंडारे एवं निशुल्क मेडिकल कैंपों का आयोजन किया गया।

सेवा शिविरों में सुबह से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और उन्हें प्रसाद, फल, शीतल पेयजल तथा भोजन वितरित किया।मेडिकल कैंप में चिकित्सकों की टीम ने कांवड़ियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। यात्रा के दौरान थकान, बुखार, पैर में छाले और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से जूझ रहे श्रद्धालुओं को निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। प्राथमिक उपचार की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे जरूरतमंदों को तुरंत राहत मिल सके।आयोजकों ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सेवा कार्य देर रात तक जारी रहेगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। पूरे मार्ग पर "हर-हर महादेव" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने सेवा शिविरों की सराहना की।

## मां-बाप की बद्दुआओं से बचें: मौलाना अहसान अत्तारी

**कुंदरकी।** क्षेत्र के गांव अहमदनगर जैतबाड़ा में दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसा फैजाने लतीफी में जश्ने असनाद इज्तेमा मुन्अकिद हुआ जिसमें मदरसे के सोलाह हाफिज ए कुरआन के सरों पर दस्तार बांधकर सम्मानित किया गया इस मौके पर मुबल्लिगे दावते इस्लामी इन्डिया हाजी अहसान अत्तारी ने अपने बयान में कहा मां बाप की खिदमत करो और इनकी बद्दुआओं से बचें क्योंकि इनकी दुआ और बद्दुआ दोनों कबलू होती है मां बाप की खिदमत करने वाले दुनिया और आखिरत में कामयाब हैं आखिर में सलातो सलाम के बाद मुल्क व मिल्लत की खुशहाली के दुआ कराई इस अवसर पर कारी शाहिद अत्तारी कारी साजिद अत्तारी शुएब अत्तारी हाफिज वारिस हाजी ताहिर हाजी मुकर्रम राबुल हसन अरकान कघदरी आदि मौजूद रहे।

## पाकबड़ा में हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैंप का आयोजन

**पाकबड़ा।** शनिवार को मदरसा अब्दुल गफूर नईमी पाकबड़ा में हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में चेयरमैन मोहम्मद याकूब और सैकड़ो की तादात में हज के सफर पर जाने वाले यात्रियों ने



टीकाकरण कराया। इस वर्ष चेयरमैन मोहम्मद याकूब अपनी अहलिया और दोनों बेटियों के साथ हज के सफर पर रवाना हो रहे हैं। हज प्रशिक्षण इंचार्ज शम्मे आलम शहर इमाम पाकबड़ा ने हज पर जाने वाले यात्रियों को हज का प्रशिक्षण दिया। मोहम्मद याकूब चेयरमैन नगर पंचायत पाकबड़ा ने भी हज यात्रियों को मुबारक. बाद पेश की। इस मौके पर डॉ कुलजीत सिंह अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे। इस आयोजन में हज यात्रियों को हज के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें टीकाकरण कराया गया। यह आयोजन हज यात्रियों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण था और उन्हें हज के सफर के लिए तैयार करने में मदद की।

## कुंदरकी में विधानसभा चौपाल में केंद्रीय बजट 2026 की चर्चा



**मुरादाबाद।** महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में केंद्रीय बजट 2026 को लेकर शनिवार को विधानसभा चौपाल का आयोजन किया गया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि बजट जनकल्याण की मजबूत आधार शिला है और यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस कदम है। उन्होंने बजट की प्रमुख घोषणाओं और प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की।

## मोदी-ट्रंप ट्रेड डील को लेकर आम आदमी पार्टी का विरोध



**मुरादाबाद।** आम आदमी पार्टी, उत्तर प्रदेश ने मोदी-ट्रंप ट्रेड डील के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति महोदया को एक ज्ञापन सौंपा। पार्टी का आरोप है कि इस डील से देश के किसानों और आम नागरिकों के हितों को खतरा है। पार्टी ने डील को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

## कपड़ा खरीदने आए व्यापारी की बाइक चोरी

**ठाकुरद्वारा।** नगर के साप्ताहिक बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब कपड़ा खरीदने आए एक व्यापारी की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उत्तरखंड के महुआ खेड़ा गंज के मोहल्ला शक्ति चोराहा निवासी तस्लीम अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर के बताया कि अपनी टीवीएस रेडर (लाल रंग) बाइक से ठाकुरद्वारा के साप्ताहिक बाजार में कपड़ा खरीदने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में खड़ी कर दी और खरीदारी करने चले गए। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल मौके से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। व्यापारी ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति उनकी बाइक चोरी कर ले गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर बाइक बरामद करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। नगर में लगातार हो रही वाहन चोरी की घटनाओं से व्यापारियों और आम लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने पुलिस से बाजार क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# कांवड़ यात्रियों के स्वागत में उतरा प्रशासन, एसपी ग्रामीण ने परखी सुरक्षा व्यवस्था व पुष्प वर्षा



**ठाकुरद्वारा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। शनिवार को कुंवर आकाश सिंह ने आशीष प्रताप सिंह के साथ नगर के प्रमुख मंदिरों और कांवड़ मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसरों, प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों को बारीकी से देखा गया। शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा कर किया शिवभक्तों का अभिनंदन व भंडारे का किया आयोजन किया गया, साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए गए कि कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से कांवड़ यात्रियों का स्वागत भी किया गया। शिवभक्तों को जलपान वितरित किया गया तथा पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया। "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया। एसपी ग्रामीण ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करना और उन्हें सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था और आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, साथ ही आमजन को असुविधा न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखने को कहा। पुलिस प्रशासन की सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत दिखाई दिया और कांवड़ यात्रियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया इस दौरान कोतवाली प्रभारी मनोज परमार, एसएसआई विजेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह,उपनिरीक्षक रजत चौधरी,कांस्टेबिल निशांत कुमार, साजिद अहमद,रोहित कुमार, योगेश कुमार, परविन्द्र कुमार, साहिर महिला कॉस्टेबल स्टाफ मौजूद रहा।

## नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में एक 16 वर्षीय छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने मुख्य आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के साथ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र से छात्रा के गायब होने की सूचना पर परिजनों में हड़कंप मच गया। देर रात कोतवाली पुलिस को थाना तहरीर दी गई, जिसमें आरोप लगाया गया कि जुबैर पुत्र नसीम अहमद निवासी मलकपुर सैमली थाना डिलारी छात्रा को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर में यह भी आरोप है कि सुल्तान, नईम और नब्बू निवासी मलकपुर सैमली ने आरोपी का सहयोग किया। पुलिस ने मुकदमा संख्या 32/2026 धारा 137(2), 61(2), 65(1) बीएनएस व धारा 3/4(2) पोक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी। जीसपर कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी जुबैर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार व कांस्टेबल सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एफडीपी कार्यक्रम का समापन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्व विद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित एक सप्ताह का राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजीव अग्रवाल ने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवोन्मेषी सोच विक. सित करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यदि शिक्षक होनहार होगा, तो निश्चित ही विद्यार्थी हुनर सीखकर सफलता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवोन्मेषी सोच विकसित करने, उद्योग-शिक्षा समन्वय को मजबूत बनाने तथा स्टार्ट-अप उन्मुख वातावरण तैयार करने हेतु प्रेरित किया, जिससे कि आत्मनिर्भर एवं ज्ञान-आधारित भारत के निर्माण को गति मिल सके। प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा ने कहा कि उच्च शिक्षा में नवाचार, इन्क्यूबेशन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना शोध-आधारित विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन व आईएफटीएम-बीआईएफ के कार्यकारी अधिकारी डॉ. वैभव त्रिवेदी ने शिक्षकों एवं शोधार्थियों को उद्योगोन्मुख अनुसंधान, स्टार्ट-अप संस्कृति और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि उच्च शिक्षा में उद्यमिता, इन्क्यूबेशन एवं नवाचार को संस्थागत स्तर पर मजबूत करना समय की प्रमुख आवश्यकता है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. बी.के. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों, शोधार्थियों एवं अकादमिक समुदाय में उद्यमशीलता की सोच विकसित करने, नवाचार संस्कृति तथा स्टार्ट-अप उन्मुख शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह एफडीपी कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस एफडीपी में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से आए 108 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की व कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में एफडीपी के सह-संयोजक डॉ. अशोक कुमार ने सभी प्रतिभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नाजायज चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान नाजायज .चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस के उपनिरीक्षक उपनिरीक्षक किरन्त पंवार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल अमित कुमार व कांस्टेबल गौरव कुमार क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे इसी दौरान साधना मैरिज हाल से कमालपुरी की ओर जाने वाले मार्ग पर नहर की पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक खड़ा दिखाई दिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सालिम पुत्र अहमद अली निवासी ग्राम पीलकपुर गुमानी बताया पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ धारा 4द्25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वही पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ चोरी, आर्म्स एक्ट व गैंगस्टर एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं।

## खाईबाड़ी के आरोप में एक को किया गिरफ्तार

**भोजपुर।** शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांव पीपलसाना में पुराना बुध बाजार के निकट हो रही प्लाटिंग में खाईबाड़ी कर रहे। मंदिर वाली गली पीपल साना निवासी शमीम पुत्र असर अली को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से अधजली मोमबत्ती, माचिस की डिब्बी, सट्टे के नंबर लिखीं पर्चियां, पेन, डायरी और 310 रुपए की नगदी बरामद कर चालान कर दिया।

## एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स, संवाददाता**
**कुंदरकी।** नगर के चकफाजलपुर रोड स्थित एवरग्रीन पब्लिक इंटर कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया इस मौके पर प्रतिभागी बच्चों ने संस्कृत कार्यक्रम शानदार प्रस्तुति की शनिवार को आयोजित मुख्य अतिथि के रुप में प्रबंधक हाजी मेहंदी हसन पहुंचे सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया और अपनी दुआओं से नवाजा उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम में फर्श से अर्श तक पहुंचा जा सकता है शिक्षा के बिना मानव के जीवन में केवल अंधकार है अगर हम हमें इस अंधकार को मिटाना है तो अपने जीवन में शिक्षा का बढ़ावा देना होगा शिक्षा से ही हम अपने जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं बिना शिक्षा के जीवन के इस अधूरी को समाप्त करने के लिए हम सबको शिक्षित होना होगा विद्यालय के प्रवक्ता नजबुल हसन ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति अपने मन में जितना उत्पन्न करनी होगी हम सब तभी आगे बढ़ सकते हैं शिक्षा के बिना मानव का विकास नहीं हो सकता विद्यार्थियों को बताया कि बोर्ड परीक्षा नजदीक है और जो विद्यार्थी जिस विषय में कमजोर हैं वह सुबह और रात को उस विषय की मेहनत से तैयारी करें कहा कि भी विद्यार्थियों को मायूस होने की आवश्यकता नहीं है सभी मेहनत कर आगे बढ़ने का प्रयास करें विद्यालय प्रांगण में अनेक बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी जिसके बालिकाओं ने देशभक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत किए कई छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से अपनी काबिलियत का लोहा मनाया इस दौरान अनेक अतिथियों ने अपने विचारों में सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया उनके उज्जवल भविष्य की कामना की विशिष्ट अतिथि के रूप मे मो इरफान (पूर्व प्रधानाचार्य) अपने संबोधन में बोलते हुए कहा शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो हमें सही और गलत में भेद करना सिखाती है।ष शिक्षा ही वह एकमात्र हथियार है जिससे अज्ञानता और कुरीतियों के अंधकार को मिटाकर एक उन्नत समाज का निर्माण किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ आर बी सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि आइए, हम सब मिलकर शिक्षा को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प लें।षहमें शिक्षा के अवसर का सम्मान करना चाहिए और एक जागरूक नागरिक बनकर समाज की प्रगति में योगदान देना चाहिए।संचालन कक्षा 11 की छात्रा जिकरा सादिक ने किया इस मौके पर प्रधानाचार्य कुमारी शबाना शिक्षक नजबुल हसन शाहनवाज हैदर पुष्पेंद्र सिंह अभिषेक वर्मा महफूज अली अर्पित सिंह राजदा जयश्री नूरी शाम वीरबाला समीना फिजा नमरा इल्यास मीना आदि समस्त कॉलेज स्टाफ मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### बैग से जेवर चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** ससुराल से घर जाते वक्त बैग से जेवर और नगदी चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एक आरोपी को पकड़कर पुलिस को भी सौंपा गया। अब पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। जनपद बरेली के थाना सिरौली के गांव सहवाजपुर निवासी राशिद पुत्र असलम की ससुराल बिलारी थाना क्षेत्र के गांव थावंला में स्थित है, वह अपनी पत्नी को थावंला गांव से लेकर अपने घर सहबाजपुर 8 फरवरी को जा रहा था। इसी बीच महाराणा प्रताप चौक से वह एक टेंपो में बैठा। जहां पीछे बैठे दो लोगों ने बैग से सोने चांदी के जेवर और 20 हजार की नकदी चुरा ली। यह दौरान पति राशिद की नजर पड़ी तो एक आरोपी को उस्मान को गिरफ्तार करके पुलिस को सौंप दिया। एक आरोपी मौके से बैग लेकर फरार हो गया। जिसमें जेवर आदि थे। पुलिस ने अब दूसरे आरोपी थाना मैनाठेर क्षेत्र के गांव नूरपुर गागन तिराहा निवासी आसिफ पुत्र नजीर अहमद अहमद को गिरफ्तार किया। उसके पास 500 के चार नोट, एक जोड़ी, पीली धातु के कुंडल, एक जोड़ी सफेद पाजेब भी बरामद हुई। दरोगा विपिन कुमार, कांस्टेबल गिरिराज सिंह, नितिन कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### नगरपालिका की कार्रवाई, 50 किलो से अधिक प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त

**चन्दौसी।** नगर में प्रतिबंधित पॉलिथीन के बढ़ते प्रयोग को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर पॉलिथीन और डिस्पोजल के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद कुछ दुकानों पर प्रति. बंधित पॉलिथीन की बिक्री जारी थी। इस पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम के नेतृत्व में सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, लेखा विभाग के प्रभाकर गुप्ता एवं अन्य कर्मचारियों की टीम ने अभियान चलाकर एक सेल्समैन के पास से 50 किलोग्राम से अधिक प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त की और नियमानुसार कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि प्रतिबंधित पॉलिथीन पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है और शासन के निर्देशानुसार इसके प्रयोग और बिक्री पर पूर्ण रोक सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग न करने की अपील की।

### महाशिवरात्रि पर्व पर कावड़ियों की सुरक्षा के लिए नागरिक सुरक्षा की ड्यूटी लगाई गई



**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के आद. शानुसार महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए नागरिक सुरक्षा के वार्डन्स की ड्यूटी लगाई गई है। हरथला पोस्ट की ड्यूटी विवेकानंद अस्पताल से सब्जी मंडी हरथला तक लगाई गई है। नागरिक सुरक्षा के स्टॉफ अधिकारी शरीफ अहमद, डिप्टी पोस्ट वार्डन अजयवीर सिंह, सेक्टर वार्डन हरेंद्र कुमार, रविंद्र वीर सिंह, योगेश कुमार, दिलीप नेगी, दिलफराज मलिक, अतुल कुमार ज्योति गोला आदि उपस्थित रहे।

### युवाओं ने पुलवामा हमले की 7वीं बरसी पर शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि, निकाला कैंडल मार्च

**मुरादाबाद।** पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को हुए आतंकी हमले की सातवीं बरसी पर शहर के युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर शहीद सीआरपीएफ जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। रजत शर्मा के नेतृत्व में निकले इस मार्च में युवाओं ने हाथों में "अमर शहीद अमर रहें" और "आतंकवाद मुर्दाबाद" की तख्तियां लेकर आतंकवाद के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि इस हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे।कैंडल मार्च शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शहीदों को नमन करता रहा। युवाओं ने मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखा और शहीद परिवारों के प्रति संवे. दना प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।



### सफाई कर्मचारियों के वेतन से अवैध कटौती का आरोप, नगर आयुक्त से की शिकायत

**मुरादाबाद।** संविदा कर्मचारियों के वेतन से कथित अवैध कटौती के विरोध में स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओमी लाल वाल्मीकि एवं नगर निगम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने पीली कोठी स्थित नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि वेटोमोटेक कंपनी द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन से अनुचित रूप से धनरा. शि काटी जा रही है, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त को अवगत कराया कि कर्मचारी पहले ही सीमित वेतन पर कार्य कर रहे हैं, ऐसे में किसी भी प्रकार की अवैध कटौती उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ डाल रही है। उन्होंने मांग की कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और कर्मचारियों का पूरा वेतन सुनिश्चित किया जाए।नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने मामले पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संविदा कर्मचारियों के वेतन से किसी भी प्रकार की अवैध कटौती नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां ( मुरादाबाद )।

पत्रांक:- 829/न0पं0उ0क0/2025-26 दिनांक:- 13.02.2026

### ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत उमरी कलां जनपद मुरादाबाद को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15वें केन्द्रीय वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से विकास कार्य कराने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.02.2026 को दोपहर 12.00 बजे से 09.03.2026 की दोपहर 2.00 बजे तक Online डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। अपलोड किये गये दस्तावेजों की मूल प्रतियों दिनांक 09.03.2026 को दोपहर: 02.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत उमरी कलां, मुरादाबाद एवं कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद में रखे टेण्डर वॉक्स में डाली जायेगी, जो उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेंगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/निविदा शर्तों का भली-भाँति अव्ययन कर लें। अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में एवं https://elender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**( अरविन्द कुमार )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत उमरी कलां,**
**जनपद- मुरादाबाद।**

**( मोहम्मद उसमान अली )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत उमरी कलां,**
**जनपद- मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दौलरा
## विकास खण्ड-मूढ़ापांडे ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 14.02.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत दौलरा विकास खण्ड मूढ़ापांडे मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 20.02.2026 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 20.02.2026 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिलक दौलरा में कब्रिस्तान ट्रांसफार्मर के सामने से मस्जिद होते हुए गबला हारून के मकान तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 190X4 मी0 | 14,80,000 | 29600 | 200/- | 3 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत दौलरा**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### नेपाल के खिलाफ वेस्टइंडीज की नजरें लगातार जीत पर

**मुंबई, वार्ता।** रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में जब अपरा. जित वेस्टइंडीज का सामना पुरुष टी 20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप सी के हाई-स्टेक मुकाबले में नेपाल से होगा, तो रोमांच देखने को मिलेगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होगा। कैरेबियाई टीम जबरदस्त फॉर्म में है, उसने शुरुआती दोनों गेम जीते हैं, जिसमें टूर्नामेंट की फेवरेट टीमों में से एक इंग्लैंड पर 30 रन की शानदार जीत भी शामिल है। शेरफेन रदरफोर्ड को कोई रोक नहीं सका, उन्होंने सिर्फ 41 गेंदों पर 76 रन बनाए, जबकि शिमरोन हेटमायर ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पहले मैच में मैच जिताने वाली 64 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज के बॉलर्स ने भी गेंदबाजी का कमाल दिखाया है। रोमारियो शेफर्ड ने स्कॉटलैंड के खिलाफ 5/20 विकेट लिए, और गुडाकेश मोती ने इंग्लैंड के खिलाफ अहम तीन विकेट लिए।

### कपिल ने पहली गेंद से ही रन बनाने की काबिलियत के लिए अभिषेक शर्मा की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के पूर्व महान क्रिकेटर कपिल देव ने टी-20 सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की पहली गेंद से ही बड़े शॉट मारने की काबिलियत की तारीफ की है।

कपिल ने शुक्रवार शाम को कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर आप पहली गेंद पर छक्का मार सकते हैं, तो क्यों नहीं इसके लिए आपको बहुत काबिलियत चाहिए। अगर वह दो साल, तीन साल तक ऐसा कर सकता है, तो हम कहेंगे कि वह कितना बढ़िया खिलाड़ी है। हालांकि उन्होंने अभिषेक को सावधान किया कि उसे लगातार बेहतर होते रहना होगा।

# विवादों से परे आज होगा भारत-पाक महामुकाबला

● **यह मुकाबला, जो पहले से ही अपने जोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई जबरदस्त घटनाओं की बैकग्राउंड में हो रहा**




**कोलंबो, वार्ता।** रविवार को क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंतज़ार किए जाने वाले मैचों में से एक होगा, जब भारत और पाकिस्तान पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में यहां आर प्रेमदासा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। यह मैच, जो पहले से ही अपने ज़ोरदार खेल के लिए मशहूर है, मैदान के बाहर हुई ज़बरदस्त घटनाओं के बैकग्राउंड में हो रहा है, जिसने टूर्नामेंट में और भी दिलचस्प बातें जोड़ दी हैं।

बंगलादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए वर्ल्ड कप से नाम वापस ले लिया, और अपने ग्रुप-स्टेज मैचों के लिए भारत नहीं आने का फैसला किया। उनकी जगह, स्कॉटलैंड ने यह पक्का किया कि टूर्नामेंट आसानी से हो सके। शुरू में, खबर थी कि बंगलादेश के नाम वापस लेने के बाद पाकिस्तान भारत के खिलाफ अपने मैच का रिव्यू कर रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी के साथ बातचीत के बाद, पाकिस्तान ने कन्फर्म किया कि वे तय समय पर भारत के खिलाफ खेलेंगे, जिससे फैन बिना किसी रुकावट के इस बड़े मैच का इंतज़ार कर सकें। मैदान पर, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में आठ मैचों में सात जीत के अपने शानदार रिकॉर्ड के दम पर फेवरेट के तौर पर उतरेगा, जिसमें पिछले साल एशिया कप में मिली जीत भी शामिल है। भारत की बैटिंग की ताकत जबरदस्त शुरुआत और मोमेंटम बनाए रखने में काबिल एक मज़बूत मिडिल ऑर्डर का कॉम्बिनेशन है। ईशान किशन ज़बरदस्त फॉर्म में हैं, 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 220 से ज्यादा रहा है और उन्होंने हाल ही में 24 गेंदों पर 61 रन बनाए हैं। अगर वह जल्दी चल पड़ते हैं, तो भारत पावरप्ले पर कंट्रोल कर सकता है और पाकिस्तान पर तुरंत प्रेशर डाल सकता है। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से बीच के ओवरों में पारी को संभालने की उम्मीद है, जबकि हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे और अक्षर पटेल डेथ ओवरों में तेज़ी लाने के लिए फायरपावर देंगे। भारत का बॉलिंग अटैक भी उतना ही बैलेंस्ड है। जसप्रीत बुमराह पेस यूनिट को लीड करते हैं, जिन्हें स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर और कुलदीप यादव का सपोर्ट मिलता है, जो कोलंबो की धीमी, टर्निंग पिच के लिए काफी सही हैं। पाकिस्तान ग्रुप स्टेज में लगातार मैच जीतकर अपने मोमेंटम के साथ आ रहा है। उनकी ताकत उनके स्पिन अटैक में है, जिसे शादाब खान और अनोखे उस्मान तारिक लीड कर रहे हैं, जो धीमी पिच पर अच्छा खेलते हैं और भारत के मिडिल ऑर्डर को परख सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान, जो पिछले गेम में शानदार 73 रन की पारी खेलकर पेश हुए हैं, बाबर आज़म और उस्मान खान के साथ मिलकर पारी को संभालेंगे और भारत की बैटिंग की गहराई को चुनौती देने के लिए पार्टनरशिप बनाएंगे। अब जब मैदान के बाहर की अनिश्चितताएं दूर हो गई हैं, तो पाकिस्तान सिर्फ परफॉर्मेंस पर फोकस कर सकता है, जिससे उन्हें भारत के दबदबे का मुक. ाबला करने का एक भरोसेमंद मौका मिलेगा। इस मुकाबले में टॉस अहम भूमिका निभा सकता है। बीच-बीच में बारिश का अनुमान है, और आसमान में बादल छाए रहने से पारी की शुरुआत में सीमर्स को फायदा हो सकता है, जबकि धीमी होती पिच से मैच आगे बढ़ने पर स्पिनर्स को फायदा होगा। टी-20 क्रिकेट, खासकर इतने बड़े मैच में, अक्सर कुछ अहम पलों पर निर्भर करता है, एक शानदार पार्टनरशिप, अचानक हार, या एक अच्छी तरह से की गई डिलीवरी नतीजा तय कर सकती है। आखिर में, भारत पाकिस्तान के खिलाफ टी 20 वर्ल्ड कप मैच जीतने का सिल. सिला जारी रखने के लिए फेवरेट के तौर पर उतरेगा, लेकिन यह कोई सीधा मुकाबला नहीं होगा। किशन की ज़बरदस्त बैटिंग, पाकिस्तान का टैक्टिकल स्पिन अटैक, और बंगलादेश के हटने और पाकिस्तान के शेड्यूलिग रिव्यू के सुलझने के बाद साइकोलॉजिकल इंटेंसिटी यह पक्का करती है कि यह मैच ड्रामा, हाई-स्टेक कॉम्पिटिशन और यादगार पलों का वादा करता है। स्किल और इमोशन दोनों में, यह मुकाबला क्रिकेट के सबसे कड़े मुकाबलों में से एक जैसा नज़ारा पेश करने के लिए तैयार है।

## टेलर, बेन, डेनिस और सिलिच सेमीफाइनल में

● **टेलर फिट्ज ने कड़े मुकाबले व चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2) 6-4, 6-7(5) से हराया**

**डलास, वार्ता।** टेलर फिट्ज, बेन शेल्टन, डेनिस शापोवालोव और मारिन सिलिक ने अपने क्वार्टर-फाइनल मैच जीत कर नेक्सो डलास ओपन सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टेलर फिट्ज़ ने शुक्रवार को एक कड़े मुकाबले और चोट के डर से उबरते हुए सेबेस्टियन कोर्डा को 6-7(2), 6-4, 7-6(5) से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

4-5, 30/15 पहले सेट में, फिट्ज ने एक अजीब बैकहैंड फ्लिक मारा जिससे तेज दर्द हुआ और उसी गेम में फिजियो को दिखाना पड़ा। पिछले साल लगी चोटों के बारे में पूरे हफ्ते बात करने के बाद, यह एक खतरनाक नज़ारा था। फिट्ज़ की चोट पर काम हुआ और उन्हें अभी भी दर्द महसूस हो रहा था, लेकिन उतना तेज नहीं। फिजियो ने उन्हें कई बार देखा, जिससे उन्हें मदद मिली। फिर भी, फिट्ज को कोर्डा से निपटना पड़ा, जिन्होंने आखिरी सेट के टाई-ब्रेक में 5/4 पर सर्व किया। लेकिन एटीपी रैंकिंग में पहले नंबर 15 के खिलाड़ी ने लगातार फोरहैंड गलतियां कीं, जिससे फिट्ज बच निकले। टॉप सीड खिलाड़ी ने 22 एस मारे और अपने सामने आए सभी चार ब्रेक पॉइंट बचाए। फिट्ज़ का अगला मुकाबला पहले वर्ल्ड नंबर 3 मारिन सिलिच से होगा।

## बुमराह-कुलदीप भारत के प्रमुख हथियार

### पाक के खिलाफ मैच पर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली ने दी बेबाक राय




**दुबई, वार्ता।** मिस्टर क्रिकेट यूएई पॉडकास्ट ने आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप को समर्पित अपनी ऑफिशियल सीरीज के दूसरे एपिसोड में इंटरनेशनल क्रिकेट स्टार मोईन अली का खास मेहमान के तौर पर स्वागत किया, जहां इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर ने बड़ी भविष्यवाणियां, टैक्टिकल जानकारी और भारतीय स्टार जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव की जमकर तारीफ की। अनीस साजन (मिस्टर क्रिकेट यूएई के फाउंडर) के साथ एक गहरी बातचीत में, मोईन ने टूर्नामेंट के पर्दे के पीछे की झलक दिखाई, जिसमें टीम कॉम्बिनेशन, खास मैच-अप और हालात पर चर्चा की, जिसमें खास तौर पर भारत बनाम पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले पर ध्यान दिया गया, जिसका बेसब्री से इंतज़ार है, जो दुनिया के खेलों में सबसे मशहूर मुकाबलों में से एक है।

मोईन अली की खास बातें

प्रेमदासा पिच पर:

आम तौर पर, प्रेमदासा में टर्न मिलता है। यह ऐसी सतह है जहां स्पिनरों को मदद मिल सकती है, लेकिन मुझे लगता है कि इस मैच के लिए एक अच्छा विकेट तैयार किया जाएगा ताकि दोनों टीमें अपना नैचुरल गेम खेल सकें और यह एक सही मुकाबला बन जाए।

भारत के खास खिलाड़ियों पर:

अगर आप भारत को देखें, तो सूर्यकुमार यादव वह बैटर हैं जिनके बारे में पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिता करनी चाहिए। वह बहुत तेज़ी से गेम बदल सकते हैं। और बॉलिंग के नज़रिए से, यह जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ही हैं, वह किसी भी कंडीशन में मैच-विनर हैं।

पाकिस्तान के टीम कॉम्बिनेशन पर:

मुझे सच में लगता है कि पाकिस्तान को ऐसे कॉम्बिनेशन के साथ जाना चाहिए जिसमें फखर जमान खेलें। यह एक बोल्ड फैसला है, लेकिन मेरा मानना है कि वह बड़ा बदलाव ला सकते हैं। मैं शाहीन अफरीदी और ख्वाजा नफे को भी टीम में देखना चाहूंगा, और टीम का बैलेंस मजबूत करने के लिए विकेटकीपिग रोल में भी बदलाव कर सकता हूं। असल में, मुझे लगता है कि इस मैच के लिए बाबर आजम की जगह फखर जमान को लाना चाहिए ताकि पाकिस्तान को भारत की ताकत का मुक. ाबला करने का सबसे अच्छा मौका मिल सके और ख्वाजा को विकेटकीपर के तौर पर उस्मान खान की जगह भी लेना चाहिए।

भारत के टीम सिलेक्शन पर:

भारत के लिए, मैं निश्चित रूप से चाहूंगा कि कुलदीप यादव खेलें। वह पाकिस्तान के लिए किसी भी दूसरे भारतीय बॉलर से बड़ा खतरा होंगे।

पाकिस्तान की बॉलिंग से खतरा:

पाकिस्तान की तरफ से, मुझे लगता है कि अबरार अहमद ऐसे खिलाड़ी हैं जिनसे इंडिया को सच में सावधान रहना चाहिए। उनमें बैटर्स को परेशान करने की काबि. लियत है। मैं उस्मान तारिक का भी ज़िक्र करूंगा क्योंकि वह बहुत चालाक हैं, और इंडिया ने उनका ज्यादा सामना नहीं किया है, जो उन्हें खतरनाक बनाता है।

मैच के नतीजे पर:

आम तौर पर मुझे कहना होगा कि इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ हमेशा जीत सकता है, ईमानदारी से, जैसे मैं पहली बार कह रहा हूं कि पाकिस्तान जीतेगाß

टूर्नामेंट के आउटलुक पर:

मेरे चार सेमीफाइनलिस्ट इंडिया, साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड

## चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैने मुकाबला करना लीड करना और सपने देखना सीखा : कुंबले




● **भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चिन्नास्वामी स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत में कुछ ही ग्राउंड ऐसे हैं जो एम चिन्नास्वामी स्टेडियम जितनी यादें, जीत और दुख समेटे हुए हैं। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले शुक्रवार को स्टेडियम की 50वीं सालगिरह मनाने के लिए स्टेडियम लौटे, और अपने करियर के बारे में बताया जो एक युवा दर्शक के तौर पर वहीं से शुरू हुआ और देश के सबसे मशहूर क्रिकेट ग्राउंड में से एक के साथ-साथ आगे बढ़ा।

कुंबले ने याद किया कि नौ साल की उम्र में वह बेंगलुरु की इस जगह पर रणजी ट्रॉफी मैच देखने के लिए पुलिस को चकमा देकर चुपके से निकल गए थे। उन्होंने याद करते हुए कहा कि मैं रोजर बिन्नी को सेंचुरी बनाते देखने आया था। मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं यहां खेलूंगा, या इंडियन कैप भी पहनूंगा। किस्मत ने पलटा खाया, कुंबले के अपने रणजी डेब्यू में भी बिन्नी कप्तान थे, यह एक ऐसे करियर की शानदार शुरुआत थी जिसने इंडियन स्पिन के एक युग को तय किया। उन्होंने स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया, जहां क्रिकेट का हर सबक सीखा गया-एज-ग्रुप मैचों की मुश्किलों से लेकर रणजी ट्रॉफी मुकाबलों की तेज़ी तक। उन्होंने कहा कि यहीं पर मैंने मुक. ाबला करना, लीड करना और सपने देखना सीखा। स्टैंड्स ने गर्व, दिल टूटना और ऐसे यादगार पल देखे हैं जो हमेशा आपके साथ रहते हैं। कुंबले ने उन महान खिलाड़ियों को याद किया जिनके नाम अब पवेलियन में सजे हैं। राहुल द्रविड़, शांता रंगास्वामी, जवागल श्रीनाथ और डा. थिम्मापैय्या। उन्होंने कहा कि ए वो लोग हैं जिन्होंने कर्नाटक क्रिकेट को बनाया है, और उनके नाम पत्थर पर खुदे देखना बहुत दिल को छू लेने वाला है। अपनी पर्सनल खास बातों पर बात करते हुए, कुं. बले ने 2007 के टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कप्तानी, 1996 में सचिन तेंदुलकर के साथ टाइटन कप जीतना और 1995-96 में कप्तान के तौर पर रणजी ट्रॉफी उठाना याद किया। वह मुश्किल पलों से भी पीछे नहीं हटे, पाकिस्तान के खिलाफ 1996 के वर्ल्ड कप क्वार्टर-फाइनल के टेंशन को याद करते हुए, उस प्रेशर को ष्ऐसा बताया जैसा मैंने पहले कभी नहीं झेला।

## आयरलैंड ने ओमान को हराया

**कोलंबो, वार्ता।** कप्तान लोर्कान टकर (नाबाद 94), गैरेथ डेलेनी (56) तथा जॉर्ज डॉकरेल (नाबाद 35) की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत आयरलैंड ने शनिवार टी-20 विश्वकप के 22वें मुकाबले में ओमान को 96 रनों से हराया। यहां 236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओमान के अधिकतर बल्लेबाज आयरलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के बेबस नजर आए और उनकी पूरी टीम 18 ओवर में 139 के स्कोर पर सिमट गई। आमिर कलीम ने ओमान के लिए सर्वाधिक 50 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 29 गेंदों का सामना किया और पांच चौके और दो छक्के लगाए। इसके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 गेंदों में छह चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 46 रनों की पारी खेली। सुफियान महमूद 10 रन बनाकर आउट हुए। शेष आठ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। आयरलैंड के लिए जॉश लिटिल ने 16 रन देकर तीन विकेट झटके। मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मक्कार्थी को दो-दो विकेट मिले। जॉर्ज डॉकरेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 64 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिए। टिम टेक्टर (पांच), रॉस ऐडेर (14), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैमफर 12 रन बनाकर आउट हुए। इनमें से तीन बल्लेबाजों को शकील अहमद ने आउट किया। ऐसे संकट के समय लोर्कान टकर और गैरेथ डेलेनी ने पारी को संभाला और विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 17वें ओवर में शाह फैसल ने गैरेथ डेलेनी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गैरेथ डेलेनी ने 30 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 56 रन बनाए। आयरलैंड ने ओमान के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 235 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। लोर्कान टकर ने 51 गेंदों में 10 चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 94 रनों की पारी खेली।

## पाक के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए हो बुमराह का इस्तेमाल : संजय बांगर




● **कहाः पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते है, खासकर पाक जैसी मजबूत टीम के खिलाफ**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह को पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती विकेट लेने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

'फॉलो द ब्लूज' कार्यक्रम में जियोस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टूर्नामेंट में स्पिन को लेकर भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन और पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में संभावित बदलावों पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आप जसप्रीत बुमराह का कहीं भी उपयोग करें, वह जाहिर तौर पर वैल्यू ऐड करेंगे। लेकिन मुझे लगता है कि उन्हें शुरुआत में ही इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि जल्दी विकेट मिल सकें और विरोधी टीम पर जल्दी अटैक किया जा सके। पावरप्ले में विकेट बहुत मायने रखते हैं, खासकर पाकिस्तान जैसी मजबूत टीम के खिलाफ। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि बुमराह पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत करेंगे।


उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की एकादश में बदलावों को लेकर कहा कि मुझे लगता है कि भारत अपने स्पिन अटैक को और मजबूत करेगा क्योंकि जब उन्होंने 50 ओवर की चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था, तो उन्होंने चार स्पिनरों का इस्तेमाल किया था। इसे देखते हुए, भारत को साफ तौर पर लगता है कि पाकिस्तानी बल्लेबाजों को स्पिन का सामना करने में परेशानी हो सकती है। इसलिए, मैं निश्चित रूप से एक सीमर की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने का समर्थन करूंगा, और वह सीमर अर्शदीप सिंह होना चाहिए।

उन्होंने स्पिन खेलने में भारतीय बल्लेबाजों को हो रही दिक्कत के सवाल पर कहा कि हां, इस विश्वकप के पहले दो मैचों में, भारत ने बीच के ओवरों में स्पिन के कारण विकेट गंवाए हैं। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए भी हो सकता है क्योंकि वे पहले बल्लेबाजी कर रहे थे और उनसे 200-220 रन से अधिक बनाने की उम्मीद थी। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ मैच में, मुझे लगता है कि वे हालात को बेहतर तरीके से समझेंगे। बड़े मैदान पर उनका शॉट चयन थोड़ा अलग हो सकता है।

## मुचोवा-म्बोको में होगा खिताबी मैच




● **इस जीत ने कैरोलिना मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया**



● **विक्टोरिया म्बोको ने एलेना ओस्टापेंको को 6-3 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की**

**दोहा, वार्ता।** चेक की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को दोहा में ग्रीस की मारिया सकारी पर तीन सेट की जीत के साथ कतर टोटलएनर्जीज़ ओपन के फाइनल में पहुंच गईं। इस जीत ने मुचोवा को उनके तीसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचा दिया, क्योंकि वह इस लेवल पर अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर पिछली चार मुलाकातों में मुचोवा सकारी से कभी नहीं हारी थीं, लेकिन यह सिलसिला खतरे में दिख रहा था जब सकारी ने लगातार पांच गेम जीतकर 6-3, 2-0 की बढ़त बना ली। मुचोवा ने अपना अग्रेसिव स्टाइल जारी रखते हुए लगातार पांच गेम जीते और दूसरे सेट में 5-2 से आगे हो गईं। हालांकि सकारी ने अंतर 5-4 कर दिया, लेकिन मुचोवा ने मजबूती से सेट 6-4 से जीता और फिर तीसरा सेट 6-1 से अपने नाम कर लिया। यह 29 साल की खिलाड़ी के लिए सीजन का दूसरा सेमीफाइनल था और साल की उनकी 11वीं जीत थी - सिर्फ 19 साल की कनाडाई विक्टोरिया म्बोको के बाद दूसरी जीत, जिन्होंने शनिवार को एलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अपनी 13वीं जीत हासिल की और अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में पहुंचीं। मुचोवा, जिनका एकमात्र डब्ल्यूटीए टूर सिगल्स टाइटल 2019 में सोल में आया था, शनिवार को पहली बार म्बोको का सामना करेंगी। कैनेडियन का अगले हफ्ते टॉप 10 में आना पक्का है।

## ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर देने उतरेगी भारतीय टीम

● **दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी भारतीय महिला टीम**




**सिडनी, वार्ता।** भारत अपनी पहली वर्ल्ड कप जीत से उत्साहित है और दुनिया की टॉप रैंक वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को मल्टी-फॉर्मेट सीरीज में उसके घर में चुनौती देगी। भारत पहले ही ऑस्ट्रेलिया के पिछले ताजों में से एक हासिल कर चुका है। अब, वे पूरे आत्मविश्वास के साथ सिडनी पहुंचे हैं और उनके पास सभी फॉर्मेट की सबसे अच्छी टीम होने का दावा करने का मौका है। रविवार को सिडनी में पहला टी-20 मैच, पिछले साल के वनडे वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को चौंकाने के बाद दोनों कट्टर दुश्मनों के बीच पहली मुलाकात होगी, जिसमें भारत ने टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम को बाहर कर दिया था और फिर अपना पहला सीनियर महिला आईसीसी खिताब जीता था। उस जीत के बाद, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना सहित भारत की सीनियर खिलाड़ियों ने कहा कि वे एक ट्रॉफी से संतुष्ट नहीं हैं, और इसके बजाय उनकी नजर दुनिया पर राज करने पर है। ऑस्ट्रेलिया को - जो दोनों व्हाइट-बॉल फॉर्मेट में दुनिया की टॉप रैंक वाली टीम बनी हुई है (महिलाओं के लिए कोई टेस्ट रैंकिग नहीं है) - उनकी धरती पर हराना उस 'वर्ल्ड डॉमिनेशन' बॉक्स में एक सीरियस टिक होगा। शनिवार को सिडनी में कौर ने कहा कि हम अपने सभी टारगेट को पाने के लिए सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप जीतना उनमें से एक था, इसलिए हम सही रास्ते पर हैं। हम बस सच में कड़ी मेहनत कर रहे हैं, और उम्मीद है कि जब भी हम खेलेंगे तो अपना बेस्ट देते रहेंगे। हम जानते हैं (ऑस्ट्रेलिया) बहुत मजबूत है। हमने देखा है कि वे इतने लंबे समय से बहुत अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। एक बात बहुत साफ है, जब भी आप एक अच्छी सोच और एक अच्छे, पॉज़ीटिव अप्रोच के साथ जाते हैं, तो आप हमेशा अपना बेस्ट दे सकते हैं। मल्टी-फॉर्मेट सीरीज़ फॉर्मेट, जिसमें तीन टी-20, तीन वनडे और एक टेस्ट शामिल हैं, यकीनन महिलाओं के खेल में सबसे बड़ी चुनौती है, जिसमें टीमों को अगले तीन हफ्तों में जल्दी-जल्दी एक के बाद एक फॉर्मेट बदलने पड़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपने घर पर दोनों टीमों के बीच पिछली पॉइंट्स-बेस्ड सीरीज़ में से सिर्फ 11-5 से जीत हासिल की थी। 2023 में भारत के उनके ऑल-फॉर्मेट दौरे में कोई ओवरऑल ट्रॉफी नहीं थी, लेकिन अगर पॉइंट्स दिए जाते, तो वे 10-6 से जीतकर जाते। आज तक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ एक सीरीज जीती है, जो दस साल पहले 2016 में तीन मैचों की टी-20 सीरीज थी। 2024 के आखिर में वनडे सीरीज के लिए अपने सबसे हालिया दौरे पर, वे 0-3 से हार गए थे। हालांकि, लंबे समय से महिलाओं के खेल की 'स्लीपिग जायंट' मानी जाने वाली टीम, विमेंस प्रीमियर लीग के बाद कॉन्फिडेंस के साथ सिडनी पहुंची है।

# शिवसेना ने वैलेंटाइन-डे का जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वैलेंटाइन डे के विरोध और शहीदी दिवस के रूप में 14 फरवरी मनाने की मांग को लेकर शिवसेना पदाधिकारियों ने पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि वैलेंटाइन डे जैसे आयोजनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति पर प्रहार हो रहा है और अश्लीलता को बढ़ावा दिया जा रहा है।शिवसेना प्रतिनिधियों ने कहा कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है, जिसे रोकने के लिए प्रशासन को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। उन्होंने होटलों, रेस्टोरेंटों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की मांग की। संगठन ने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या जबरन धर्मांतरण जैसी शिकायतों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, शिवसेना ने 14 फरवरी को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों की स्मृति में शहीदी दिवस के रूप में मनाने की अपील की। ज्ञापन में प्रशासन से अनुरोध किया गया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं

# महाशिवरात्रि पर निकली भोले बाबा की भव्य शोभायात्रा, जयघोष से गूंजा नगर

**चन्दौसी।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को नगर में कैथल गेट से भगवान भोले बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा का शुभारंभ सायं करीब 6 बजे कैथल गेट से हुआ। शोभायात्रा में शिवभक्त आकर्षक कांवड़ लेकर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष करते हुए चल रहे थे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। शोभायात्रा में भगवान शिव की झांकियों के साथ महामायी काली की झांकी भी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शिव बारात में रावण का स्वरूप भी शामिल रहा, जिसने अपने प्रभावशाली अभिनय से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। जैसे ही शिव बारात विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा कैथल गेट से शुरू होकर ब्रह्म बाजार, बिसौली गेट, बड़ा बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कैथल गेट पर पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने शिव बारात के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त शामिल रहे और श्रद्धा व उत्साह के साथ भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।



# मजदूर पाठशाला में श्रमिक अधिकारों पर मंथन, कई अहम मांगें उठीं

**बिलारी।** क्षेत्र के मोहल्ला कोरियन में वेलेंटाइन डे के अवसर पर आयोजित मजदूर पाठशाला की बैठक में श्रमिक अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ह्यूमन राइट डिफेंडर कपिलराज ने की, जबकि आयोजन नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट और नागरिक एकता परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता मजदूर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरप्रसाद सैनी ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की समस्याओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से लगभग 30 करोड़ श्रमिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने मांग रखी कि असंगठित श्रमिकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु सरकार प्रति माह 5 हजार रुपये की श्रमिक निधि लागू करे। अध्यक्ष कपिलराज ने श्रम कानूनों का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि नए लेबर कोड लागू होने से कई पारंपरिक श्रमिक अधिकार कमजोर पड़े हैं। उन्होंने सरकार से पुराने 44 श्रम कानूनों को पुनः बहाल कर श्रमिक हितों को मजबूत करने की मांग की। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने मनरेगा योजना के प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए कहा कि मजदूरों को काम मांगने पर तत्काल रोजगार उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने श्रमिकों के लिए विशेष शिविर लगाकर ई-श्रम कार्ड बनवाने और अटल आवासीय विद्यालयों में मजदूरों के बच्चों के प्रवेश की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने युवतियों और किशोरियों की सुरक्षा को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया।

बैठक में पुष्कर सिंह, सचिन, मो. बिन, डॉ. सुभाष, मनोज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वक्ताओं ने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं-बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शनिवार को मिशन शक्ति टीम में अन्तर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न



नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा बालिकाओं व महिलाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल-पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में प्रतिभाशाली भैया-बहनों को किया गया सम्मानित

**चन्दौसी।** जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, हनुमान गढ़ी में आयोजित वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक एवं शारीरिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने वाले भैया-बहनों को प्रार्थना सत्र के दौरान सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि समाजसेवी डॉ. टी.एस. पाल, प्रबंधक सुनील कुमार, संरक्षक सदस्य शिवम यादव, सदस्य राजश्री अग्रवाल, प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह एवं प्रभारी सुरेशचंद्र यादव ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर डॉ. टी.एस. पाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की झिझक दूर कर उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं और हौसलों से ही सफलता की उड़ान संभव होती है।

उन्होंने वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में आचार्य बंधुओं एवं आचार्या बहनों के योगदान की सराहना की तथा कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए छात्राओं को बधाई दी। पुरस्कार प्राप्त कर सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित दिखाई दिए। कार्यक्रम का संचालन आचार्य जगपाल शर्मा ने किया तथा समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस दौरान मुक.



ेश शर्मा, शिवा उपाध्याय, ममता, महेंद्र पाल, रितु अग्रवाल, विजय किशोर, पारुल, कविता रानी, प्रेम नारायण, मेघल गुप्ता, बलवीर, रिमझिम, दिव्या, वैशाली, सत्येंद्र यादव, सतपाल, राजेंद्र शर्मा, आराधना सहित समस्त आचार्य बंधु एवं आचार्या बहनें उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### कायाकल्प की टीम ने किया सीएचसी का एसेसमेंट



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी में कायाकल्प एसेसमेंट की दो सदस्यीय टीम के डीपीएम रामपुर अंकित शर्मा, डॉ गंगाशरण चिकित्सा अधिकारी बरेली द्वारा एसेसमेंट किया गया। टीम द्वारा महिला अस्पताल में एसएनसीयू, लेबर रूम, एवं पूरे अस्पताल का निरीक्षण किया। साफ सफाई व्यवस्था, लैब आदि का निरीक्षण किया गया जिसमें सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुसार पाई गईं। स्टाफ से बायो मेडिकल वेस्ट आदि को लेकर कुछ प्रश्न उत्तर किए गए इसमें स्टाफ द्वारा टीम को संतोषजनक उत्तर दिए।

टीम को सभी व्यवस्थाएं अपने मानक के अनुसार पाई गईं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजपाल सिंह एवं डॉक्टर श्वेतांबरी त्यागी द्वारा कराया गया। निरीक्षण टीम के साथ ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, बीसीपीएम मनीष कुमार, धनंजय कठेत, एआर विकेश कुमार, सानू कुमार आदि रहे।

### शिवरात्रि पर बिलारी किया रूट डायवर्जन अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**बिलारी।** महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में बढ़ती भीड़ और कांवड़ियों के निरंतर आवागमन को देखते हुए बिलारी पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शनिवार को पुलिस अधिकारियों ने नगर और आसपास के प्रमुख मार्गों का निरीक्षण कर ट्रैफिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शिवरात्रि के चलते हरिद्वार व ब्रजघाट से जल लेकर लौट रहे कांवड़ियों के जत्थों का लगातार आगमन जारी है। इसे देखते हुए संवे. दनशील और भीड़भाड़ वाले मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। कई स्थानों पर अस्थायी बैरिकेडिंग लगाई गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित कर रूट डायवर्जन लागू किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार और प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने ट्रैफिक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता बरतने, भीड़ नियंत्रण बनाए रखने और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उप निरीक्षक अरुण कुमार सहित संबंधित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित रूट का पालन करें और ट्रैफिक नियमों का पालन कर प्रशासन का सहयोग करें।

### कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने किया कांवड़ियों का स्वागत

**मुरादाबाद।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह ने क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के साथ थाना डिलारी क्षेत्र के कस्बा डिलारी में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु कांवड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की ओर से कांवड़ियों को सूक्ष्म जलपान वितरित किया गया तथा उन पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था का प्रतीक है और श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मार्गों पर यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा सहित थाना डिलारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। पुलिस प्रशासन की इस पहल की श्रद्धालुओं ने सराहना की। पूरे क्षेत्र में "हर-हर महाद. व" के जयघोष के साथ यात्रा शांतिपूर्ण उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न होती रही।



# पुलिस प्रशासन ने कावड़ श्रद्धालुओं का डिलारी में पुष्प वर्षा किया स्वागत




**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**डिलारी।** कावड़ लेकर आ रहे कावड़ श्रद्धालुओं को डिलारी में आज शिव मंदिर पर लगे कैंप पर पुलिस प्रशासन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया साथ ही फल देकर जलपान कराया।

क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार थाना क्षेत्र में पैदल गस्त की गई, इस दौरान अधिकारियों ने कावड़ लेकर आ रहे कावड़ श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया और उन्हें जलपान व फल वितरित किए इस पहल से कांवड़ियों में उत्साह देखा गया और उन्होंने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दे ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे। जिसमें कुंवर आकाश सिंह एसपी ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा, कृष्ण कुमार भगेला थाना प्रभारी डिलारी, एवं थाना डिलारी के समस्त पुलिस स्टाफ ने कावड़ श्रद्धालु का पुष्प वर्षा कर फल वितरित कर जलपान कराया पुलिस के इस सरहानिये पहल से क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण



**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के दिशा-निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बहजोई व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार व सृष्टि ने छात्राओं को फ्रंट किक, बेसिक किक, फेस पंच आदि की ट्रेनिंग दी। सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं मार्शल आर्ट सीखने में अत्यधिक रुचि ले रही हैं तथा काफी संख्या में उपस्थित हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाईस्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति, मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं- महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं-बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# देहली चिल्ड्रन एकेडमी में छात्र- छात्राओं का विदाई समारोह



**कांठ( शाह टाइम्स )** देहली चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में कक्षा 7 के छात्राओं द्वारा कक्षा 8 के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत नृत्य तथा कुछ खेलों जैसे लेमन रेस, रैंप वॉक, पिक थिंग्स अकॉर्डिंग म्यूजिक, तथा अरेंज द कप्स आदि का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मिस फेयरवेल अल्फिया और मिस्टर फेयरवेल रिहान रहे। विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने अनुभव और यादें साझा की। प्रधानाचार्य हिना अली, उप प्रधानाचार्य शोभित बिश्नोई, तथा स्कूल चेयरमैन जितेंद्र बिश्नोई ने सभी छात्राओं की सराहना की और उन्हें उनके स्वर्णिम भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ क्षेत्र, कांवड़ियों की सेवा में लगे श्रद्धालु व सामाजिक संगठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को लेकर क्षेत्र में पूरी तरह भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। 15 फरवरी 2026 को होने वाली महा. शिवरात्रि के अवसर पर शिवभक्तों में विशेष उत्साह है। श्रद्धालु गंगा घाटों से पवित्र गंगाजल लेने के लिए कांवड़ लेकर रवाना हुए, जबकि अनेक कांवडिघ्ये शनिवार देर शाम एवं रात्रि में कांवड़ लेकर नगर वापस लौटे। पूरे दिन सड़कों और हाईवे पर कांवडिघ्यों की आवाजाही बनी रही और 'हर-हर महादेव' व 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया। शिवभक्तों द्वारा आकर्षक कांवड़ तैयार की गईं, जिनमें कहीं भगवान शिव की प्रतिमा तो कहीं महाकाल का स्वरूप कंधों पर विरा. जमान दिखाई दिया। कई कांवडिघ्ये डीजे की धुन पर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे, तो कई भक्त भजन-कीर्तन और जयघोष करते हुए अपनी यात्रा पूरी कर रहे थे। कांवडियों की सेवा और सुविधा के लिए नगर सहित



बबराला, भकरौली, धनारी और बहजोई मार्ग पर सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर जलपान, विश्राम और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई। कांवडिघ्यों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा विश्रामालयों में ठहरने की भी उचित व्यवस्था की गई। मंझावली शुगर मिल के पास स्थित मंदिर पर कई वर्षों से अग्रवाल परिवार और गोयल परिवार द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी शनिवार को भंडारे में बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में ओमप्रकाश अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, चिराग अग्रवाल और दक्ष अग्रवाल सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सेवा भाव से सहयोग किया।

इसके अतिरिक्त मंझावली से दूर स्थित मंदिर पर श्रीराधा रानी सेवा समिति द्वारा देर रात्रि से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सेवादारों ने 24 घंटे से अधिक समय तक कांवडियों की सेवा की। सेवा करने वालों में रुपल वार्ष्णेय, अजय वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, श्वेता वार्ष्णेय, आशीष अग्रवाल, राहुल चौधरी, हर्ष वार्ष्णेय, दिव्यांशु वार्ष्णेय, आलोक शर्मा, आयुष वार्ष्णेय और अंकित कुमार आदि शामिल रहे। वहीं मौलागढ़ के ग्राम प्रधान विजय सिंह उर्फ भूरा ने अपने साथियों लल्ला और प्रदीप वार्ष्णेय के साथ मंझावली मिल के पास स्टॉल लगाकर कांवडिघ्यों को जलपान कराया। इधर टनाटन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगभग दो कुंतल वजन की विशाल. काय कांवड़ लाकर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया गया। महाशिवरात्रि के दिन शिवभक्त शिवालयों में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं शांति की कामना करेंगे। मंदिरों में विशेष सजावट और पूजा-अर्चना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करोड़ों की हेरोइन बरामद

■ प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ संयुक्त अभियान में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट करोड़ों रुपये की हेरोइन बरामद की है। यह नशीला पदार्थ जम्मू के रणबीर सिंह पुरा (आरएस पुरा) सेक्टर में ड्रोन के माध्यम से गिराए जाने की आशंका है।

आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए जम्मू पुलिस और बीएसएफ ने जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास लगभग 40 करोड़ रुपये मूल्य की बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि यह खेप ड्रोन के जरिए गिराई गई थी। बीएसएफ से अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध ड्रोन गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस और बीएसएफ ने शुक्रवार देर रात को संयुक्त रूप से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट आरएस पुरा सेक्टर के बासपुर क्षेत्र के नई बस्ती करोटाना में चलाया गया। शनिवार सुबह तलाशी के दौरान नई बस्ती करोताना स्थित गेहूं के खेत से पीले रंग के दो पैकेट बरामद किए गए। बरामद सामग्री के पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय क्षेत्र में गिराए जाने की आशंका है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक पैकेट में हेरोइन जैसा मादक पदार्थ पाया गया है।

# अमेरिका ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

## वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना हुआ



■ ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं: ईरानी विदेश मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रायटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं। जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिका का यूएस जेराल्ड आर. फोर्ड दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है। पिछले साल जून में ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमलों के समय भी अमेरिका के पास क्षेत्र में दो कैरियर थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस हफ्ते कहा था कि अगर ईरान के साथ कोई समझौता नहीं हुआ तो वे दूसरा कैरियर भेजने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले एक महीने में ईरान के साथ समझौता हो सकता है, नहीं तो स्थिति बहुत गंभीर और दर्दनाक हो सकती है। जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हार्नेट फाइटर जेट और ई-2 हाकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता। ट्रम्प ने फरवरी की शुरुआत में एक अलग इंटरव्यू में कहा था कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बात. चीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि 'ईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

### यूरेनियम संवर्धन समझौते का मुद्दा नहीं: ईरान

**ईरान** को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। अराघची ने साफ कहा था कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। अमेरिकी जंगी जहाज यूएसै अब्राहम लिंकन अरब सागर में ईरान पहुंच चुका है। ईरान के कई शहर इसकी स्ट्राइक रेंज में हैं।

# भारत से रिश्तों में बांग्लादेश का हित जरूरी: तारिक रहमान

## बीएनपी अध्यक्ष ने कहा: आज से सभी आजाद, लोगों ने मुश्किलें उठाकर लोकतंत्र का रास्ता बनाया



■ भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे

**ढाका।** बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। बीएनपी अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी बुरी ताकत को दोबारा तानाशाह बनने से रोकने और देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट रहना होगा और जनता की इच्छा का सम्मान करना होगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 51 राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। रिजल्ट चाहे जो भी रहे हों, सभी पार्टियों को बधाई। तारिक ने कहा कि लोकतांत्रिक सिस्टम में राजनीतिक दल ही लोकतंत्र की असली ताकत होते हैं। अगर सरकार और विपक्ष दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएं, तो देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। आखिर में उन्होंने चुनाव में हिस्सा लेने वाले सभी राजनीतिक दलों से राष्ट्र निर्माण की प्रोसेस हिस्सा लेने और सुझाव देने की अपील की। बांग्लादेश में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बीएनपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल की। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को 77 सीटें मिलीं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं। चुनाव परिणाम के बाद तारिक रहमान ने शुक्रवार को मस्जिद में नमाज अदा की और अपने माता-पिता को श्रद्धांजलि दी। तारिक रहमान पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे हैं। उन्होंने 1988 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जाइन की। 2001 के चुनाव में संगठनात्मक काम से उन्हें पहचान मिली, लेकिन 2006 के बाद उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे और 2007 में उन्हें गिरफ्तार किया गया। 2008 में इलाज के लिए वे लंदन चले गए और करीब 17 साल तक देश से बाहर रहे। इस दौरान वे पार्टी के सीनियर उपाध्यक्ष और बाद में कार्यकारी अध्यक्ष बने। उन पर कई मामले दर्ज हुए, लेकिन बाद में अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया। पिछले साल वे बांग्लादेश लौटे और मां के निधन के बाद पार्टी की कमान संभाली। हालिया चुनाव में बीएनपी की जीत के बाद तारिक रहमान अब देश के प्रधानमंत्री पद के प्रमुख दावेदार बन गए हैं।

### पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत

**ढाका।** बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए। इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं। ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे।

### बांग्लादेश में देशी बम बनाने के दौरान धमाका, 2 मरे

**ढाका।** बांग्लादेश के चापाइनवाबगंज जिले में शनिवार सुबह करीब 5 बजे देशी बम बनाते समय विस्फोट हो गया। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। घटना चर बगडांगा यूनियन के पाथापाड़ा गांव की है। सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी नुरे आलम ने बताया कि घर के अंदर कथित तौर पर देशी बम तैयार किए जा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज धमाका हुआ। मृतकों की पहचान तत्काल नहीं हो सकी है। घायलों की पहचान पाथापाड़ा गांव के मिनहाज (52) और बाजलुर रहमान (20), तथा रानीहाटी के धूमी गांव निवासी मोहम्मद शुवो (20) के रूप में हुई है। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि मकान की ईंटों की दीवारें ढह गईं और टिन की छत उड़कर दूर जा गिरी। आसपास के इलाके में भी अफरातफरी मच गई। पुलिस ने क्षेत्र को घेरकर जांच शुरू कर दी है। यह पता लगाया जा रहा है कि विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से तैयार की जा रही थी।

# ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात होगी: ट्रम्प

■ ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान में सत्ता परिवर्तन 'सबसे अच्छी बात होगी जो हो सकती है'। जो देश के धार्मिक नेतृत्व को हटाने के समर्थन में उनके अब तक के सबसे स्पष्ट बयानों में से एक को दर्शाता है।

ट्रम्प ने ये टिप्पणियां उत्तरी कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मुलाकात के तुरंत बाद कीं और इससे पहले दिन में उन्होंने पुष्टि की थी कि वह मध्य पूर्व में दूसरा विमानवाहक पोत समूह तैनात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने चेतावनी दी कि ईरान के साथ परमाणु समझौता न होने पर 'बेहद भयावह' परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने अतीत के सैन्य हमलों और संभावित परिणामों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि ईरान के साथ हमें समझौता करना ही होगा, अन्यथा यह बेहद-बेहद भयावह होगा। उन्हें पहली बार में ही समझौता कर लेना चाहिए था लेकिन उन्हें इसके बजाय 'मिडनाइट हैमर' मिला। उन्होंने दशकों की कूटनीति की आलोचना करते हुए कहा कि पिछले 47 वर्षों से वे सिर्फ बातें करते रहे हैं। इस बीच हमने बहुत सी जानें गंवाई हैं-पैर, हाथ, चेहरे सब उड़ गए। यह संघर्ष बहुत लंबा चल रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि वे पश्चिम एशिया में दूसरा विमानवाहक पोत भेज रहे हैं और कहा कि अगर इस्लामिक गणराज्य के साथ हमारा कोई समझौता नहीं होता। जब उनसे पूछा गया कि ईरान का नेतृत्व कौन संभालेगा, तो उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं लेकिन कोई विशिष्ट जानकारी नहीं दी।ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ उनकी मुलाकात के बाद कोई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग नहीं हुई, मुलाकात का एकमात्र रिकॉर्ड ओवल ऑफिस में हाथ मिलाना था, जिसे इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वितरित किया गया। सोशल मीडिया ट्रुथ पर ट्रम्प के बयान में निरंतर वार्ता की उनकी इच्छा पर जोर दिया गया, जो प्रधानमंत्री नेतन्याहू के परमाणु समझौते के विरोध और ईरान के खिलाफ सैन्य विकल्पों पर चर्चा करने में उनकी कथित रुचि के विपरीत था। ट्रम्प ने अपनी विदेश नीति के रिकॉर्ड का भी बखान किया, यह दावा करते हुए कि उन्होंने कहा कि 10 महीनों में आठ युद्ध समाप्त किए और रूस-यूक्रेन संघर्ष को 'सबसे कठिन' बताया।



श्रीनगर। शालीमार परिसर में एसकेयूएएसटी-के द्वारा आयोजित कृषि-तकनीक मेले 'गोंगुल' में एक उद्यमी पिरामिड के आकार के स्टॉल में कश्मीरी सेबों को सजाते हुए।

### रूस के साथ रिश्ते टूटने की वजह से फिनलैंड मुश्किल में है: कुजनेत्सोव

**हेलेंस्की।** फिनलैंड में रूस के राजदूत पावेल कुजनेत्सोव ने कहा है कि रूस के साथ संबंध टूटने के कारण फिनलैंड संकट का सामना कर रहा है। देश में रिकॉर्ड बेरोजगारी, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में शून्य वृद्धि, तेजी से बढ़ता राज्य ऋण और बजट घाटा बहुत ज्यादा है। कुजनेत्सोव ने कहा कि फिनलैंड अपने आधुनिक इतिहास के सबसे कठिन दौर में से एक से गुजर रहा है।

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया: ट्रम्प

## रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा: एक दिन सब पता चलेगा



■ अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नार्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा।

हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इन्कार किया। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयार्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। अमेरिकी जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बाम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफार्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलीकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए। गार्ड ने आगे दावा किया कि ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक सीक्रेट इक्विपमेंट का इस्तेमाल किया। यह किसी बहुत तेज आवाज या तरंग (साउंड वेब) जैसा था। इसके तुरंत बाद उसे ऐसा महसूस हुआ जैसे उसका सिर अंदर से फट रहा हो। कई सैनिकों की नाक से खून बहने लगा और कुछ को खून की उल्टियां हुईं। सभी सैनिक जमीन पर गिर पड़े और कोई भी खड़ा होने की हालत में नहीं था।

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं: फ्रेडरिक मर्ज

## जर्मन चांसलर मर्ज बोले: अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म



■ दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है, सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे

**म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कान्फ्रेंस (एमएससी) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे। फेडरिक मर्ज ने जर्मनी के म्यूनिख में 13 से 15 फरवरी तक हो रहे म्यूनिख सिक्योरिटी कान्फ्रेंस को संबोधित किया। मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है। मर्ज ने साफ किया कि नाटो सिर्फ यूरोप के लिए नहीं, बल्कि अमेरिका के लिए भी फायदेमंद है। यह गठबंधन दोनों पक्षों को मजबूत बनाता है। इसलिए उन्होंने कहा कि आइए, हम मिलकर ट्रांस-अटलांटिक भरोसे को फिर से मजबूत करें। मर्ज के मुताबिक, यूरोप नाटो के भीतर ही एक मजबूत ताकत बनने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, ताकि साझेदारी बराबरी की हो। मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मेगा आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।

### अमेरिका में विमान हादसे में चार की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोलोराडो के एमराल्ड पहाड़ी के एक दूर-दराज के इलाके के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके कारण चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अखबार स्काई-हाई न्यूज ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में राउट काउंटी शेरिफ डग शेरार के हवाले से कहा गया कि यह हादसा गुरुवार रात को हुआ। मरने वालों के शव उसी रात बरामद कर लिए गए और अब उनकी पहचान की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त विमान एपिक विमान ई1000 था और यह हादसा आधी रात के करीब हुआ। इसके उघन सारणी का पता नहीं चल पाया है। हालांकि, रिपोर्ट में बताया गया है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान स्टीमबोट स्प्रिंग्स शहर में बॉब एडम्स हवाई अड्डा के पास उड़ रहा था।

# अमेरिका में लापता भारतीय छात्र की तलाश के लिए अभियान तेज

■ स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है

**बेंगलुरु।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने कर्नाटक निवासी 22 वर्षीय विद्यार्थी साकेत श्रीनिवासैया के लापता होने पर गहरी चिंता जताई है। दूतावास ने कहा है कि वह स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले भारतीय विद्यार्थी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में है और उसे ढूंढने में अमेरिका के अधिकारियों की मदद कर रहा है।

श्रीनिवासैया भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के पूर्व छात्र है और अमेरिका बर्कले में रासायनिक एवं जैवआणविक इंजीनियरिंग से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, वह मंगलवार से लापता हैं। आखिरी बार उन्हें बर्कले में ड्वाइट वे के 1700 ब्लॉक के पास देखा गया था। बर्कले पुलिस विभाग ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है और लोगों से उनके बारे में कोई भी जानकारी देने की अपील की है। ईस्ट बे रीजनल पार्क डिस्ट्रिक्ट की मदद से लेक अंजा और बर्कले हिल्स के आस-पास के इलाकों में तलाश की कोशिशें की जा रही हैं। सामुदायिक और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, श्रीनिवासैया का बैकपैक (जिसमें उनका पासपोर्ट और लैपटॉप था) टिल्डेन रीजनल पार्क के पास एक घर के पास मिला, जिससे तलाश अभियान और तेज हो गई है।



# प्यार, सस्पेंस और एक्शन का संगम है ओ रोमियो

**मुंबई।** अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज और शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर दर्शकों को एक गंभीर, भावनात्मक और रहस्यमय सफर पर ले जाती है। आज ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 59 मिनट है। फिल्म की कहानी 1995 के मुंबई में सेट है, जहां अपराध और सत्ता का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। शाहिद कपूर उस्तरा नाम के एक खतरनाक सुपारी किलर बने हैं, जो समुद्र किनारे एक पुराने जहाज में रहता है। वह अपराधियों को मारता है, लेकिन उसके अपने नियम हैं। इंस्पेक्टर खान यानि नाना पाटेकर के साथ उसका रिश्ता भी सीधा नहीं है, बल्कि जरूरत और मजबूरी से जुड़ा हुआ है। उसकी असली वजह फिल्म के पहले हिस्से में पूरी तरह सामने नहीं आती। यहीं से कहानी में सस्पेंस पैदा होता है। उस्तरा और अफशां के बीच एक अजीब सा रिश्ता बनता है, जिसमें भरोसा भी है और शक भी। फिल्म का दूसरा हिस्सा इसी रिश्ते के असली मायने खोलता है। अफशां का मकसद, उस्तरा की कमजोरी और दोनों का अतीत जब सामने आता है, तब कहानी पूरी तरह रंग पकड़ती है। यही सस्पेंस फिल्म को साधारण गैंगस्टर कहानी बनने से रोकता है।

**एक्टिंग**- शाहिद कपूर ने उस्तरा के किरदार को बेहद असरदार तरीके से निभाया है। उनके चेहरे की खामोशी, आंखों का गुस्सा और एक्शन सीन में उनकी आक्रामकता किरदार को मजबूत बनाती है। कई दृश्य ऐसे हैं जहां शाहिद बिना बोले ही भावनाएं जाहिर कर देते हैं। यह उनके करियर के बेहतरीन अभिनय में से एक माना जा सकता है। तृप्ति डिमरी अफशां के किरदार में चौंकाती हैं। पहले हिस्से में वह शांत और संयमित नजर आती हैं, लेकिन दूसरे हिस्से में जब उनके किरदार की परतें खुलती हैं, तब उनका आत्मविश्वास और आक्रोश साफ दिखाई देता है। शाहिद और तृप्ति के बीच की केमिस्ट्री बनावटी नहीं लगती और कहानी को आगे बढ़ाती है।

विशाल भारद्वाज कहानी को जल्दबाजी में नहीं दौड़ाते। पहला हिस्सा जानबूझकर धीमा रखा गया है ताकि किरदारों की परतें तैयार हो सकें। यही तैयारी दूसरे हिस्से में काम आती है। जब कहानी अपने मोड़ लेती है, तब दर्शक भावनात्मक रूप से पहले से जुड़ा होता है। छायांकन मुंबई के उस दौर को जीवंत करता है। अंधेरे रंग, समुद्र का किनारा और तंग गलियां कहानी के मूड को मजबूत करती हैं। संपादन संतुलित है और पटकथा में भावनाओं, सस्पेंस और हिंसा के बीच तालमेल बना रहता है। संवाद कम हैं, लेकिन असरदार हैं। शाहिद कपूर का सधा हुआ और दमदार अभिनय दिखा है। शाहिद और तृप्ति के किरदारों के बीच छुपा सस्पेंस दूसरे हिस्से की कहानी में खुलता है। संगीत और संवादों के बीच का संतुलन अच्छा है। फिल्म का पहला हिस्सा कुछ दर्शकों को धीमा लग सकता है, कुछ गैंगस्टर किरदार ज्यादा विस्तार मांगते हैं।

**फिल्म का संगीत**- फिल्म का संगीत कहानी के साथ बहता है। विशाल भारद्वाज का संगीत और गुलजार के बोल गानों को फिल्म का हिस्सा बनाते हैं, न कि अलग से जोड़ा गया तत्व। रोमांटिक गीतों में सादगी है और नृत्य गीतों में ऊर्जा। पृष्ठभूमि संगीत कई अहम दृश्यों में तनाव और भावनाओं को गहराता है।

**फाइनल वर्डिक्ट**- ओ रोमियो ऐसी फिल्म है जो धैर्य मांगती है और उसका इनाम भी देती है। अगर आप केवल तेज रफ्तार की उम्मीद लेकर जाएंगे, तो पहला हिस्सा भारी लग सकता है, लेकिन अगर कहानी और किरदारों में रुचि रखते हैं, तो दूसरा हिस्सा आपको बांध लेगा। शाहिद कपूर फिल्म को मजबूती से संभालते हैं और तृप्ति डिमरी उनके साथ बराबरी का असर छोड़ती हैं। विशाल भारद्वाज की कहानी कहने की शैली इस फिल्म को खास बनाती है।

**अंडरवर्ल्ड पर बनी फिल्मों की कमी नहीं है, लेकिन कुछ कहानियां ऐसी होती हैं जो शोर नहीं मचाती, बल्कि धीरे धीरे अपनी पकड़ बनाती हैं। ओ रोमियो भी वैसी ही फिल्म है। यह एक ऐसी कहानी है जो पहले आपको किरदारों के करीब लाती है और फिर दूसरे हिस्से में उनके बीच छिपे राज खोलती है। विशाल भारद्वाज व शाहिद कपूर की जोड़ी एक बार फिर धमाल मचाएगी।**

# कृतिका और गौरव ने शादी के लिए चुना सादगी भरा जश्न

**मुंबई।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण



तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नही, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी कभी भी बड़े स्तर का प्रदर्शन नही थी, बल्कि उसका महत्व ज़डादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर घेर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।




# नमित मल्होत्रा ने बताई रामायण बनाने की वजह

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नमित मल्होत्रा ने फिल्म रामायण बनाने की वजह बताई है। नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण भारतीय सिनेमा में अब तक की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके टाइटल-रिवील वीडियो के साथ, दर्शकों को इसकी भव्य दुनिया की एक झलक दिखाई गई, जिसमें पावरफुल म्यूजिक और एक शानदार स्टार कास्ट नज़र आई, जो भारत के सांस्कृतिक इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक को बड़े पर्दे पर पहले कभी न देखे गए अंदाज़ में लाने के लिए साथ आए हैं।जैसे-जैसे इस सिनेमैटिक स्पेक्टेकल को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, नमित मल्होत्रा ने हाल ही में रामायण के युग को फिर से रचने के अपने विजन और उस स्केल के बारे में बात की जिस पर फिल्म को बनाया जा रहा है। नमित मल्होत्रा ने बताया, यहां मौजूद हर किसी के लिए, रामायण हमारी संस्कृति, हमारी कहानियों और हमारे इतिहास की बुनियाद है। मैंने हॉलीवुड में अपनी जगह बनाने की कोशिश में करीब दो दशक बिताए हैं। फाइनेंस, टेक्नोलॉजी या मेडिसिन जैसे दूसरे अमेरिकी सेक्टरों के उलट, जहां भारतीयों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है, हॉलीवुड में हमारी कोई खास पहचान नही थी। हमारी इंडस्ट्री, हमारे इतिहास या हमारी संस्कृति को वहां उतनी अहमियत नहीं दी जाती थी। उस सफर के दौरान, मुझे यह सोचकर चिढ़ होती थी कि हमें अक्सर एक उभरते हुए देश के नजरिए से देखा जाता है।






# सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान स्टारर फिल्म बैटल ऑफ गलवान का गाना मैं हूं रिलीज़ हो गया है। मातृभूमि को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, जिसने सभी प्लेटफॉर्म्स पर 50 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है, अब सलमान खान फिल्म्स ने बैटल ऑफ गलवान से सबसे ज्यादा इंतेज़ार किया जाने वाला वैलेंटाइन स्पेशल रोमांटिक ट्रैक मैं हूं पेश किया है। सलमान खान और चित्रांगदा सिह पर फिल्माया गया यह पूरा गाना अब रिलीज हो चुका है और यह फिल्म की भावनाओं को खूबसूरती से समेटे हुए है। सोशल मीडिया हैंडल पर गाना शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मैं हूं एक रिश्ते के भीतर के प्यार को बखूबी दर्शाता है, जिसमें परिवार के साथ बिताए हंसी-खुशी के पलों से लेकर अकेलेपन और खामोश इंतज़ार तक का सफर दिखाया गया है। यह गाना एक फौजी के परिवार की जिदगी के उतार-चढ़ाव को बड़ी कोमलता से पेश करता है।घर पर बिताए खुशनुमा दिनों की गर्माहट और फिर ड्यूटी की पुकार पर होने वाली जुदाई का वो मीठा सा दर्द। यह इमा. शनल बदलाव कहानी में इस तरह पिरोया गया है कि गाना दिल को छू लेने वाला और बेहद मार्मिक बन जाता है। अयान लाल, जो इस फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर और कंपोजर भी हैं, उन्होंने एक ऐसी सुकून देने वाली धुन दी है जो गाना खत्म होने के बाद भी ज़हन में बनी रहती है। श्रेया घोषाल और अयान लाल की आवाज़ ने इस ट्रैक की भावनाओं को और भी गहरा बना दिया है। वही, अयान लाल और शब्बीर अहमद के लिखे बोल बहुत ही सटीक और दिल को छू लेने वाले हैं, जो एक फौजी के पीछे खड़े उसके परिवार की कुर्बानियों और उनकी खामोश ताकत को बयां करते हैं।

# रागिनी 3 में तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आएगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म रागिनी 3 का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे।

रागिनी 3 एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊंचाइयों तक पहुंच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है।

यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनाभी है, जिन्होंने पहले वीरे दी वेडिग और फेडी जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में रागिनी 3 के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है।

तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थी। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नही होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है।

एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही रागि. नी 3 पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नही दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।